आज का तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	26°C	9°C

इनसाइड न्यूज

पीसीएस प्री परीक्षा आज: सभी 75 जिलों के 1331 केंद्रों में होगी परीक्षा

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

रविवार 22 दिसंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 71 | www.janexpresslive.com/epaper

भारतीय पीएम को कुवैत आने में 4 दशक... 12

रूस के कजान में 9/11 जैसा अटैक

यूक्रेन ने 8 ड्रोन दागे, 6 रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया, कजान एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें रोकी गईं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को

रूस के कजान शहर में शनिवार सुबह अमेरिका के 9/11 जैसा हमला हुआ। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यूक्रेन ने कजान पर 8 ड्रोन अटैक किए। इनमें से 6 अटैक रिहायशी इमारतों पर हुए। कजान शहर रूस की राजधानी मॉस्को से 720 किलोमीटर दूर है। अभी तक हमले में किसी के मारे जाने की खबर नहीं है। सोशल मीडिया पर हमले के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें कई ड्रोन इमारतों से टकराते नजर आ रहे हैं। इन हमलों के बाद कजान समेत रूस के दो एयरपोर्ट्स को बंद कर दिया गया है। अमेरिका में 2001 में आतंकियों ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर इसी तरह से 4 प्लेन हाईजैक कर हमला किया था। इनमें से 3 प्लेन एक-एक कर अमेरिका की 3 अहम इमारतों में क्रैश कराए गए। पहला क्रैश 8 बजकर 45 मिनट पर हुआ। बोइंग 767 तेज रफ्तार से वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के नॉर्थ टॉवर से जा टकराया। 18 मिनट बाद एक दूसरा बोइंग 767 बिल्डिंग के साउथ टॉवर से जा टकराया था। इन हमलों में लगभग 3000 लोग मारे गए थे।

रूस का आर्थिक पावर हाउस है कजान शहर

बीते अक्तूबर में ही कजान शहर ब्रिक्स सम्मेलन के चलते दुनिया भर में चर्चा में रहा था। रूस ने कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया था। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उस ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। कजान का रूस के इतिहास में अहम स्थान है और ये शहर रूस के उद्योग, संस्कृति और धर्म का प्रमुख केंद्र है। इसे रूस की तीसरी राजधानी या खेल राजधानी भी कहा जाता है। रूस, कजान में कई अंतरराष्ट्रीय खेल कार्यक्रमों की मेजबानी कर चुका है। आर्थिक रूप से कजान एक पावरहाउस है। यह शहर रूस के प्रमुख ट्रक निर्माता कामाज का घर है और यात्री हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर के उत्पादन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कजान के इंजीनियरिंग, कपड़ा और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग काफी समृद्ध हैं।

यूक्रेन पर लगे ड्रोन हमले के आरोप

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ये हमले यूक्रेन की तरफ से किए गए हैं। ड्रोन्स हमलों के बाद कजान एयरपोर्ट पर हवाई सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। कजान शहर रूस की राजधानी मॉस्को से करीब 800 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। कजान की छह रिहायशी इमारतों पर ये ड्रोन हमले हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कजान शहर यूक्रेन की सीमा से करीब 900 किलोमीटर पूर्व में स्थित है और पूर्व में भी यूक्रेन की तरफ से कजान में ड्रोन हमले किए गए हैं। रूसी रक्षा मंत्री ने दावा किया है कि उनके बलों ने 12 यूक्रेनी ड्रोन्स को तबाह किया है। यूक्रेनी मीडिया का दावा है कि बीती रात रूस के रोस्तोव में भी दो तेल डिपो में आग लगने की घटना हुई। यह आग भी कथित यूक्रेनी ड्रोन हमले के चलते लगी।

शुक्रवार को यूक्रेन ने कुर्स्क तो रूस ने कीव पर किया था हमला

इससे पहले शुक्रवार को यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क बॉर्डर पर अमेरिकी मिसाइलें दागीं थीं। इसमें 6 लोग मारे गए थे। इसके तुरंत बाद रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर हमला किया, जिसमें एक की मौत हुई। यूरोपियन यूनियन की चीफ उर्सुला वॉन डेर लेयन के मुताबिक रूस ने कीव में जिस इमारत को निशाना बनाया था, वहां से कई देशों के डिप्लोमेटिक मिशन ऑपरेट होते थे। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा है कि वे जंग खत्म करने पर पुतिन से बात करेंगे।

यूक्रेन पर रूस के न्यूक्लियर चीफ की हत्या के भी आरोप

4 दिन पहले ही रूस के न्यूक्लियर चीफ इगोर किरिलोव की मॉस्को में हुए एक ब्लास्ट में मौत हो गई थी। हमले के वक्त किरिलोव अपार्टमेंट से बाहर निकल रहे थे, उसी वक्त नजदीक खड़े स्कूटर में ब्लास्ट हो गया। इसमें किरिलोव के साथ-साथ उनका अस्टिटेंट भी मारा गया था। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने यूक्रेन के अधिकारियों के हवाले बताया था कि किरिलोव की हत्या यूक्रेन ने ही कराई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस एजेंसी (स्क्र) से जुड़े एक सूत्र ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। यूक्रेन सिक्योरिटी सर्विसेज का आरोप था कि किरिलोव की लीडरशिप में रूस ने लगभग 5,000 बार रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल किया था। इनमें 700 से ज्यादा बार इनका इस्तेमाल इस साल मई में ही हुआ था।

पुतिन ने दो दिन पहले ही कहा था जंग रोकने को तैयार है

दो दिन पहले ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा था कि वे यूक्रेन जंग को रोकने के लिए तैयार हैं। इसके लिए वे ट्रम्प से बातचीत करने को तैयार हैं। पुतिन ने कहा कि उनके बीच चार साल से भी ज्यादा वक्त से कोई बातचीत नहीं हुई है, लेकिन अगर ट्रम्प चाहें तो वे उनसे मिलने को तैयार हैं।

रूस पर 4 महीने में दूसरी बार 9/11 जैसा हमला

रूस पर 4 महीने पहले भी 9/11 जैसा हमला हुआ था। यूक्रेन ने रूस के सारातोव शहर में 38 मंजिला रिहायशी इमारत वोल्गा स्काई को निशाना बनाया था। इस शहर में रूस का स्ट्रैटजिक बॉम्बर मिलिट्री बेस भी है। हमले में 4 लोग घायल हुए थे। जिसके बाद रूस ने पलटवार करते हुए यूक्रेन पर 100 मिसाइल और 100 ड्रोन दागे थे। इनमें 6 लोगों की मौत हुई थी और 150 से ज्यादा घायल हुए थे।

भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे प्रमुख सचिव पशुधन का एक और कारनामा

आवाज उठाने वाले आगरा के चिकित्साधिकारी को किया सस्पेंड

- जन एक्सप्रेस ने उठाया था मुद्दा, मनोज कुमार पर कार्रवाई का था अंदेशा

जन एक्सप्रेस फॉलोअप

संतोष कुमार दीक्षित

डेढ़ माह पहले योग्य नहीं माना, नियमों को अनदेखा कर बढ़ाया भ्रष्ट सीईओ का कार्यकाल

राज्य मुख्यालय। लखनऊ करोड़ों रुपये लेकर यूपीएलडीवी उत्तर प्रदेश लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड के भ्रष्ट मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. नीरज गुप्ता का कार्यकाल 6 माह बढ़ाए जाने के आरोपों से घिरे प्रमुख सचिव पशुधन के. रविन्द्र नायक का एक और कारनामा सामने आया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले आगरा के पशु चिकित्साधिकारी मनोज कुमार को सस्पेंड कर दिया है।

जिनके खिलाफ होनी चाहिए जांच, वही कर रहे कार्रवाई

हैरानी इस बात की है कि सीईओ की नियुक्ति से लेकर कार्यकाल बढ़ाए जाने तक के मामलों मे तत्कालीन व वर्तमान प्रमुख सचिव पशुधन पर धांधली कर सरकारी खजाने को करोड़ों रुपए का चूना लगाए जाने का आरोप है। इसके बावजूद इन इन अधकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके उलट जिन्होंने प्रमुख सचिव और सीईओ के काले कारनामा को मीडिया के सामने उजागर किया अब उन पर ही कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 20 दिसंबर को लेटर जारी कर आगरा के पशु चिकित्साधिकारी को सस्पेंड किया गया है।

न सीईओ पर कार्रवाई न प्रमुख सचिव पर

धांधली के तमाम सबूतों और शिकायतों के बावजूद यूपीएलडीवी के सीईओ डॉ. नीरज कुमार और प्रमुख सचिव पशुधन के. रविन्द्र नायक पर राज्य सरकार ने कार्रवाई नहीं की है। जबकि भ्रष्टाचार को लेकर तमाम कर्मचारियों ने लिखित शिकायत तक दी थी।

मंत्रीजी की भी नहीं सुनते प्रमुख सचिव

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने भ्रष्टाचार मामले में सीईओ डॉ. नीरज कुमार की जांच के आदेश दिए थे, लेकिन जांच समिति के हेड विशेष सचिव पशुधन देवेंद्र पांडेय ने जांच शुरू ही नहीं की। हैरानी की बात है कि एक मंत्री के आदेश को भी दरकिनार किया जाता है।

मनोज कुमार ने प्रमुख सचिव पर लगाए थे गंभीर आरोप

सस्पेंड आगरा के चिकित्साधिकारी मनोज कुमार ने 12 दिसंबर को लखनऊ में प्रेसवार्ता कर प्रमुख सचिव पशुधन पर और यूपीएलडीवी के सीईओ डॉ. नीरज गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाए थे। मामले को लेकर लखनऊ में एक थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

वेटेनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी आर-पार के मूढ़ में

सूत्रों के अनुसार आगरा के पशु चिकित्साधिकारी मनोज कुमार को सस्पेंड लिए जाने को लेकर वेटेनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों में आक्रोश है। सोसायटी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई किए जाने से नाराज है और मामले को लेकर आर-पार के मूढ़ में है। प्रदेशभर में आंदोलन तेज किए जाने की चर्चा है।

आप नेता सोमनाथ भारती कोर्ट में किए गए तलब, यूपी के अस्पतालों पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

यूपी के अस्पतालों के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती के खिलाफ दर्ज मुकदमे में कार्रवाई पर लगाई गई रोक सुप्रीम कोर्ट ने हटा ली है। शनिवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने पूर्व मंत्री पर आरोप तय करने के लिए तलब किया है। इस मामले में अगली सुनवाई आठ जनवरी 2025 को होगी। अमेठी जिले के जगदीशपुर के रामलीला मैदान में नौ जनवरी 2021 को यूपी के अस्पतालों के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती पर लगाया गया था। जगदीशपुर निवासी शोमनाथ साहू की तहरीर पर पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती के खिलाफ पुलिस ने 10 जनवरी 2021 को मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में वे जमानत पर रिहा हुए थे। सोमनाथ भारती की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमे की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने लगाई गई रोक हटा ली है। शनिवार को कोर्ट ने पूर्व मंत्री को तलब करने का आदेश देते हुए आरोप तय करने के लिए आठ जनवरी की तिथि नियत की है।

सब गोलमाल है... हिमालयन समिति का खेल प्राधिकरण से मुआवजा ले चेहतों को दिए प्लॉट

- एलडीए कर्मियों से सांठगांठ कर सरकार को लगाया करोड़ों का चूना
- हाईकोर्ट ने दिए आदेश, हिमालयन सहकारी आवास समिति की होगी जांच

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित

राज्य मुख्यालय। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जमीन घोटाले को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के कर्मचारियों से सांठगाठ करके तय सीमा से दोगुनी जमीन लेकर हिमालयन सहकारी आवास समिति लिमिटेड ने प्राधिकरण को करोड़ों रुपए का चूना लगाया है। मामले में हाई कोर्ट ने विजिलेंस को जांच के आदेश दिए हैं।

20 जनवरी को देनी है जांच रिपोर्ट

हाई कोर्ट ने निदेशक, विजिलेंस (स्थापना) को आदेश दिया है कि हिमालयन सहकारी आवास समिति लिमिटेड से जुड़े भूमि संबंधी मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जाए। उच्च न्यायालय ने अगले साल 20 जनवरी 2025 तक रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं।

सीमा से दोगुनी जमीन हड़पकर अपने कर्मियों को दिए प्लॉट

आरोप हैं कि आवास बनाने वाली समिति के सदस्यों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के अधिकारी और कर्मचारियों से सांठगांठ करके तय सीमा साढ़े 12 एकड़ से करीब दो गुना अधिक भूमि के एवज में प्राधिकरण से मुआवजा लेकर अपने सदस्यों को प्लाट दिए हैं। यह सरासर अवैध कृत्य है। ये जमीन गोमती नगर विस्तार में स्थित हैं।

समिति की कई और गड़बड़ियां मिलीं

अवमानना केस की सुनवाई के दौरान न्यायालय के समक्ष यह तथ्य भी आया कि सरकार और प्राधिकरण की जांच में हिमालयन सहकारी आवास समिति लिमिटेड के खिलाफ कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। समिति की ओर की गईं इन धांधली में कहीं न कहीं लखनऊ विकास प्राधिकरण के कई कर्मचारियों की भी संलिप्तता सामने आई है।

एलडीए के कई अधिकारियों पर गिर सकती है गाज

20 जनवरी को विजिलेंस जांच रिपोर्ट आने के बाद जमीन घोटाले में फंसे एलडीए के कई अधिकारी और कर्मचारियों पर गाज गिरेगी। साथ ही हिमालयन सहकारी आवास समिति के कई सदस्य भी लपेटे में आएंगे। ऐसे में एलडीए और समिति के कर्मचारियों में हड़कंप मचा है।

भाजपा विधायक समेत 16 लोगों पर मुकदमा सामूहिक दुष्कर्म व जमीन हड़पने जैसे गंभीर आरोप

जन एक्सप्रेस। बदायूं

बदायूं में जमीन हड़पने और महिला से सामूहिक दुष्कर्म समेत कई आरोपों में एमपीएमएलए कोर्ट के आदेश पर भाजपा के बिल्सी विधायक हरीश शाक्य समेत 16 लोगों के खिलाफ सिविल लाइंस पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। भाजपा विधायक पर आरोप है कि इन्होंने अपने भाइयों और अन्य लोगों के साथ जमीनों पर कब्जा कर लिया। साथ ही एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। सिविल लाइंस क्षेत्र के एक युवक का बिल्सी के भाजपा विधायक हरीश शाक्य, उनके भाई, बरेली के दो व्यापारी व कुछ अन्य लोगों से दो वर्ष से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। पीड़ित का आरोप है कि भाजपा विधायक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित ने अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि विधायक उसकी 20 बीघा जमीन को हड़पना चाहते हैं। 17 सितंबर 2024 को युवक की मां और उसकी पत्नी विधायक के कैंप कार्यालय पर पहुंची तो पत्नी के साथ विधायक व अन्य दो लोगों ने दुष्कर्म किया। पूरे मामले को सुनने के बाद न्यायाधीश लीलू चौधरी ने विधायक समेत 16 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश 12 दिसंबर को दिए थे। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट ने जो आदेश दिया था उसने अनुसार बिल्सी से भाजपा विधायक और अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

विधायक समेत ये लोग हैं नामजद

शनिवार को सिविल लाइंस पुलिस ने बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, इनके भाई सतेंद्र व धर्मपाल शाक्य, भतीजा ब्रजेश कुमार शाक्य निवासी कादराबाद, हरीशंकर व्यास निवासी जालंधरी सराय थाना सदर कोतवाली, अनेग पाल निवासी आवास विकास बदायूं, आनंद प्रकाश अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल राधेश्याम एनक्लेव सिविल लाइंस बरेली, मनोज कुमार गोयल नारायणगंज उझानी, शैलेंद्र कुमार सिंह पंजाबी कालोनी नारायणगंज उझानी, हरीशचंद्र वर्मा निवासी डीएम रोड प्रेम नगर बदायूं, विपिन कुमार बाहरचुंगी बदायूं, चंद्रवती, दिनेश कुमार, रामपाल, दिनेशचंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

हर महिला में है सफलता की नई कहानी लिखने का सामर्थ्य: मुख्यमंत्री योगी

- आधी आबादी की उपेक्षा करके सशक्त और समर्थ नहीं हो सकता समाज: मुख्यमंत्री
- एसआरएलएम द्वारा संचालित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था और इसके सात दुग्ध अवशीतन केंद्रों का सीएम ने किया लोकार्पण
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्युत सखियों, बीसी सखियों, लखपति दीदियों, नमो ड्रोन दीदियों और बैंक सखियों को मुख्यमंत्री के हाथों मिला प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर महिला में सफलता की नई कहानी लिखने का सामर्थ्य है। महिलाओं के लिए काम की भी कोई कमी नहीं है। जरूरत एक फील्ड का चयन कर उसके अनुरूप प्रशिक्षण लेकर खुद को तैयार करने और परिश्रम व पूरी तन्मयता से आगे बढ़ने की है। सीएम योगी शनिवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) द्वारा संचालित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था और इस संस्था द्वारा गोरखपुर मंडल के अंतर्गत सात दुग्ध अवशीतन केंद्रों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्युत सखियों, बीसी सखियों, लखपति दीदियों, नमो ड्रोन दीदियों और बैंक सखियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के अलावा राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी 7405 महिला स्वयं सहायता समूहों को 242.30 करोड़ रुपये की सहायता राशि का हस्तांतरण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी की उपेक्षा करके कोई भी समाज सशक्त और समर्थ नहीं हो सकता है। देश और समाज के विकास तथा इसे सशक्त और शक्तिशाली बनाने के लिए महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में कार्य करना ही होगा। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता की सभी जय जयकार करते हैं और विफलता को दुत्कारते हैं। जन्म सफलता के लिए हुआ है, दुत्कारने के लिए नहीं। जब हम सही दिशा में अच्छा कार्य करेंगे तो सफलता के साथ सराहना भी मिलेगी। इसलिए सही दिशा में बढ़ें और कभी असफलता मिले तो उसकी समीक्षा कर कमियों को दूर करें। याद रखना होगा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। सही दिशा में किए गए परिश्रम से ही सफलतम कहानियां लिखीं जाती हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन यानी नारी सशक्तिकरण का नया दौर शुरू हुआ है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना हो, नारी वंदन, या फिर प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व मातृ वंदना योजना, ये सभी महिला सशक्तिकरण के लिए ही हैं। पहली बार स्वतंत्र भारत मे महिलाओं को यह अनुभव हुआ कि उनके नाम पर योजनाएं बनी हैं और इसका लाभ भी उन्हें प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर बने शौचालय नारी गरिमा के प्रतीक हैं तो मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन नारी सम्मान और समर्थ नारी का अभियान। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि आगामी 27 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के 40 लाख परिवारों को पीएम स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

संबंधित खबर पेज 08 पर

महिलाओं के सपनों में हकीकत का रंग भर रहे सीएम योगी: रविकिशन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि महिला भी सपना देखती है और उसके सपनों की हत्या नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं के सपनों को हकीकत में बदलने के लिए हर तरह का प्रोत्साहन दे रहे हैं। वह आधी आबादी के सपनों में हकीकत का रंग भर रहे हैं। रविकिशन ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वालंबन पीएम मोदी और सीएम योगी की प्राथमिकता है। मुफ्त आवास योजना हो, हर घर शौचालय या फिर स्वावलंबन की अनेक योजनाएं, सबके केंद्र में महिलाएं ही हैं।

96 लाख महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह पर: दीपा रंजन

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आजीविका मिशन में साढ़े आठ लाख समूहों से प्रदेश की 96 लाख महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह पर हैं। 40 हजार महिलाएं बीसी सखी के रूप में तथा 24 हजार महिलाएं विद्युत सखियों के रूप में महत्वपूर्ण सेवा कार्य कर रही हैं। महिलाएं टेक होम राशन प्लांट चलाने के साथ राशन की दुकानों का भी सफल संचालन कर रही हैं। महिलाओं द्वारा संचालित बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी की सफलता को देखकर सीएम योगी के निर्देश पर तीन अन्य दुग्ध कम्पनियों को स्थापित किया गया है। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

स्टालों का अवलोकन कर सीएम योगी ने जानी समूहों की उपलब्धि

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े समूहों के विभिन्न स्टालों का अवलोकन कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों और उनकी उपलब्धियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्टालों पर मौजूद महिलाओं के कार्यों की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये स्टाल महिला सशक्तिकरण की सफल कहानियों को आगे बढ़ा रहे हैं।

एक्सप्रेस खबरें...

किसान दिवस कल

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि कृषि उत्पादन आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में भूतपूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर 23 दिसंबर सोमवार को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम सोमवार को विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के मंदाकिनी गेस्ट हाउस कालूपुर में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। बताया कि इस कार्यक्रम में जनपद के रबि एवं खरीफ फसलों पर अधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सरकार द्वारा किसानों से सम्बन्धित कृषि एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी की जानकारी देते हुए इन योजनाओं के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाएं एवं अनुमन्य अनुदान के बारे में किसानों को बताया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को अपने विभाग के योजनाओं के प्रदर्शनी लगाकर अधिक से अधिक योजनाओं की जानकारी किसान को देने के लिए कहा है।

अपहरण करने वाले को आजीवन कारवास की सजा

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। अपहरण के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 80,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोलापदास ने बताया कि बीती 24 जून 2009 को बहिलपुरवा थाने के छीतूपुर गांव के ठीकापुरवा की निवासी अनुसूचित जाति की मलकिनिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया था कि उसके पति चुन्नीलाल को बदमाश बन्दूकों व राइफल के बल पर अपृहत कर ले गए थे। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद इस प्रकरण की विवेचना तत्कालीन क्षेत्रकाधिकारी उदयशंकर सिंह ने की थी। जिसमें आरोपी बहिलपुरवा निवासी वीरेन्द्र यादव को बीती 15 सितम्बर 2009 को गिरफ्तार किया गया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद शनिवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज कुमार श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी वीरेन्द्र यादव को आजीवन कारवास की सजा और 80,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए चित्रकूट टीम रवाना

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन का राष्ट्रीय सम्मेलन 22 दिसम्बर रविवार को देश की राजधानी दिल्ली में होना है। सम्मेलन में शामिल होने के लिए संगठन के प्रदेश प्रभारी रोहिल अग्रवाल शनिवार को अपनी टीम के साथ चित्रकूट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल अग्रवाल निरंतर स्वर्णकार समाज के हितों के लिए संघर्ष कर रहे है। ऐसे में सभी लोगों को उन्हें मजबूत करना चाहिए। इस मौके पर राजन सोनी, मनीष सोनी, मोहित गुप्ता, मंयक अग्रवाल, सचिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

युवक पर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप

जन एक्सप्रेस/उरई। कोंच क्षेत्र के एक मोहल्ले में शुक्रवार की रात किराए के मकान में रह रही किशोरी के साथ इसी मकान में रह रहे युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। मामले में परिजनों ने तहरीर पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला पंजीकृतकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोंच कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में एक ही मकान में अलग-अलग कमरों में रहकर मजदूरी करने वाले एक परिवार की किशोरी को उसी मकान में दूसरे कमरे में रहने वाले किराएदार कमलेश निवासी ने उस समय किशोरी को हवस का शिकार बनाया, जब किशोरी के माता-पिता और परिवार गहरी नींद में सो रहे थे। बताया गया कि किशोरी नींद में थी। तभी युवक ने उसे दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी की चीख-पुकार सुनकर घर के लोग जाग गए और आरोपी को पकड़ने की कोशिश की पर दुष्कर्मी फरार हो गया। सुबह पीड़िता को लेकर परिवार के लोग कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर दुष्कर्म का केस दर्जकर लिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीमें रवाना की गई और कुछ ही घंटे मे आरोपी पुलिस के हाथ लग गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पीसीएस परीक्षा केन्द्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2024 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराएं जाने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनपद के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनपद में कुल नौ परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है, जिसमें कुल 4,032 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने परीक्षा केन्द्र चित्रकूट इंटर कॉलिज कर्वी, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलिज सीतापुर, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर, गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय बेड़ी पुलिया एवं श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलिज कर्वी का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, डीवीआर कंट्रोल रूम कक्ष, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, कक्षाओं में सीटिंग प्लान, सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों पर अभी तक कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरा व डीबीआर सिस्टम नहीं लगा है और कंट्रोल रूम नहीं बना है, वहां तत्काल संबंधित संस्था को निर्देश देकर लगवाएं। कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बताया कि जनपद में कुल नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 4032 परीक्षार्थी भाग लेंगे। इस परीक्षा को सकुशल व शांन्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए नौ सेक्टर मजिस्ट्रेट व नौ स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। साथ ही केंद्र व्यवस्थापक व सह केंद्र व्यवस्थापक भी लगाए गए हैं। डीएम व एसपी ने कहा कि परीक्षा के दौरान सभी कैमरे संचालित रहना चाहिए तथा कक्षाओं में प्रकाश की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों, सह केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से कहा कि लोक सेवा आयोग के निर्देशों के क्रम में परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना सबका दायित्व है। कानून व्यवस्था को देखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। परीक्षा के दौरान कहीं पर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, सब रजिस्टार कर्वी राजेश कुमार सिंह सहित संबंधित विद्यालयों के केंद्र व्यवस्थापक, सह केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट आदि मौजूद रहे।

आवारा कुत्तों से परेशान लोगों ने पकड़वाने की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस/जालौन। सड़कों पर घूमते आवारा कुत्ते लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं। गलियों में घूमते आवारा कुत्तों के कारण लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है। नगर के लोगों ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। नगर की गलियों में कुत्तों के झुंड घूम रहे हैं। गलियों में घूमते कुत्ते राहगीरों के परेशानी का सबब बने हुए हैं। सूर्योदय से पूर्व टहलने जाने वाले लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। अंधेरे में निकलने वालों को देखकर कुत्ते भैंकते हुए उन्हें दौड़ा लेते हैं। कई बार लोगों को काटकर घायल भी कर देते हैं। इसी तरह सुबह शाम कोचिंग पढ़ने जाने वाले छात्र छात्राएं भी गलियों में घूमते आवारा कुत्तों के कारण परेशान हैं। साइकिल सवार बच्चों को दौड़ाने पर कई बार बच्चे गिरकर घायल हो जाते हैं। मजे की बात है कि आवारा कुत्तों के साथ ही कुत्ता पालक भी कुत्तों को खुला छोड़ देते हैं। नगर के मनीष कुमार, सुनील त्रिपाठी, मनोज रिछारिया, रहीस नाना आदि ने एसडीएम से मांग की है कि गलियों में घूमते आवारा कुत्तों को पकड़वाया जाए और कुत्ता पालकों को दिन में कुत्ते खुला न छोड़ने के निर्देश दिए जाएं।

डीएम ने नुनसाई गौशाला में गौवंशों के लिए किया कंबल वितरण

जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम नुनसाई विकास खण्ड डकोर में स्थित गौशाला में शीत लहर से बचाव हेतु 150 गौवंशों के लिए कम्बल वितरण किए। इसके साथ ही गाय का चन्दन व पुष्प से पूजन किया तथा गायों को अपने हाथों से गुड़ खिलाया। गौशाला में नियुक्त 03 केयर टेकर को सम्मान स्वरुप वस्त्र भेंट किये तथा और अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामवासियों को प्रेरित किया गया कि वह माह में कम से कम एक दिन गौशाला में आये तथा श्रमदान करते हुये गौशाला में साफ-सफाई व अन्य देख-रेख में सहयोग प्रदान करें। ग्राम प्रधान पूजा देवी ने कहा कि गौशाला में लगभग 165 गौवंश है, जिनकी देख-रेख के लिये 03 केयर टेकर नियुक्त है तथा गौवंशों के पालन में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। इस अवसर पर सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, एडीएम संजय कुमार, डीडीओ महेन्द्र चौबे, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी, डीपीआरओ राम आयोध्या प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद, बीडीओ डकोर, एडीओ (पंचायत) डकोर, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेवा, प्रधान प्रतिनिधि विष्णुपाल सिंह, चरण सिंह प्रधान बिरगुवा, देवेंद्र यादव प्रधान पुर, शिशुपाल राजपूत प्रधान एंधा, सुरेन्द्र सिंह प्रधान गिरथान, ग्राम विकास अधिकारी (नुनसाई) व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

डीएम-एसपी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । उरई

डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका इंटर कालेज बंगरा का निरीक्षण किया और शीत लहर से बचाव के लिए वहां की छात्राओं को ऊनी कपड़े वितरित किए। ऊनी कपड़े पाकर छात्राओं के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद किया और पठन-पाठन की स्थिति का जायजा लिया। डीएम ने छात्राओं से सवाल पूछे, जिनका उन्होंने आत्मविश्वास से उत्तर दिया। डीएम ने छात्राओं के शैक्षिक स्तर की सराहना की और कहा कि सरकार की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए उन्हें कठिन परिश्रम करने की सलाह दी। डीएम ने कालेज प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को मैन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाए, ताकि उनकी सेहत पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि शीत लहर के दौरान विद्यार्थियों को गर्म कपड़े और आवश्यक सुविधा प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर एसडीएम माधौगढ़ सुरेश कुमार पाल, सीओ रामसिंह, बीएसए चन्द्र प्रकाश आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

प्रमुख सचिव ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के छात्रों का बढ़ाया हौसला

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में चल रहे भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस समारोह कार्यक्रम में शनिवार को उत्तर प्रदेश के दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चन्द्र शर्मा शामिल हुए। अपने प्रथम जनपद आगमन पर प्रमुख सचिव ने छात्रों के द्वारा तैयार की गयी चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस दौरान बधिर छात्रों ने प्रमुख सचिव की भी एक पेंटिंग तैयार की, जो उनको पसंद आई। इसके बाद प्रमुख सचिव ने शिक्षा विभाग, विशेष शिक्षा विभाग एचआई/वीआई, प्रबंधन विभाग, आडियो वीडियो लैब आदि का निरीक्षण किया। साथ ही दो पौधों का रोपण किया। इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रमुख सचिव ने कहा कि आज यह विश्वविद्यालय जो कुछ भी है, सब जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज की देन है। यहां के लोगों को जगद्गुरु महराज का निरंतर आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। विश्वविद्यालय को शासन स्तर से सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं भवनों, विभागों, शिक्षकों, कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया जल्द ही नियमानुसार होगी। शासन स्तर से बजट आवंटन के अनुसार छात्रावास, पुस्तकालय, आवश्यक सुविधाएं आदि उपलब्ध कराई जाएगी। कहा कि भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई का व्यक्तित्व बहुत बड़ा था। आप सभी उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए शोध व पठन पाठन कार्य का संचालन कीजिए और देश में विश्वविद्यालय का नाम रौशन करिए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वतीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता छात्र एवं छात्राओं को प्रमुख सचिव ने सम्मानित किया। कुलपति शिशिर कुमार पांडेय कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज के बाद प्रमुख सचिव ने शासन स्तर से इस विश्वविद्यालय का हित किया है। कहा कि उनका आगमन विश्वविद्यालय के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर कुलाधिपति के निजी सचिव आर पी मिश्रा, कुलसचिव मधुरेंद कुमार आदि मौजूद रहे।

हत्यारोपी पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

तालाब से अवैध कब्जा हटवाने को लेकर हुए विवाद में कौंग्रेस नेता समेत उसके भतीजे को गोली मारकार मौत के घाट उतार देने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने हत्यारोपी पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 30 दिसम्बर 2020 को पहाड़ी थाने के प्रसिद्धपुर गांव के निवासी आकाश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में आकाश ने बताया था कि बीती 29 दिसम्बर 2020 को उनके गांव में उत्तर प्रदेश शासन के सचिव के आने की सूचना थी। इस पर गांव में सरकारी कर्मचारी जूनियर हाईस्कूल में दोपहर के समय एकत्रित हुए थे। इस दौरान उसके पिता के बड़े भाई अशोक कुमार सिंह ने वहां मौजूद कर्मचारियों से कहा कि गांव के तालाब में कमलेश रैकवार ने कब्जा कर रखा है। तालाब से अवैध कब्जा हटाया जाना चाहिए। इस बात को लेकर कमलेश रैकवार व उसके दादा अशोक कुमार सिंह के मध्य विवाद हो गया था। इसके चलते उसी दिन रात लगभग साढ़े आठ बजे उसके भाई शुभम सिंह और दादा अशोक सिंह के खाना खाकर घर से आते समय रास्ते में कमलेश रैकवार ने अपने दरवाजे पर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर कमलेश रैकवार ने अपनी लाइसेंसी राइफल से शुभम को गोली मार दी। बचाने का प्रयास करने पर उसके दादा अशोक कुमार सिंह को भी गोली मार दी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों के पीछे वह अपनी मा रामलली के साथ आ रहा था। उन लोगों ने कमलेश रैकवार को पकड़ने का प्रयास किया तो कमलेश के बेटे राहुल रैकवार ने उन पर लाठी से हमला कर घायल कर दिया।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद हत्यारोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया था।

यूविया कार्यशाला में शामिल हुए 150 से अधिक चिकित्सकों ने किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

संत रणछोड़दास महाराज द्वारा स्थापित अंतर्राष्ट्रीय संस्थान सदुरु नेत्र चिकिसालय में शनिवार को आंख के अंदरूनी हिस्से में सूजन की बीमारी पर (रेटिना/यूविया) विषय पर नेत्र चिकित्सकीय रेटीना/यूविया कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश के लगभग 150 से अधिक नेत्र चिकित्सकों ने प्रतिभागिता किया।

कार्यशाला में नेत्र रोगियों को गुणवत्तायुक्त चिकित्सा उपलब्ध कर भारत में अंधत्व निवारण को गति प्रदान करन के उद्देश्य से नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने अनुभव, नवीन शोध एवं नवाचार पर चर्चा की। सदुरु नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ बीके जैन एवं प्रशासक डॉ इलेश जैन ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं होती रहनी चाहिए जिससे चिकित्सीय अनुभव साझा होते रहते है तथा इसका फायदा सीधे नेत्र रोगियों को मिलता है। कहा कि हर नेत्र विशेषज्ञ का एक ही उद्देश्य होता है कि नेत्र रोगियों का बेहतर से बेहतर ईलाज करना हाता है और ये सब ऐसी कार्यशालाओं के माध्यम से संभव होता है।

सदुरु नेत्र चिकित्सालय के रेटीना विभाग के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ आलोक सेन ने कहा कि इस कार्यशाला में देश-विदेश से आए सभी चिकित्सकों की सहभागिता से सभी को अपने अनुभव और ज्ञान का आदान-प्रदान करने का अवसर मिला है। सभी नेत्र चिकित्सकों को सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ बीके जैन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर मेडिकल कॉलेज रीवा के डॉ पी सी द्विवेदी, सिंगापुर से रूपेश अग्रवाल, प्रो दीपांकर नंदी, डॉ उमा नांबियार, डॉ कल्पना बी मूर्ति, डॉ आलोक सेन, डॉ राकेश शाक्या, डॉ नरेंद्र पाटीदार, डॉ गौतम सिंह परमार, डॉ राजेश जोशी, डॉ अमृता मोरे आदि मौजूद रहे।

आइस प्लांट में धावा मारकर बदमाश उठा ले गए सामान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

अज्ञात बदमाश निर्माणाधीन आइस प्लांट पर धावा मारकर निर्माण सामग्री उठा ले गए। साथ ही वहां लगे ट्रांसफार्मर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रसिन गांव के मजरा शिवपाल पांडेय का डेरा निवासी संजय पांडेय हाई-वे के किनारे सुदिनपुर गांव से कुछ ही दूर आगे रसिन मोड़ पर आइस प्लांट तैयार करवा रहे है। यहां रखवाली के लिए सुदिनपुर निवासी रामखेलावन वर्मा चैकीदार के तौर पर तैनात है। मथुरा के करीब आधा दर्जन मजदूर प्लांट में रहकर काम कर रहे है। शुक्रवार की शाम को तीन मजदूर कानपुर चले गए। जबकि तीन अन्य मजदूर अर्जुन सिंह, महेन्द्र व फूल सिंह बांदा जाने की बात कहकर निकले। लेकिन बाद में देर शाम वह बदौसा से लौटकर प्लांट आ गए। तीनो मजदूर प्लांट में बने कोल्ड रुम पर सो रहे थे। जबकि चैकीदार रामखेलावन बाहर की तरफ था। आधी रात 12 बजे के बाद करीब आधा दर्जन बदमाशों ने धावा बोल दिया। सबसे पहले प्लांट की बिजली काट दी और फिर चैकीदार व महेन्द्र समेत सभी मजदूरों को रस्सी से बांध दिया। तमंचा दिखाते हुए शोर न मचाने की धमकी दी। बदमाशों ने स्टोर रुम का ताला न टूटने पर कुंडी काट दी। फिर अंदर रखा सारा सामान लोडर से उठा ले गए। इसके अलावा बिजली कनेक्शन के लिए करीब साढ़े चार लाख रुपये कीमत के 250 केवी क्षमता के रखे नए ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर दिया। बदमाशों के जाने के बाद चैकीदार व मजदूरों ने किसी तरह रस्सी खोली और प्लांट मालिक को अवगत कराया। प्लांट मालिक की सूचना पर पीआरवी 112 मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी प्रवीण सिंह का कहना है कि वह घटना स्थल पर गए थे। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनकर दिए निस्तारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

तहसील सभागार कर्वी में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में किया गया। जिसमें अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह फरियादियों द्वारा प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों पर सम्बन्धित अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस कर्वी में कुल 66 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से दो प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने भूमि संबंधी मामलों पर राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस को संयुक्त टीम को बनाकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने विभागों से संबंधित शिकायतों को शासन के मंशानुरूप समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण कराए।

समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, नायब तहसीलदार कर्वी मंगल सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद सहित तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इसी प्रकार राजापुर में उपजिलाधिकारी आलोक सिंह व नायब तहसीलदार मनोज सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में प्राप्त 46 प्रार्थना पत्रों में पांच का निस्तारण का मौके पर किया गया।

किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। कोंच थाना क्षेत्र के बसोव में किसान ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोंच थाना क्षेत्र के ग्राम बसोव निवासी हकीम सिंह उर्फ बिट्टन 30 वर्ष ने शुक्रवार की रात घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिजन जब कमरे में पहुंचे तो फंदे पर शव लटका देखा तो हड़कंप मच गया। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी पर लटक रहे शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के भाई करन ने बताया कि वह खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था, लेकिन उन्होंने आत्महत्या क्यों कि परिजन इसकी वजह नहीं बता पा रहे हैं। बताया गया कि मृतक के एक बच्चा है।फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के बाद से मृतक की पत्नी बबली सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सेवादल कार्यकताओं ने व्यवस्था परिवर्तन के लिए चित्रकूट में फूंका बिगुल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

धर्मनगरी चित्रकूट स्थित रामायण मेला भवन में चल रहे उत्तर प्रदेश कौंग्रेस सेवादल के प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को शनिवार को शारीरिक व्यायाम व पीटी परेड का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने श्रीराम ध्वनि के कामदगिरि की परिक्रमा लगाई।

प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश कौंग्रेस अध्यक्ष अजय राय सेवादल के कार्यकर्ताओ को धर्म और जाति के नाम पर बांटने वाली सरकार के खिलाफ आजादी के आंदोलन की तरह लगातार लड़ाई लड़नें का आवाहन किया। अखिल भारतीय कौंग्रेस सेवादल के प्रभारी अरविंद पाल ने कौंग्रेस सेवादल की स्थापना से लेकर आजादी की लड़ाई में सेवादल का योगदान और वर्तमान परिदृश्य में सेवादल की भूमिका की चर्चा की। सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने चित्रकूट की पावन धरती से व्यवस्था परिवर्तन का बिगुल फूंकने का आवाहन किया। कहा कि जहां राहुल गांधी जातिगत जनगणना के माध्यम से शोषित व वंचित लोगों को उनका हक दिलाना चाहते हैं, वहीं वर्तमान सरकार सारी दौलत पर 10 प्रतिशत लोगों का कब्जा दे रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अंग्रेजों की अनुयायी है, जबकि कौंग्रेस गांधी व नेहरू की अनुयायी है। कहा कि भापजा सरकार संविधान व सामाजिक संरचना को खत्म कर समाज को बांटकर गुलाम बनाना चाहती है। इस व्यवस्था परिवर्तन के खिलाफ सेवादल को लड़ाई का संकल्प लेना होगा। प्रो आर पी द्विवेदी ने कहा कि धर्म के नाम पर बांटने वाली भाजपा सोने की लंका की तरह विकास का मॉडल दिखाकर रावण राज्य बना रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रमोद पांडेय ने कार्यकर्ताओं से नागपुर जेल के आंदोलन की तरह इस आंदोलन में भी जेल जाने के लिए तैयार रहने का आवाहन किया।

इस मौके पर कांग्रेस के चित्रकूट जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, बांदा जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार दुबे, पूर्व प्रदेश महासचिव पुष्पेन्द्र सिंह, जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 22 दिसंबर, 2024

मोहाली में पांच मंजिला इमारत गिरी...

मोहाली में शनिवार शाम बड़ा हादसा हुआ है। मोहाली के सोहाना में एक पांच मंजिला इमारत गिर गई है। इमारत के गिरते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि मलबे के नीचे कई लोगों के दबे होने की आशंका है। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक... पढ़ें पेज 12 पर...

पीसीएस प्री परीक्षा आज : सभी 75 जिलों के 1331 केंद्रों में होगी परीक्षा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा-2024 रविवार को प्रदेश के 1331 केंद्रों पर होगी। पहली बार यह सभी 75 जिलों में होने जा रही है। परीक्षा दो सत्रों में सुबह 9:30 से 11:30 बजे व दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक होगी। पहले सत्र में सामान्य अध्ययन व दूसरे सत्र में सीसैट का पेपर होगा। पीसीएस के 220 पदों पर भर्ती के लिए 576154 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा में पेपर लीक के बाद यूपीपीएससी की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित परीक्षा होने जा रही है। ऐसे में आयोग व प्रशासनिक तंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती प्रश्न पत्रों की सुरक्षा होगी। इसके लिए तमाम इंतजाम किए गए हैं। प्रश्न पत्रों को डिजिटल लॉकर वाले बॉक्स में रखकर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। इस बार प्रत्येक केंद्र पर एक स्टेटिक और एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जबकि, इससे पूर्व तीन परीक्षा केंद्रों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जाती थी। हर परीक्षार्थी की पहचान के लिए आइरिश स्कैनिंग होगी। इसकी पुष्टि के लिए यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर होलोग्राम चस्पा किए जाएंगे।

नकल पर एक करोड़ जुर्माना व आजीवन कारावास

अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना या कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना या प्रकट करना अथवा प्रकट करने की सजिश करना आदि कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं। उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुसूचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत ऐसे प्रकरणों में एक करोड़ तक का जुर्माना व आजीवन कारावास की सजा, दोनों हो सकती है। यदि नकल सामग्री पकड़ी जाती है तो अभ्यर्थी को परीक्षा विशेष या आगामी परीक्षाओं व चयन से डिबार किया जा सकता है, चाहे सामग्री का प्रयोग नकल के लिए किया गया हो या नहीं।

लखनऊ के 64 केंद्रों पर शामिल होंगे 28 हजार परीक्षार्थी

राजधानी में रविवार को 64 केंद्रों पर पीसीएस प्री की परीक्षा होगी। इसमें 28513 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 02-30 बजे से 04-30 तक होगी। परीक्षा को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों को पांच जोन में बांटा गया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था के मुताबिक जोन का प्रभारी अपर पुलिस उपायुक्त को बनाया गया है। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिहाज से 64 दरोगा, 128 कांस्टेबल, 128 महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। अपर पुलिस आयुक्त अपने-अपने क्षेत्र का पर्यवेक्षण करेगें। वहीं, सहायक पुलिस आयुक्त तथा प्रभारी निरीक्षक अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित परीक्षा केंद्रों पर का निरीक्षण करेंगे। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन व बस स्टेशन पर थाना प्रभारियों को भ्रमणशील रहने के लिए कहा गया है। जेसीपी के मुताबिक सोशल मीडिया एवं अन्य सूत्रों के माध्यम से अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रखा जा रहा है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ गोपनीय सामग्री लाने व ले जाने के लिए दो सशस्त्र पुलिसकर्मी लगाए गए हैं। परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, आईटी गैजेट्स एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री ले जाना प्रतिबंधित है।

दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आर आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में हुआ समापन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी क्षेत्र आर आर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन कॉलेज में दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का समापन हो गया। बता दें कि यह कार्यक्रम बायोवर्स टेक्नोलॉजीज़ के सहयोग से सम्पन्न हुआ है। समापन के आवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफ.डा.अभिनव श्रीवास्तव डायरेक्टर जनरल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से 64त्न ग्रोथ हुआ है। कॉरपोरेट में और ये आंकड़ा और बढ़ेगा, विशेष अतिथि प्रो. डॉ. मनसफ आलम ने आर्टिफिशल इंटेलिजंस के बढ़ते प्रभाव और भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जीव विज्ञान की कॉम्प्लेक्स प्रॉब्लम सॉल्व करने की क्षमता पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भारतीय इकोनॉमी को मजबूती प्रदान कर रहा है। वहीं प्रोफेसर भरत मिश्रा डायरेक्टर फार्मेसी, डॉ शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ, प्रोफेसर अविनाश त्रिपाठी डायरेक्टर,आर जी एस कॉलेज, लखनऊ, डॉ आशुतोष यादव, असिस्टैंट प्रोफेसर, डॉ शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉ संजय यादव असिस्टेंट प्रोफेसर, फार्मेसी, डॉ शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉ अवनीश कुमार, डायरेक्टर, नोवा फार्मा कॉलेज, डॉ पंकज कुमार सोनार असिस्टैंट प्रोफेसर, गवर्नमेंट फार्मा कॉलेज, गोरखपुर एवं अन्य सभी ने लाइफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी को फार्मा और मैनेजमेंट के साथ मिल के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पे काम करने पर ज़ोर दिया। संस्थान के निदेशक डा. एस पी त्रिपाठी ने कहा की सभी विभाग जब मिल के काम करेंगे तभी कुछ प्रोडक्टिव होगा उन्होंने इस मल्टी डिसिप्लिनरी इंटरनेशनल कांफ्रेस में आए सभी वक्ताओं का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। डा. आकाश सिंह ने बताया कि आज जीव विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित रिसर्च पेपर के प्रेजेंटेशन मे फार्मेसी एवं जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न पेपर प्रस्तुत अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए और विजेता को सम्मानित किया गया। संस्थान के शिक्षा जगत मे जैव प्रौद्योगिकी को बढावा देने के प्रयासों पर विशेष प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों, मुख्य अतिथि एवं पूरी कॉन्फ्रेंस की मैनेजमेंट कमेटी को कॉन्फ्रेंस के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए धन्यवाद दिया।

एक्सप्रेस खबरें...

प्रभात पांडे की मौत की जांच करेगी एसआईटी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पांडे की मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है,पुलिस आयुक्त के निर्देश पर डीसीपी रवीना त्यागी ने एसआईटी गठित की है,जो इस मामले की विस्तृत जांच करेगी।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कांग्रेस दफ्तर पहुंचकर कमरा नंबर 30 का निरीक्षण किया और कर्मचारियों से पूछताछ की।पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पांडे की मौत के मामले में घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस ने कमरा नंबर 30 को खुलवाया और कर्मचारियों से पूछताछ की, पुलिस ने सभी के बयान दर्ज कर लिए हैं।अब इस पूरे मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की जाएगी।पुलिस आयुक्त के निर्देश पर डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी इस मामले की विस्तृत जांच करेगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। पुलिस ने प्रभात पांडे के चाचा मनीष पांडे से भी पूछताछ की है।

चंद्रभान गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीकेटी में संगोष्ठी संपन्न

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए विकासखंड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन राजकीय बीज गोदाम परिसर में हुआ। इस गोष्ठी का उद्घाटन चंद्रभान गुप्त स्नाकोत्तर महाविद्यालय बीकेटी के प्राचार्य प्रोफेसर गजेंद्र सिंह ने किया। वहीं गोष्ठी में 100 से अधिक कृषकों ने प्रतिभाग किया। प्रोफेसर गजेंद्र सिंह ने कृषकों को गेहूं की खेती एवं सिंचाई के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त प्रोफेसर सत्येंद्र सिंह चौहान ने सरसों की खेती उन्नतशील प्रजातियां एवं मशरूम की खेती एवं प्रशिक्षण की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में डिप्टी सी.वीओ. डॉ सुनील कुमार राय जी ने पशुपालन विभाग की समस्त योजनाओं के बारे में कृषकों को जानकारी दी। गोष्ठी में मृदा स्वास्थ्य एवं मौसम के बारे में अरुण कुमार सचान ने बताया कि अन्न की खेती के बारे में सुरेश कुमार राजपूत ने कृषकों को विस्तार से समझाया। वहीं सहायक विकास अधिकारी कृषि विजय प्रकाश निगम ने कृषकों को कृषि विभाग की योजनाओं फार्मर रजिस्ट्री एवं पीएम कुसुम के बारे में बताया। इस गोष्ठी में कृषि विभाग के कार्मिकों श्री दीपक कुमार यादव ,अवनेश कुमार वर्मा, श्रीमती कोमल यादव, श्रीमती मोहनी सैनी, प्रभाकर चौधरी, अविनाश कुमार सिंह, मनीष कुमार वर्मा, दीनदयाल यादव, माधवेंद्र सिंह ने कृषकों को कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

39 हजार सरकारी कर्मचारियों को नहीं मिलेगी सैलरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने 39 हजार सरकारी कर्मचारियों को लेकर बड़ा फैसला किया है।सरकार ने इनका वेतन रोकने का आदेश दिया है,क्योंकि इन कर्मचारियों ने निर्धारित समय सीमा में अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं अपलोड किया है। सरकार ने 30 सितंबर तक अपनी चल अचल संपत्ति का ब्यौरा उपलब्ध करवाने का आदेश दिया था, जिसका पालन 39,077 कर्मचारियों ने नहीं किया। सरकार ने प्रदेश के 90 विभागों के कर्मचारियों को संपत्ति का ब्यौरा देने का आदेश दिया था। प्रदेश में कुल 8,27,583 कर्मचारी हैं, जिनमें 7,88,506 कर्मचारियों ने समय सीमा में संपत्ति की जानकारी दे दी लेकिन 39 हजार कर्मचारियों ने सरकार के आदेश का उल्लंघन किया।सरकार के अनुसार पुलिस कृषि विभाग के 99 प्रतिशतकर्मचारियों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा दिया है।अन्य विभागों जैसे पशुधन, पंचायतीराज, आयुष चिकित्सा शिक्षा के 95 प्रतिशत कर्मचारियों ने भी संपत्ति की जानकारी समय पर जमा कर दी। कुछ विभाग के कर्मचारियों से ऐसा नहीं किया, जिस वजह से उनकी सैलरी रोकी जा रही है।आदेश के तहत टेक्सटाइल, ऊर्जा, कृषि, सैनिक कल्याण, महिला कल्याण, उच्च शिक्षा, बेसिक शिक्षा, औद्योगिक विकास, राजस्व चिकित्सा स्वास्थ्य के कर्मचारियों से संपत्ति का ब्यौरा मांगा था।योगी सरकार के इस सख्त फैसले का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों की पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। जिन कर्मचारियों ने अभी तक अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया है, उन्हें सैलरी पाने के लिए जल्द से जल्द इसे अपलोड करना होगा।

शिक्षामित्रों का नहीं बढ़ेगा मानदेय

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश के करीब डेढ़ लाख शिक्षा मित्र हैं, उनका मानदेय नही बढ़ेगा। बेसिक शिक्षा मंत्री ने साफ साफ कह दिया है। राज्य सरकार ने हाल ही में विधानसभा के शीतकालीन सत्र में 17 दिसंबर को उठाए गए शिक्षा मित्रों के मानदेय बढ़ाने और उन्हें नियमित करने के सवालों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया हैं। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि शिक्षा मित्रों के मानदेय को बढ़ाने या उन्हें स्थायी करने का कोई विचार नहीं है। शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि की मांग लंबे समय से उठ रही है लेकिन अभी तक उनका मानदेय नहीं बढ़ाया गया हैं।17 दिसंबर को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में समाजवादी पार्टी के विधायक पंकज मलिक ने शिक्षा मित्रों के मानदेय बढ़ाने और उन्हें स्थायी करने का मुद्दा उठाया था। इस मुद्दे को लेकर विपक्ष ने सदन में जोरदार विरोध जताया और सरकार से इस पर ठोस कदम उठाने की मांग की। भाजपा सरकार ने शिक्षा मित्रों के मुद्दे पर कोई ठोस समाधान नहीं दिया। शिक्षा मित्रों का यह विरोध तब और बढ़ गया जब उन्हें यह बताया गया कि फिलहाल कोई सकारात्मक बदलाव नहीं होगा। परिषदीय स्कूलों में लगभग 1.48 लाख शिक्षा मित्र कार्यरत हैं। वे राज्य की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था की अहम कड़ी हैं।

महाकुंभ का आमंत्रण देने त्रिपुरा जाएंगे मंत्री आशीष पटेल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल 22-23 दिसंबर को त्रिपुरा का दौरा करेंगे। इस विशेष दौरे का उद्देश्य प्रयागराज महाकुंभ 2025 के महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करना और त्रिपुरा के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को इस आयोजन में भाग लेने का निमंत्रण देना है। मंत्री 22 दिसंबर को अपराह्न में त्रिपुरा के अगरतला स्थित राज्य अतिथि गृह पहुंचेंगे। वहां वे त्रिपुरा के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे प्रयागराज महाकुंभ 2025 के महत्व पर चर्चा करते हुए उन्हें औपचारिक रूप से इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में भाग लेने का निमंत्रण सौंपेंगे।23 दिसंबर को महाकुंभ 2025 के प्रचार-प्रसार के तहत अगरतला में एक भव्य रोड शो का आयोजन किया जाएगा।

जिलाअधिकारी ने सरोजिनी नगर तहसील में आए फरियादियों की सुनी फरियाद

- सरोजिनी नगर तहसील में लेखपाल संघ के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के सरोजिनी नगर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लखनऊ जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने संपूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों की फरियाद सुनकर? तुरंत निस्तारण करने के दिशानिर्देश दिए हैं, सरोजिनी नगर तहसील समाधान दिवस पर लखनऊ जिलाअधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने जनसुनवाई की, जिलाधिकारी ने सभी से पिछले तहसील दिवस के शिकायतकर्ताओं से कॉल करके सत्यापित करने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आये प्रकरणों का तत्काल गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करवाया जाये और निस्तारण के सत्यापन के लिए शिकायतकर्ताओं को कॉल करके फीडबैक लिया जाये। वहीं इस दौरान के लेखपाल संघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा व उनकी टीम के द्वारा जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन दिया है। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में लेखपाल की हुई निर्मम हत्या के मामले में और कई अहम मुद्दों को लेकर लेखपाल संघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने लखनऊ जिलाअधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। संपूर्ण समाधान तहसील दिवस में कुछ अधिकारी अपने फोन पर व्हाट्सएप पर चैटिंग करते दिखाई दिए।

31 दिसंबर को नशा मुक्त महिला फुल मैराथन दौड़ की पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री ने कई जगह की बैठक

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले में 31 दिसंबर को होने वाली नशा मुक्ति महिला फुल मैराथन दौड़ को लेकर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मोहनलालगंज पूर्व सांसद कौशल किशोर ने लखनऊ के कई जगहों गांवों व कस्बों में सार्वजनिक बैठक की। बता दें कि शनिवार दोपहर बेहटा कुर्सी रोड दीपक लोधी के कार्यालय पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर तैयारी बैठक में शामिल होकर कार्यकर्ताओं एवं नशा मुक्ति अभियान से जुड़े कई लोगों के साथ मुलाकात कर बैठक में चर्चा की। इस दौरान राकेश शर्मा, सदाशिव मिश्रा, सतीश रावत मौजूद रहें। वहीं बीकेटी विधानसभा के रजौली में नशा मुक्ति अभियान को लेकर बैठक की। इस दौरान बीकेटी में माधुरी रावत गंगा देवी रावत माधुरी रावत,गंगा देवी रावत,मोहम्मद आरिफ, अजय रावत, मोहम्मद नदीम, अनिल तिवारी, अनिल पाल अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं शनिवार शाम को नशा मुक्त महिला फुल मैराथन दौड़ की रघुनंदन आशियाना रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी चिनहट लखनऊ में पार्टी की उपाध्यक्ष प्रतिमा सिंह के आवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक में चर्चा की। इस दौरान शीलू सिंह, सतीश रावत, राजकुमार लोधी, सदाशिव मिश्रा, सुमित अन्य मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश में बुलडोजर एक्शन पुलिस को पड़ा भारी हाईकोर्ट ने डीजीपी और एसएसपी को किया तलब

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

इलहाबाद हाईकोर्ट अपने आदेशों में योगी आदित्यानाथ के अधिकारी फंसते नजर आ रहे हैं। जस्टिस सलिल कुमार राय की बेंच ने डीजीपी प्रशांत कुमार और सहारनपुर के एसएसपी को बुलडोजर एक्शन को लेकर 27 दिसंबर को कोर्ट में तलब किया है।कोर्ट ने यूपी पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जाहिर करते हुए व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने कहा- क्यों न सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट का आदेश न मानने के लिए उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए।इलहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस सलिल कुमार राय ने देहरादून निवासी अलका सेठी की अवमानना याचिका पर सुनवाई की। वकील अवनीश त्रिपाठी और डॉ. आस्था मिश्रा ने पक्ष रखा। याची ध्रुव सेठी व उनकी पत्नी अलका सेठी ने सहारनपुर में एक जमीन का बैनामा कराया था, लेकि इस जमीन पर पुलिस की मदद से भू माफिया कब्जा करने लगा।मामले को लेकर पीड़ित दंपत्ति ने अलग-अलग 2 एफआईआर दर्ज कराई। मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी 2 बार शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इससे भू माफिया का हौंसला बढ़ता गया, उलटा अलका और ध्रुव के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मामला दर्ज हो गया। इस मामले पुलिस एक्शन में आ गई। पुलिस ने पीड़ित दंपत्ति के खिलाफ चार्जशीट बना दी, जिसके खिलाफ अलका और ध्रुव हाईकोर्ट पहुंच गए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अलका और ध्रुव के खिलाफपुलिस की चार्जशीट को निरस्त करने का आदेश दे दिया। यूपी डीजीपी को कहा कि दंपत्ति की तरफ से दर्ज कराई गई एफआईआर की 4 महीने में जांच करवाएं और जांच सहारनपुर एसएसपी से करवाई जाए। पीड़ित पति-पत्नी के अनुसार आदेश के 6 माह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। भू-माफिया और सरकारी लेखपाल ने मिलकर दंपती के घर को अवैध बताते हुए बुलडोजर से गिरवा दिया। इसकी शिकायत दंपती ने एसओ बिहारीगढ़ से की। कोई कार्रवाई न होने पर डीजीपी से शिकायत की, यहां भी कोई राहत नहीं मिली। लेखपाल के बुलडोजर एक्शन और हाईकोर्ट के आदेश को नहीं मानने के मामले में दंपती ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी को हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने को कहा। ध्रुव के मुताबिक घटनाक्रम के बीच उनकी पत्नी अलका सेठी के गर्भ में ही बच्चे की मौत हो गई थी। हाईकोर्ट में इसके साक्ष्य भी रखे गए। इसके बाद कोर्ट ने डीजीपी और एसएसपी सहारनपुर को तलब किया।

कैसरबाग बारादरी में लगी न्यू क्राफ्ट सिल्क इंडिया प्रदर्शनी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। क्रिसमस व नव वर्ष को लेकर न्यू क्राफ्ट सिल्क इंडिया प्रदर्शनी -2024 का आयोजन किया गया।पूरे भारत से मास्टर 100 बुनकरों द्वारा बनाए गए एथनिक और पारंपरिक सिल्क, कॉटन हैंडलूम उत्पादों का एक भव्य शो का कैसरबाग बारादरी में उद्घाटन राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्य मंत्री ने कहा, सराहनीय प्रयास है कि एक ही छत के नीचे प्रदेश के विभिन्न राज्यो के उत्पाद लखनऊ वासियों को किफायती दामों में उपलब्ध होते है । ऐसे आयोजनों को लेकर आने वाले प्रदर्शनी के आयोजक मानस आचार्या को बधाई दी । प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यो से आये बुनकरों से उत्पाद के बारे में जानकारी ली प्रदर्शनी में आये उत्पाद अपने आप मे अलग पहचान रखते है। जिसमे कि सिल्क साड़ी सूट ड्रेस मटीरियल स्टोल दुपट्टे कुर्ती शुद्ध और संभावित सिल्क टसर सिल्क शांतिपुर सिल्क उड़ीसा संभलपुरी इक्कत सिल्क साड़ी, बिहार- ओरेग्निक टसर सिल्क साड़ियाँ, सूट और स्टोल, असम- मुगा और एरी सिल्क साड़ियाँ, दानिश आजाद आंसारी ने सभी आर्टीजन्स व प्रदेश वासियों को क्रिसमस व नव वर्ष की बधाई दी।

रखे जायेंगे निबंधन मित्र घर बैठे करेंगे काम?

- डीड तैयार करने की फीस दो हजार तक चार्ज कर सकेगा निबंधन मित्र

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी में रोजगार पैदा करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।यूपी में रजिस्ट्री और प्रापर्टी संबंधी डॉक्यूमेंट तैयार करने की प्रक्रिया आसान करने बड़ी संख्या में निबंधन मित्रों की नियुक्ति होगी।

प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। निबंधन मित्र के लिए कुछ पात्रता शर्तें रखी गईं हैं। देश में अपनी तरह का यह पहला प्रयोग होगा।

निबंधन मित्र डीड तैयार करने की फीस रजिस्ट्री वैल्यू का एक फीसदी या दो हजार जो कम हो चार्ज कर सकेगा।50 रुपए प्रति डॉक्यूमेंट की जांच शुल्क तय की गई है।

उत्तर प्रदेश में हर साल करीब 38 लाख स्टांप रजिस्ट्रेशन होते हैं।इनमें से करीब आधी डीड तैयार की जाती हैं।अनुमान है कि निबंधन मित्र की न्यूनतम सालाना आय 3 लाख के करीब होगी। उन्हें कचहरी में ऑफिस लेने की जरूरत नहीं है,घर से ही काम कर सकेंगे।पढ़ी लिखी महिलाएं घर बैठे यह काम कर सकेंगी।सरकार ने निबंधन मित्रों की जवाबदेही तय की है। रजिस्ट्री से पहले उन्हें प्रापर्टी का फिजिकल वेरिफिकेशन करना होगा। साल में 5 गलत डीड मिलने पर उसे नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा।आईजी स्टाम्प के समक्ष जवाब देना होगा।निबंधन मित्र की मिनिमम एलिजिबिलिटी ग्रेजुएट होगी।उसके ऊपर कोई आपराधिक मुकदमा दायर न हो। सरकार ट्रेनिंग के बाद एक लाइसेंस नंबर देगी।लाइसेंस बनाए रखने के लिए साल में कम से कम पांच रजिस्ट्री करनी होगी। रजिस्ट्री डीड बनाने का अधिकार अधिवक्ता और डीड राइटर को पहले की तरह रहेगा।कोई व्यक्ति खुद भी डीड तैयार कर सकता ।घर बैठे काम करने की ऑनलाइन सुविधा मिलने के कारण कचहरी में लगने वाली भीड़ भी कम होगी।ऑफिस आने-जाने में होने वाले खर्च और समय की बचत होगी। शिक्षित महिलाओं को घर बैठे रोजगार का ऑप्शन मिलेगा।

सपा विधायक गिड़गिड़ाई, बीजेपी की मेयर ने एक न सुनी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सोशल मीडिया पर कानपुर जिले का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में सीसामऊ विधानसभा सीट से चुनीं गईं सपा विधायक नसीम सोलंकी कानपुर मेयर के सामने हाथ जोड़तीं नजर आईं। वीडियो में विधायक मेयर से सात दिन की मोहलत मांगते नजर आ रही हैं, जिसपर मेयर प्रमिला पांडेय एक सेकेंड का भी वक्त नहीं देने की बात कह रही हैं। इसके बाद मेयर ने बुलडोजर चलाने का आदेश दे दिया। मेयर और विधायक के बीच हो रही बातचीत का वीडियो अब जमकर वायरल हो रहा है।सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में नाले के ऊपर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिसे हटवाने के लिए नगर निगम ने बुलडोजर चलाया।अतिक्रमण हटाओ की इस कार्रवाई के दौरान खुद कानपुर से भाजपा मेयर प्रमिला पांडेय मौजूद रहीं। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की खबर जब सपा विधायक नसीम सोलंकी को लगी तो वह भी मौके पर पहुंच गईं और मेयर के सामने हाथ जोड़कर कार्रवाई रोकने की आग्रह करने लगीं। विधायक ने मेयर से सात दिन की मोहलत भी मांगी, लेकिन मेयर ने विधायक को मोहलत देने से साफ मना कर दिया। विधायक मेयर के सामने हाथ जोड़ती रहीं लेकिन मेयर ने एक न सुनी और बुलडोजर चलाने का आदेश दे दिया। कुछ दिन पहले सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में स्थित एक नाले में गिरकर एक बच्ची की मौत हो गई थी। बच्ची की मौत के बाद से लोगों में आक्रोश फैल गया था। अफसरों को जब बच्ची की मौत की खबर लगी तो नगर निगम में हड़कंप मच गया। आननफानन में अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी हो गए। शुक्रवार को भी बुलडोजर नाले पर मौजूद अतिक्रमण को हटाने के लिए कई अफसर जेसीबी के साथ पहुंचे थे, लेकिन लोगों ने विरोध शुरू कर दिया और सीसामऊ विधानसभा सीट से सपा विधायक नसीम सोलंकी को फोन करके बुला लिया। मेयर प्रमिला पांडेय भी पहुंच गईं।अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान मेयर प्रमिला पांडेय से सपा विधायक नसीम सोलंकी ने हाथ जोड़ते हुए सात दिन की मोहलत मांगी तो मेयर ने साफ तौर पर मना कर दिया मेयर ने विधायक से कहा कि आप जाइए, आप के रहने से लोग दबाव बनाएंगे। मेयर ने कहा, मैं आपके हाथ जोड़ती हूं, लेकिन एक सेकंड का भी वक्त नहीं दूंगी। बच्ची की मौत का जिक्र करते हुए मेयर ने कहा, कार्रवाई तो होकर रहेगी। मेयर ने बुलडोजर चलाने का आदेश दे दिया। मेयर और विधायक के बीच हुई इस बातचीत का वीडियो भी तेजी से वायरल होने लगा।

ग्राम चौपालों में 04 लाख 46 हजार प्रकरणों का हुआ निस्तारण

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,गांव की समस्या -गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है। बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं? के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1412 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4002प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 3455 ब्लाक स्तरीय अधिकारी तथा 6400 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।

तहसील डलमऊ में डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

- समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराए अधिकारी: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील डलमऊमेंसम्पूर्णसमाधानदिवसकाआयोजनकियागयाजिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील डलमऊ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 07 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गयाशेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिएइस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा एसडीएम डलमऊ अभिषेक वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम ने लालगंज के निर्माणाधीन उपरिगामी सेतु का किया निरीक्षण

रायबरेली जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ जनपद के निर्माणाधीन लालगंज उपरगामी सेतु के निर्माण कार्य का निरीक्षण कियानिरीक्षणकेसमयएन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि सेतु के निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है कुछ कार्य अवशेष हैं जिन्हें त्वरित गति से पूर्ण किया जा रहा है जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, जिससे आगामी नव वर्ष में सेतु सुगम यातायात हेतु जनमानस के लिए खोल दिया जाए और जनसामान्य का यातायात सुगम हो सके।

राजस्व टीम ने अवैध रूप से कब्जे की सरकारी जमीन को करवाया खाली

रायबरेली जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर अवैध कब्जेदारों के खिलाफ चल रहे अभियान के अंतर्गत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा व तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी के कुशल मार्ग दर्शन में ग्राम टिकरा में तालाब गाटा सं 557 मि0/25.135 हे0 में से 7.073 हे0 में अवैध रूप से रबी फसल की बुवाई कर उक्त गाटे पर अवैध रूप से कब्जा था जिसमें राजस्व निरीक्षक संतलाल, अरुण प्रताप सिंह, सुनील कुमार लेखपाल व पुलिस बल की उपस्थिति मे रबी फसल को ट्रैक्टर से जुताई कर फसल नष्ट करवाकर उक्त जमीन खाली कराई गई।

प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस । अमेठी

सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जन सामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील अमेठी में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुसाफिरखाना में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, तिलोई में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा तथा तहसील गौरीगंज में संबंधित उपजिलाधिकारी ने जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील गौरीगंज में बारह शिकायतें में प्राप्त हुई।जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील अमेठी में सत्रह शिकायतों में दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तिलोई में सत्ताइस शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में पैंतीस शिकायतों में से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें क्षेत्र में भेजी गई।

पोषाहार से वंचित लाभार्थी नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण ट्रैकर पर करायें अपना पंजीकरण

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत गर्भवती, धात्री महिलाएं, 7 माह से 3 वर्ष व 3 से 6 वर्ष के बच्चों तथा सैम अतिकुपोषित बच्चों को अनुपूरक पोषाहार के रूप में नैफेड द्वारा एक किग्रा चना दाल, एक किग्रा गेहूं की दलिया व 455 मिलीग्राम फोर्टिफाइड तेल दिया जाता है। उन्होंने बताया कि 3 से 6 वर्ष के बच्चों को फोर्टीफाइड ऑयल नहीं मिलता है।आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित होने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों को हॉट कुक मील प्राथमिक विद्यालय के सहयोग से उपलब्ध कराया जाता है। एवं त्रैमासिक रूप से चावल का आवंटन कोटेदार को होता है। कार्यकत्री द्वारा लाभार्थी को 3 माह 3 किग्रा की पर्ची दी जाती है। जिसे लाभार्थी कोटेदार को पर्ची देकर चावल प्राप्त करता है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित टेक राशन उत्पादन इकाई जो जगदीशपुर, गौरीगंज, मुसाफिरखाना व बाज़ारशुकुल में स्थापित है, कार्यकत्री द्वारा लाभार्थी को 3 माह 3 किग्रा की पर्ची दी जाती है।जिसे लाभार्थी कोटेदार को पर्ची देकर चावल प्राप्त करता है।उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित टेक राशन उत्पादन इकाई जो जगदीशपुर, गौरीगंज, मुसाफिरखाना व बाज़ार शुकुल में स्थापित है। उसके द्वारा आटा बेसन हलवा 7 माह से 3 वर्ष के बच्चों के लिए, आटा बेसन बर्फी प्री मिक्स दलिया, मूंग दाल खिचडी 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए आटा बेसन बर्फी प्री मिक्स, दलिया मूंग दाल खिचडी गर्भवती व धात्री महिलाओं के लिए, ऊर्जा युक्त हलवा सैम बच्चों के लिए उत्पादन किया जाता है। तथा जिस माह में टेक होम राशन उत्पादन इकाई से आपूर्ति होती है।

उस माह नैफेड से दाल तेल दलिया की आपूर्ति नहीं होता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में माह जून 2024 की आपूर्ति उत्पादन इकाई द्वारा नहीं किया गया है। तथा सितम्बर के बाद नैफेड द्वारा आपूर्ति नहीं की गई है। इस तरह इस वित्तीय वर्ष में पांच माह के पोषाहार की आपूर्ति हुई है। जिसका वितरण आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा लाभार्थियों को किया जा चुका है। इस क्रम में उन्होंने अपील किया कि यदि किसी लाभार्थी का नाम पंजीकरण से छूटा हो तो नजदीकी आंगनबाडी केन्द्र पर जाकर कार्यकत्री को अपना आधार और मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराकर पोषण ट्रैकर पर पंजीकरण करा लें। जिससे विभागीय योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही बताया कि पंजीकरण कराने के तीन माह बाद लाभार्थियों को अनुपूरक पोषाहार मिल पायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने समस्त सीडीपीओ, मुख्य सेविका व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को छूटे हुए लाभार्थियों के पंजीकरण व प्राप्त पोषाहार को नियमानुसार वितरण कराने को निर्देशित किया है।

बाइक में टक्कर मार ट्रैक्टर-ट्रॉली नाले में गिरी, एक की मौत, कई मजदूर घायल

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित हो गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार तीन लोगों में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली नाले में जा गिरी। टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल सेंटी पुत्र संतोष निवासी इतवारपुर थाना टप्पल अलीगढ़ को कैलाश अस्पताल ले जाया गया, वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

यूपी के अलीगढ़ स्थित टप्पल में मजदूरों से भरी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मारी और नाले में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कई मजदूर घायल हो गए हैं।

अलीगढ़-पलवल मार्ग पर सारोल मोड़ के निकट जेवर से टप्पल की ओर मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित हो गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार तीन लोगों में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली नाले में जा गिरी।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में तेल एवं गैस का उत्खनन एवं उत्पादन विषय पर कार्यशाला

जन एक्सप्रेस । जायस सिटी,अमेठी

राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस अमेठी में शनिवार को पेट्रोलियम अभियांत्रिकी विभाग द्वारा हाइड्रोकार्बन निदेशालय के सहयोग से भारतीय परिप्रेक्ष्य में तेल एवं गैस का उत्खनन एवं उत्पादन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा इस संबंध में लाये गये विभिन्न नीतियों के बारे में शिक्षा व शोध कार्य में जुड़े लोगों के बीच जागरुकता फैलाने और उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करना था। मुख्य अतिथि हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक अन्वेषण डॉ.कौस्तव नाग ने संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में लगभग 41.8 बिलियन टन तेल रिजर्व है।जिसमें से 25 बिलियन टन तेल का उत्पादन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हाइड्रोकार्बन उद्योग भारत के सकल घरेलू उत्पादन में 15 प्रतिशत तक योगदान कर रहा है।

और वर्ष 2050 तक भारत में ऊर्जा की माँग दोगुना होने की संभावना है।देश में वर्ष 2050 तक 1.9 प्रतिशत की दर से ऊर्जा की मांग बढ़ने की संभावना है। जबकि उस समय दुनिया के देशों में 2.6 प्रतिशत की दर से माँग घटेगी।

इस अवसर पर उन्होंने हाइड्रोकार्बन उत्खनन व लाइसेंसिंग नीती, राष्ट्रीय भूकंपीय परियोजना, ऑयल फिल्ड नियमन व विकास नीति, ओपेन एकरेज लाइसेंसिग नीति, तेल उत्पादन हेतु लघु क्षेत्र खोज नीति आदि के बारे में चर्चा की एवं शोध छात्रों की प्रतिक्रिया प्राप्त की।संस्थान के छात्रों के साथ चर्चा करते हुए डॉ.नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पंचामृत नीति की घोषणा की गई है। जिसके अंतर्गत भारत ने वर्ष 2030 तक जैव इंधन का उत्पादन की क्षमता 500 गीगा वाट तक बढ़ाने, अक्षय ऊर्जा से 50 प्रतिशत ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति,वर्ष 2030 तक एक बिलियन टन कार्बन ऊर्जा उत्सर्जन में कमी लाने,भारतीय अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता में 45 प्रतिशत तक कमी लाना एवं वर्ष 2070 तक नेट जीरो कार्बनउत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करना रखा गया है। जिसमें तेल एवं गैस क्षेत्र की सभी कंपनियाँ अपने संगठन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर योगदान दे रहे हैं।इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो.आलोक कुमार सिंह, ऑयल इंडिया लिमिटेड के उप मुख्य भूभौतिकीविद सुभ्यान दास गुप्ता प्रेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारी रगुराम कृष्णा, विभागाध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार सिन्हा, संस्थान के कुल सचिव जितेन्द्र प्रसाद सहित अन्य प्राध्यापक तथा पीएचडी. एवं बी.टेक के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

खेत में लगाए गए झटका मशीन के तार की चपेट में आने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जानवरों से रक्षा के लिए खेत में लगाए गए झटका मशीन के तार की चपेट में आने से शनिवार को एक युवक की मौत हो गई।जानवरों से रक्षा के लिए खेतों में लगाए गए झटका मशीन के तार मौत का कारण बनते जा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर खेत गया युवक झटका मशीन के तार की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।बताते चलें कि संग्रामपुर थाना क्षेत्र के करनाईपुर गांव ढकवा का रहने वाला 18 वर्षीय युवक गुफरान पुत्र अशफाक खेतों की तरफ गया था।तभी विश्वनाथ यादव के खेत मे जानवरों से रक्षा के लिए लगाए गए झटका मशीन के तार की करंट की चपेट में आ गया। करंट की चपेट में आने से गुफरान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना कि जानकारी मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। संग्रामपुर एसओ संदीप राय ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा अभी तहरीर नहीं दी गई है।तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

भारत के गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त किया जाय: इं. वीरेन्द्र यादव

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली भारत की संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय संविधान निर्माता करोड़ों, दलितों, पिछड़ों वंचितों के भगवान भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेदकर जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूरे देश में आक्रोश का वातावरण है।

इसी संदर्भ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद की समाजवादी पार्टी द्वारा समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट से जिले की प्रमुख सड़कों से होते हुए जोरदार प्रदर्शन करते हजारों कार्यकर्ता जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट पहुँचे और महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा, इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह को उनके पद से बर्खास्त किया जाय। उन्होनें कहा भाजपा सरकार संविधान एवं लोकतंत्र विरोधी है। विधायक श्याम सुन्दर भारती ने कहा कि गृहमंत्री देशवासियों से माफी माँगे।

विधायक राहुल लोधी ने कहा कि अमित शाह के बयान साबित करते हैं कि भाजपा सरकार दलित व पिछड़ों की विरोधी है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि भाजपा संविधान समाप्त करना चाहती है। प्रदर्शनकारियों द्वारा हाथी पार्क पर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की गयी कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर.पी. यादव, मो0 अरशद खान, मुकेश रस्तोगी, शशिकांत शर्मा उमाशंकर चौधरी, सुरेश निर्मल मेहरबान सिंह राजेन्द्र यादव बबलू लोधी जे.पी. यादव, जगदेव यादव, विनायक सोनकर, रज्जू खान पूनम मौर्या, शिवदुलारी यादव, अरूण प्रताप यादव मो0 अशफाक, रमेश मौर्या सौरभ सिंह, वीरेन्द्र बहादुर, सुरेश पासी, रामबरन लोधी, प्रमोद पटेल मो0 जावेद, रामू अनाड़ी, कृपाशंकर यादव, ममता सिंह, रेखा देवी, सोनी भारती, कान्ती वर्मा, आशुतोष यादव आशीष चौधरी, आशीष यादव, रामनरेश, आलोक यादव, इं. आदर्श, भीम सिंह चेतन कुमार, शुभम पाल सहित हजारों लोगों ने बाबा साहब अमर रहे एवं भाजपा सरकार विरोधी नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया एवं कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया।

रायन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया क्रिसमस कार्निवल

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

आज रायन इंटरनेशनल स्कूल के मैदान में क्रिसमस कार्निवल का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जिला कांग्रेस कमेटी के निर्वातमान अध्यक्ष पंकज तिवारी ने फीता काटकर किया इससे पहले मुख्य अतिथि से पंकज तिवारी का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती सदफ खान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कियाउन्होंने एक-एक कर सभी स्टालों का निरीक्षण किया तथा अपने भाषण में कहा कि विद्यालय में तरह की गतिविधियों से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है उन्होंने कहा कि रायन इंटरनेशनल स्कूल सर्वांगीण विकास का केंद्र है यहां पर शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। तक्षशिला स्कूल एवं फास्टर किड्स प्ले स्कूल एवं बी एस एस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नृत्य एवं गानों की शानदार प्रस्तुति की। छात्रों ने कार्निवल में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाएं जिसमें गेम के स्टॉल फूड स्टॉल जादू के स्टॉल आर्ट एंड क्राफ्ट स्टॉल प्रमुख थे क्रिसमस कार्निवल में जनपद के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने भी अपने-अपने स्टॉल लगाएं जिसमें प्रमुख इस प्रकार रहेनरेश ट्यूटोरियल, सन शिक्षा अकैडमी, तक्षशिला केटीएल ऑटोमोबाइल चिंतेश पॉलीक्लिनिक, ज्वेल पैलेस भारत ई रिक्शा शालीमार पैलेस गंगोत्री इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस बाबा खाटू श्याम फास्ट फूड कॉर्नर केकी बेटी बेकरी ने अपने अपने स्टॉल क्रिसमस कार्निवल में लगाया। प्रधानाचार्य श्रीमती सदफ खान ने क्रिसमस कार्निवल में आए हुए सभी अभिभावकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

राष्ट्रीय गणित दिवस पर याद किए गये महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में भारतवर्ष के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ गणितज्ञ रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी,साथ ही विद्यार्थियों ने पहेलियों और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर गणित के महत्व को समझा प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने विद्यार्थियों को बताया कि गणित के जादूगर कहे जाने वाले श्रीनिवास रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में महान योगदान दिया,1729 को रामानुजन संख्या के रूप में जाना जाता है जो दो संख्याओं 10 और 9 के घनों का योग है, उन्होंने जी. एच. हार्डी के साथ मिलकर वृत्त विधि का आविष्कार किया,जिसने 200 से आगे की संख्याओं के विभाजन का पहला सन्निकटन दिया।

गणित का हमारे जीवन में विशेष उद्देश्य है, यह व्यक्तियों को समस्या-समाधान कौशल से लैस करता है जो हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं में अमूल्य है, फिर चाहे हमें खर्चों की गणना करना हो, बजट की योजना बनाना हो या जटिल वास्तविक दुनिया के मुद्दों को हल करना हो, समस्याओं को तार्किक और व्यवस्थित तरीके से हल करने की क्षमता गणितीय प्रशिक्षण से ही प्राप्त होती है इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, बीएस त्रिवेदी माया देवी, अरविन्द कुमार शिवम सिंह, सुशील सिंह, सुभी सिंह सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

राही विकासखंड और गुरु गोविंद सिंह उद्यान में स्थापित प्रतिमाओं पर किया गया माल्यार्पण

शहर में स्थापित होगी आचार्य द्विवेदी की आदमकद प्रतिमा

- 86वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

युग प्रवर्तक साहित्यकार आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की 86वीं पुण्यतिथि पर शहर स्थित प्रतिमाओं पर हिंदी प्रेमियों और साहित्यकारों में पुष्पांजलि अर्पित की आचार्य द्विवेदी के साहित्यिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गएश्रद्धांजलि सभा में आचार्य द्विवेदी की आदमकद प्रतिमा की स्थापना का संकल्प लिया गया आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति के पदाधिकारी सदस्य और हिंदी प्रेमी रही विकासखंड परिसर स्थित आचार्य द्विवेदी प्रतिमा स्थल पर एकत्रित हुए माल्यार्पण और पुष्पांजलि के बाद आचार्य द्विवेदी अमर रहे के नारे गूँजे। इसके बाद सभी हिंदी प्रेमी गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान पहुंचे और आचार्य द्विवेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया श्रद्धांजलि समारोह में सभी ने उनके साहित्यिक औरपत्रकारिता के योगदान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साहित्यकार एसपी मिश्रा ने कविता सुनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की समिति के अध्यक्ष विनोद शुक्ल कहा कि शहर में सार्वजनिक स्थान पर बनने वाले पार्क में आचार्य द्विवेदी की आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी संयोजक गौरव अवस्थी ने बताया कि समिति के संरक्षक पंडित सरयू प्रसाद द्विवेदी के निधन के चलते पुण्यतिथि के आयोजन को स्थगित कर दिया गया है जनवरी के पहले सप्ताह में आयोजन संपन्न होगा महामंत्री अनिल कुमार मिश्रा ने कहा 27 वर्षों में आचार्य द्विवेदी स्मृति अभियान विदेश तक पहुंच चुका है समाजसेवी राकेश भदौरिया ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आचार्य द्विवेदी के योगदान को बुलाया नहीं जा सकता उनकी प्रतिमा स्थापना में हर संभव योगदान दिया जाएगा बैंक कर्मचारी नेता महेश सिंह ने कहा हिंदी भाषा को उन्होंने सर्वव्यापी बनाया जनपद के समस्त हिंदी प्रेमी उनकी स्मृति को जीवंत बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ग्रामीण बैंक कर्मचारी नेता विनोद शुक्ला, सुनील ओझा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आशीष संगठन के अध्यक्ष अनिल मिश्रा, अमित सिंह, पत्रकार राम सजीवन चौधरी, पत्रकार डीके त्रिपाठी, लंबू वाजपेई अमर द्विवेदीक्षमता मिश्रा, श्रीमती इंदु मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, दुर्गेश पांडे अभिषेक मिश्रा आदि प्रमुख रहे

दौलतपुर में प्रतिमा माल्यार्पण किया गया सरेनीजन्मस्थली दौलतपुर में भी आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की प्रतिमा पर किया गया। गांव के निवासियों ने आचार्य द्विवेदी के जन्म स्थान की उपेक्षा पर रोष व्यक्त किया। माल्यार्पण करने वालों में विनय शुक्ला, अरुण मिश्रा, जनक मिश्रा, लालू यादव पूर्व प्रधान, ननकू पाल, शिव गुलाम, संजय श्रीवास्तव, रामजी मिश्रा रहे।

सपा का प्रदर्शन: गृहमंत्री का पुतला...

लखीमपुर खीरी। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई विवादास्पद टिप्पणी के विरोध में.... शेष पेज 07 पर...

कानपुर मेयर ने मुस्लिम क्षेत्र में बंद पड़े मंदिरों को खुलवाया

■ मुस्लिम क्षेत्र के 120 मंदिरों को कब्जा मुक्त कराया जाएगा- मेयर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

संभल के बाद अब कानपुर में मेयर ने मुस्लिम बाहुल्य इलाके में बंद मंदिरों को खुलवाने की शुरुआत की है। शनिवार को अचानक प्रमिला पांडे सात थानों की फोर्स के साथ बेकनगंज क्षेत्र में पहुंची। वह एक-एक करके पांच मंदिरों पर गई। इसमें से एक मंदिर के पीछे पहले बिरयानी बनती थी। मेरे ने मंदिर का ताला खुलवाया। उसमें कूड़ा भरा था इस पर मेयर नाराज हो गई। उन्होंने अफसर से कहा देखिए क्या करके रखा है। मेयर ने कब्जा खाली करने की चेतावनी दी। प्रमिला 30 मिनट तक मुस्लिम बहुल इलाके में रही। उनके साथ एक एडीसीपी तीन एसीपी भी मौजूद रहे।

मेयर ने किन-किन मंदिरों को खुलवाया

सबसे पहले मेयर राम जानकी मंदिर पहुंची। इसमें कानपुर हिंसा के आरोपी मुख्तार बाबा ने कब्जा कर रखा था। पीछे के हिस्से में बिरयानी बनवाता था। हालांकि शत्रु संपत्ति घोषित होने के बाद जगह को सील कर दिया गया। मंदिर का हिस्सा अभी भी बचा है। इसके बाद मेयर 20 मीटर दूर राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। यह मंदिर गिर चुका है। इस पर किसी का कब्जा नहीं मिला। फिर मेहर शंकर भगवान के एक पुराने मंदिर पर पहुंची। यहां शिवलिंग के अवशेष थे लेकिन शिवलिंग मौजूद नहीं था मंदिर के पीछे के हिस्से में लोग रह रहे थे। शिवलिंग के बाद मेयर 200 मीटर आगे बंद पड़े राधा कृष्ण मंदिर के पास पहुंची। इस पर शटर लगा था। मेयर ने इसका ताला तोड़ने का प्रयास किया। इसमें कूड़ा भरा हुआ था मेयर ने इसे खाली करने के निर्देश दिए हैं। बगल में मौजूद मंदिर पर कब्जे को मेयर ने खाली करने की चेतावनी दी है।

मेयर बोली मंदिर में रोज पूजा होनी चाहिए

मेयर ने कहां सभी मंदिरों को खुलवाकर उनका रिनोवेशन कराया जाएगा। मंदिर में रोज पूजा शुरू कराई जाएगी। मंदिर को पूरी तरह कब्जा मुक्त किया जाएगा मंदिरों के अवशेष पूरी तरह सुरक्षित हैं। मंदिरों से मूर्तियां कहां गई इसकी जांच होनी चाहिए। कानपुर नगर निगम ने पिछले दिनों एक सर्वे कराया था। इसके मुताबिक करीब 120 से ज्यादा मंदिर मुस्लिम क्षेत्रों में बंद पड़े हैं। नगर निगम और जिला प्रशासन मिलकर इन सभी मंदिरों को कब्जा मुक्त व मंदिरों में पूजा शुरू करने के लिए पूरा प्रयास करेगी।

राष्ट्रीय कायस्थ महासमागम का वन मंत्री अरुण सक्सेना ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

दो दिवसीय राष्ट्रीय कायस्थ महासंगम का आयोजन निराला नगर रेलवे ग्राउंड में किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के वन मंत्री अरूण सक्सेना ने दीप प्रज्जवलित कर समागम का शुभारंभ किया। समागम में वन मंत्री ने स्मारिका का विमोचन किया। राष्ट्रीय कायस्थ महा परिषद के कार्यक्रम संयोजक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव व कायस्थ समाज के लोगों ने मुख्य अतिथि अरुण सक्सेना का सम्मान किया। मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि कायस्थ समाज का अतीत बहुत गौरवशाली रहा है, हमारे समाज ने बहुत बड़े-बड़े लोगों को जन्म दिया है। अध्यात्म के क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद का नाम किसी परचिय का मोहताज नहीं है शिकागो में स्वामी विवेकानंद की स्पीच व धर्म के प्रचार प्रसार किया उनका कोई मुकाबला नहीं है। समाज सेवा में राजाराम मोहन राय ने सती प्रथा पर रोक लगाई। उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद्र ने दिल को छूने वाले प्रेरणादायक उपान्यस लिखे। आर्यभट्ट, सीवीरमन जैसे वैज्ञानिक देश को कायस्थ समाज ने ही दिए हैं। वन मंत्री अरुण सक्सेना ने कायस्थ समागम को शुभकामानाएं दीं। उन्होंने बताया कि 1952 के यूपी असेंबली के पहले चुनाव में कायस्थ समाज से 50 विधायक थे वहीं 2022 के चुनाव में मात्र 3 विधायक कायस्थ समाज से थे। भाजपा ने उप चुनाव में कायस्थ वर्ग के 2 सदस्य जीत कर आने के बाद समाज के विधायकों की संख्या 5 हो गई है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि समागम का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों को एकजुट करना है। वहीं कायस्थ समाज के बच्चों को नौकरी मुहैया कराना है। बच्चों को नौकरी मांगने की बजाय नौकरी देने वाला कैसे बनाया जाए इसका भी लक्ष्य निर्धारित करना है। एमएसएमई के माध्यम से दो हजार युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया है। समागम में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दिल्ली के ब्लाइंड ब्वॉय दिवाकर शर्मा और लखनऊ की जय श्रीवास्तव ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा।

समागम में मुंबई से प्रमोद श्रीवास्तव, बिहार से डॉ उदय श्रीवास्तव, जयपुर से दिनेश माथुर, उदयपुर से ललित माथुर, नोएडा से राजेश श्रीवास्तव, महेंद्र निगम, प्रदीप निगम, कोटा से कुलदीप माथुर, गाजियाबाद से पीसीएल श्रीवास्तव, रोहित सक्सेना आदि शामिल हुये।

सड़क हादसे में ट्रांसपोर्टर की हुई दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पनकी थाना क्षेत्र के न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में शुक्रवार को तेज रफ्तार लीडर ने बाइक में टक्कर मार दी। हाथ से में ट्रांसपोर्टर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया जहां उपचार के दौरान ट्रांसपोर्टर ने दम तोड़ दिया। घटनाक्रम के मुताबिक घाटमपुर के भगवंतपुर गांव के रहने वाले सत्येंद्र कुमार उम्र 28 वर्ष पुत्र बाबूराम ट्रांसपोर्टर का काम करता था। परिवार में मां कुसमा दो भाई नरेंद्र और धीरेंद्र रहते हैं। नरेंद्र के मुताबिक शुक्रवार को भाई बाइक से रोज की तरह न्यू ट्रांसपोर्ट नगर गया हुआ था। वहां पर पहुंचते ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार एक लीडर ने टक्कर मार दी। हाथ से में उसके सिर पर गंभीर चोटे आ गई। मौके पर मौजूद भीड़ में लीडर चालक को दौड़ा कर पकड़ लिया। इसके बाद मौके से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। यहां पर स्थिति नाजुक देखते हुए घायल को हैलेट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हाइलाइट में देर रात उपचार के दौरान ट्रांसपोर्टर की मौत हो गई। इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

क्षयरोग मुक्त जनपद की मुहिम में शामिल हुआ लॉयनेस क्लब

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

क्षयरोग मुक्त जनपद की मुहिम में शामिल होकर लॉयनेस क्लब ने एक अच्छी पहल की है। जिला क्षयरोग अधिकारी के निर्देशन में शनिवार को केपीएम चिकित्सालय में लॉयनेस क्लब द्वारा कुल 20 क्षयरोगियों को गोद लिया गया। इस दौरान गोद लिये क्षयरोगियों को पोषण पोटली देने के साथ ही भावनात्मक सहयोग देने का भी वादा किया गया। इस दौरान केपीएम चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आरसी यादव ने कहा की यदि दो सप्ताह से ज्यादा खांसी हो, शाम के समय बुखार आये, लगातार वजन में कमी हो, रात में पसीना आये और शरीर के किसी भी अंग में दर्द हो, बलगम में खून आये तो यह टीबी हो सकती है। इसे नजरंदाज न करें और शीघ्र ही निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी की जांच और इलाज निशुल्क है। डॉ यादव ने प्रधानमंत्री के इस अभियान को समर्थन देते हुए कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम इस अभियान में सहयोग करें और टीबी मुक्त देश के निर्माण में योगदान दें। क्षयरोग विभाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक राजीव सक्सेना ने टीबी के लक्षणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टीबी को लेकर भ्रान्ति है कि यह लाइलाज है जबकि नियमित दवा और पौष्टिक व प्रोटीनयुक्त आहार का सेवन करने से यह बीमारी ठीक हो जाती है। इसी उद्देश्य के साथ निक्षय मित्र योजना शुरू की गयी है जिसके तहत व्यक्तिगत तौर से या कोई भी संस्थान टीबी मरीज को गोद लेकर इलाज के दौरान उन्हें पोषण सामग्री उपलब्ध करा सकता है। साथ ही बताया कि टीबी कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। नियमित दवाओं और प्रोटीनयुक्त पौष्टिक भोजन के सेवन से यह बीमारी ठीक हो सकती है। इसी उद्देश्य से निक्षय मित्र योजना की शुरुआत की गई है, जिसमें व्यक्तिगत तौर पर या कोई संस्था टीबी मरीजों को गोद ले सकती है और उन्हें इलाज के दौरान पोषण संबंधी सहायता प्रदान कर सकती है। इससे उन मरीजों को लाभ होता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं और उनकी खाद्य आवश्यकताएं पूरी नहीं हो पातीं। इसके अलावा, मरीजों को यह समर्थन मिलता है कि वे इस बीमारी से अकेले नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि उनके साथ कोई है। उन्होंने बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत, टीबी मरीजों को इलाज के दौरान 1,000 रूपये की धनराशि उनके खाते में भेजी जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाना है, और इसमें हर किसी की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस दौरान डॉ सर्वजीत, एसटीएस शाहीन, एसटीएलएस शाहिद, एसएम सुंग्निना, टीबीएचवी अमित सहित लॉयनेस क्लब से कीर्ति, कृष्णा व कविता और चिकित्सालय का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

मां के हत्यारे बेटे को उम्रकैद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चाकू से वार कर मन की हत्या करने वाले बेटे को एडीजे तीन की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है। चकेरी थाना क्षेत्र में वर्ष 2011 को युवक द्वारा इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। पोस्टमार्टम में मृतका के शरीर में सात जगहों पर छोटों के निशान पाए गए थे। हत्या की रिपोर्ट युवक की सास ने दर्ज कराई थी। हालांकि कोर्ट में गवाही के दौरान वादिनी व युवक की पत्नी अपने बयान से मुकर गई। घटनास्थल पर युवक की मौजूदगी आला कत्ल की बरामदगी व हत्या रूपी के दोस्त की गवाही ने सजा में अहम योगदान दिया। वादिनी रेखा सिंह ने वर्ष 2011 में चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी बेटी शशि की शादी 20 अप्रैल 2008 को एचएएल कॉलोनी निवासी रविंद्र सिंह भदोरिया के साथ हुई थी। शादी बाद बेटी वह दामाद के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। 30 मई 2011 को बेटी घबराते हुए घर आई और पति के साथ ना रहने की बात कही। रेखा बेटी के ससुराल पहुंची तो देखा कि रविंद्र की मां मीरा देवी का खून से लथपथ शव जमीन पर पड़ा था और रविंद्र मौके पर मौजूद था रेखा की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था। मामला एडीजे तीन कंचन सागर की कोर्ट में ट्रायल पर था। एडीजीसी ओमेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि अभियोजन की ओर से मामले में 11 गवाह पेश किए गए थे जिसमें वादिनी रेखा सिंह व उसकी बेटी शशि अपने बयानों से मुकर गई थी। कोर्ट में हत्या आरोपी के दोस्त राजेश पासवान के बयान अहमद रहे। राजेश के बयानों के आधार पर ही कोर्ट ने आरोपी रविंद्र को दोषी कर देते हुए आजीवन कारावास व 12 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

पीपीएन मेमोरियल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पी.पी.एन. मेमोरियल स्कूल परेड कानपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधिका श्रीमती परमिंदर स्वरूप ने गुब्बारे उड़ाए एवं खेलकूद का ध्वज फहराकर उद्घाटन किया एवं बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के बच्चों ने रिंग, एल्फाबेटिक, कार रेस, ग्रो मोट, ट्री, सेफ, सैक, हैंडल बैलेंसिंग रेस, के लिए धरती को हरा भरा बनाना एवं अनुशासन में रहने का संदेश दिया। देश भक्ति के जज्बे से तबरेज बच्चों ने मां तुझे सलाम वंदे मातरम गीत पर परामिड बनाया,, लेजियम पॉम पॉम, एवं बाल ड्रिल द्वारा अभिभावकों को भाव विभोर कर दिया। प्रधानाचार्य पूनम सिंह ने धन्यवाद दिया।

यू सी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गणेश नगर में जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

यू सी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की ओर से मां भगवती मेमोरियल चैरिटेबल सोसायटी के द्वारा सोमवार, दिनांक 21 दिसंबर 2024 को मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन यू. सी. मेमोरियल स्कूल, रावतपुर गांव, कानपुर में किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं को मासिक धर्म के समय होने वाली समस्याओं के समाधान हेतु चर्चा की गई और उन्हें ऋस्क्क के द्वारा दिए गए श्वह्म्श-द्गड्डह्यद्ग सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को मासिक धर्म के समय होने वाली समस्याओं के लिए जागरूक करना और बेहतर स्वास्थ्य के लिए अच्छे सेनेटरी पैड का उपयोग करना बताया गया। क्योंकि जब बालिकाएं और महिलाएं स्वस्थ होगी, तभी स्वस्थ भारत का निर्माण हो पाएगा। कार्यक्रम में मासिक धर्म कप के बारे में भी जागरूक किया गया, मासिक धर्म कप के इस्तेमाल से सैनिटरी पैड से फैलने वाले कचरे को कम कर सकते हैं और पर्यावरण को स्वच्छ बना सकते हैं, यह पर्यावरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

क्योंकि एक मासिक धर्म कप का इस्तेमाल 10 साल तक किया जा सकता है जबकि एक महिला अपने पूरे जीवन काल में लगभग 7000-75000 सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करती है। जो पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक है। इसके साथ ही स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ज्योति सिंह ने बालिकाओं को ग्रीवा कैंसर के बारे में जागरूक किया और उसके बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर संस्था की सचिव अनुराधा सिंह, संयोजिका शुभम वर्मा, स्कूल प्रिंसिपल दीपिका श्रीवास्तव, सक्सेस कॉरिडोर की संस्थापक पूजा सिंह, डॉ कविता अरोड़ा के अलावा स्कूल की शिक्षिकाएं और महिलाएं भी उपस्थित रही।

गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन ने छात्राओं को पीटा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की वार्डन ने छात्रों के साथ जमकर मारपीट की है वार्डन ने छात्रों को बोल पड़कर पिता है इसके बाद बेड पर लिटाकर बेरहमी से पीटा है। नशे की हालत में जाति सूचक ते हुए करियर खराब करने की धमकी तक दे डाली मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल।

कानपुर के राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास इंदिरा नगर कल्याणपुर कानपुर की वार्डन किरण बाबा पर बालिका छात्रावास की छात्राओं ने मारपीट का आरोप लगाया है उन्होंने कहा है की किरण बाबा आए दिन शराब के नशे में लड़कियों के साथ मारपीट और जाति सूचक गालियां देती है।

पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

आईआईटी पांडु नगर से पढ़ाई कर रही कन्नौज निवासी छात्रा ने आज अपनी साथी छात्रों के साथ कानपुर पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन दिया है उन्होंने वार्डन के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए सख्त कार्रवाई करने की मांग की है पीड़ित छात्रा ने बताया कि राजकीय छात्रावास की कर्मचारी गुड़िया सिंह शराब पीकर नशे हालत में उनके छात्रावास रूम नंबर 16 में घुसकर बगैर किसी कारण बाल पकड़ कर लात घुसो थप्पड़ों से बुरी तरह पिटाई की जाति सूचक शब्दों से गणित कर बुरी बुरी गालियां दी। पीड़िता नहीं यह भी बताया की प्रार्थना के पुलिस में शिकायत करने की बात पर वार्डन ने छात्रों का कैरियर बर्बाद करने व छात्रावास से निकलवाने की धमकी भी दे डाली।

मुख्य विकास अधिकारी ने किया जयपुरिया उपरिगामी सेतु का स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन द्वारा

जयपुरिया उपरिगामी सेतु का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड कानपुर एवं परियोजना प्रबन्धक, सेतु निर्माण निगम उपस्थित थे। इस सेतु की लम्बाई 992 मी0 है। निरीक्षण के दौरान फूलबाग की ओर कार्य बन्द था, किन्तु सर्किट हाउस की ओर कार्य चल रहा था। सर्विस रोड पर कम्पेक्शन का कार्य किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी के ठेकेदार द्वारा अवगत कराया गया कि सर्विस रोड पर 20 सेमी0 मोटाई के कम्पेक्शन है, किन्तु मौके पर खुदाई कराने पर कम्पेक्शन की मोटाई मात्र 10 सेमी0 पायी गयी। निर्देश दिये गये कि सर्विस रोड एवं उपरिगामी सेतु के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। उपरिगामी सेतु के निकट ठेकेदार फर्म द शेल्टर के द्वारा सेतु निगम में प्रयोग किये जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच हेतु प्रयोगशाला स्थापित की गयी है, जो मानक के अनुरूप नहीं पायी गयी। सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इस प्रयोगशाला में मानक के अनुरूप समस्त आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाए। रेल विभाग द्वारा अपने भाग का कार्य किया जा रहा है। सम्पूर्ण कार्य की गति बहुत धीमी है, जिसे तेजी से पूर्ण करने हेतु सेतु के दोनों सिरों पर कार्य करने तथा श्रमिकों की संख्या बढाने के निर्देश दिये गये। इस सेतु का निर्माण निर्धारित समय-सीमा माह जून, 2025 तक पूर्ण हो सकें।

वीरबाल दिवस पखवाड़ा 22 से 26 दिसंबर तक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। वीरबाल दिवस पखवाड़ा 22 से 26 दिसंबर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित भारतीय जनता पार्टी के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश पाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में वीरबाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को वीरबाल दिवस को राष्ट्रीय दिवस के रूप में घोषित करने के उपलक्ष्य में, भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में 22 दिसंबर से 26 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि वीरबाल दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत सभी मंडलों और जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अवसर हमारे इतिहास और संस्कृति को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण क्षण है। कार्यक्रम का शुभारंभ वीरबाल दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ 22 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा कानपुर में किया जाएगा। मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि मौर्य सुबह 11.00 बजे कानपुर पुलिस लाइन पहुंचेंगे। वहां से वे गुमटी गुरुद्वारा जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद, वे ओंकारेश्वर विद्यालय, नेहरू नगर में आयोजित एक गोष्ठी को संबोधित करेंगे। क्षेत्रीय पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे और निर्देश दिए कि वे अपने-अपने मंडलों में कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। कार्यक्रमों के माध्यम से वीरबाल दिवस के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। 22 दिसंबर से 26 दिसंबर तक वीरबाल दिवस पखवाड़ा का आयोजन। 22 दिसंबर को कानपुर में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे शुभारंभ। गुमटी गुरुद्वारा में मत्था टेकने और नेहरू नगर में गोष्ठी को संबोधित करने का कार्यक्रम।

शांति देवी शुक्ला मेमोरियल अंडर-14 इंटर स्कूल फुटसल चैंपियनशिप- नॉर्थ वेस्ट स्पोर्ट्स अकादमी ने मारी बाज़ी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर फुटसल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित शांति देवी शुक्ला मेमोरियल अंडर-14 इंटर स्कूल फुटसल चैंपियनशिप 2024 का शानदार समापन 21 दिसंबर को हुआ। इस टूर्नामेंट का आयोजन 20 और 21 दिसंबर को आर्य नगर स्थित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में किया गया। दो दिवसीय इस चैंपियनशिप में शहर के विभिन्न स्कूलों की टीमों ने भाग लिया और खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में खेल भावना, अनुशासन और फुटसल के प्रति रुचि को बढ़ावा देना था। फाइनल मुकाबले में नॉर्थ वेस्ट स्पोर्ट्स अकादमी (खलासी लाइन) ने अपने आक्रामक खेल प्रदर्शन के बल पर एलेन हाउस पनकी को 3-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इस रोमांचक फाइनल में प्रतीक चौहान को %बेस्ट प्लेयर का खिताब दिया गया। सेमीफाइनल मुकाबलों में भी कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले सेमीफाइनल में नॉर्थ वेस्ट स्पोर्ट्स अकादमी ने एलेन हाउस पब्लिक स्कूल को 4-0 से हराया, जहां अजान अली खान को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में एलेन हाउस पनकी ने एलाइजर पब्लिक स्कूल को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस मुकाबले के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आदित्य रहे। चैंपियनशिप के समापन समारोह में कानपुर की महापौर श्रीमती प्रमिला पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रणीत अग्रवाल, कन्वीनर अमिताभ गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी डॉ. विकास विक्टर, और कोषाध्यक्ष सुधीर शुक्ला भी उपस्थित रहे। इनके साथ अन्य प्रमुख पदाधिकारी, जिनमें सचिन शुक्ला, जय बजाज, राजेश जायसवाल, शशिकांत खांडेकर, आर. पी. सिंह, अशोक गुप्ता, अनिल शर्मा, आशु मेहरोत्रा, और शरद सिंघल शामिल थे, ने भी प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। इस टूर्नामेंट का आयोजन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। आयोजकों ने खिलाड़ियों के चयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की, जिससे प्रतियोगिता में खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का स्तर उच्च बना रहा। इस आयोजन ने छात्रों को न केवल अपने खेल कौशल को निखारने का मौका दिया बल्कि उनमें आत्मविश्वास और खेल के प्रति समर्पण की भावना भी जगाई।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

विपक्षी एकता की दरकती दीवार और बाबा साहेब का अपमान

भाजपा और मोदी पर संविधान बदल कर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाकर पिछले लोकसभा चुनाव में आंशिक सफलता हासिल करने वाले कांग्रेसी नेताओं की कलई भी अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान खोलकर रख दी। उन्होंने तथ्यों के आधार पर समझाया कि किस तरह कांग्रेस सरकारों की वजह से जम्मू और कश्मीर के दलितों और पिछड़ों को आरक्षण के लाभ से वंचित रखा गया। जामिया मिलिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में दलितों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका। अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने विस्तार से बताया कि किस तरह दो बार पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आम्बेडकर को चुनाव हराने के लिए पूरी ताकत लगाई।

संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में चार दिनों तक लम्बी चर्चा चली। राज्यसभा में चर्चा का जवाब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिया। उन्होंने अपने लगभग एक घण्टा 40 मिनट लम्बे भाषण में जिस तरह से तथ्यों और तर्कों को रखा उसने कांग्रेस नेतृत्व को मुंह छिपाना मुश्किल हो रहा था। अमित शाह के भाषण के दौरान राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा जयराम रमेश, दिग्विजय सिंह जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे लेकिन कोई भी नेता दमदारी से अमित शाह के तर्कों का विरोध नहीं कर सका। राज्यसभा की कार्यवाही के बाद कांग्रेस नेताओं ने अमित शाह के राज्यसभा में दिए गए भाषण में से 12 सेकेण्ड की विडियो क्लिप निकाल कर हंगामा करना शुरू कर दिया। भाजपा और मोदी विरोधी तंत्र सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गया और यह प्रचारित किया जाने लगा कि अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान बाबा साहेब का अपमान किया है। इसके बाद बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी समेत कई विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हो गए। कांग्रेस के उठाए मुद्दे पर इन दलों की जुगलबंदी के बाद तमाम राजनैतिक विश्लेषक कयास लगाने लगे कि पिछले दिनों विपक्षी एकता में जो दरारें दिख रही थी, वह इस मुद्दे के बाद थम जाएगी। लेकिन बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी एकता कायम होने की उम्मीद जताने से पहले दो बिन्दुओं पर विचार करना अपरिहार्य है। पहला यह कि आखिर ममता बनर्जी, लालू प्रसाद यादव, शरद पवार, अखिलेश यादव और दूसरे क्षेत्रीय दलों के नेता कांग्रेस को पीछे क्यों ढकेलना चाहते हैं। दूसरा, बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी दल कांग्रेस का किस हद तक बचाव कर सकेंगे जबकि ऐतिहासिक तथ्य इस मामले में कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा करते हैं। दरअसल, राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने जिस आक्रामक अंदाज में कांग्रेस को घेरा, उसने राहुल गांधी के 'संविधान बचाओ' अभियान की पोल खोल कर रख दी। उन्होंने अपने भाषण में ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर सिलसिलेवार तरीके से बताया कि किस तरह कांग्रेस की सरकारों ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तक के कार्यकाल में निजी और राजनैतिक हित साधने के लिए संविधान में बदलाव किए। उन्होंने पहले संविधान संशोधन का जिक्र करते हुए बताया कि इसके जरिए देश के आम लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को छीनने का प्रयास किया गया। इसके बाद इंदिरा गांधी ने अदालत से उनके खिलाफ आए एक फैसले के बाद अपनी कुर्सी बचाने के लिए आपातकाल लगा दिया और देश के नागरिकों के मौलिक अधिकार तक छीन लिए। राजीव गांधी ने तो वोटबैंक के लालच में शाहबानो मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले को ही पलट दिया गया। इसके उलट मोदी सरकार ने पिछले दस साल के शासनकाल में संविधान में जो भी संशोधन किए हैं उनका उद्देश्य देश को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक मोर्चे पर मजबूत बनाना रहा है। इसके लिए उन्होंने महिलाओं के आरक्षण देने, पूरे देश में एक समान कर प्रणाली (जीएसटी) लागू करने और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 निष्प्रभावी करने जैसे कई संविधान संशोधनों का जिक्र किया।

एक्सप्रेस आलेख

अंबेडकर जी मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किए जा रहे गांधी जी, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना के पुरजोर विरोध में थे। अंबेडकर जी की पुस्तक थॉट्स ऑन पाकिस्तान में इसका पूरा विवरण है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के चलते कांग्रेस ने देश का विभाजन कर डाला। बाबासाहेब का यह स्पष्ट मानना था कि चूँकि धर्म आधारित विभाजन हुआ है अतः संपूर्णतः तुम उधर-हम इधर की नीति अपनाई जानी चाहिए। बाबासाहेब ने अपनी पुस्तक थॉट्स ऑन पाकिस्तान में भारत के धार्मिक आधार पर पूर्ण विभाजन के आशय से पृष्ठ 103 पर लिखा यह बात स्वीकार कर लेनी चाहिए कि पाकिस्तान बनने से हिंदुस्तान सांप्रदायिक समस्या से मुक्त नहीं हो जाएगा।

सच ही तो है, अंबेडकर जी सम्मान का विषय हैं फैशन का नहीं

प्रवीण गुगनानी

मुंबई से दो बार अंबेडकर जी को चुनाव में षड्यंत्रपूर्वक हरवाया गया। इन दोनों बार के चुनावों में अंबेडकर जी की पराजय को सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री नेहरू जी ने स्वयं मुंबई जाकर चुनाव प्रचार किया था व अपने विरोधी दलों से भी अंबेडकर जी को पराजित कराने हेतु मित्रतापूर्ण संबंध बनाए थे।

भाजपा के डीएनए में प्रारंभ से ही दलित विमर्श रहा है, क्योंकि इसका मातृ संगठन आरएसएस प्रारंभ से ही सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने वाला संगठन रहा है। इस दलित विमर्श के ही डीएनए का परिणाम है कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इस देश में अंबेडकर जी को 'भारत रत्न' सम्मान मिल पाया। अंबेडकर जी को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया, उसने तो नेहरू जी के प्रधानमंत्री रहते नेहरू जी को और इंदिरा जी की सरकार रहते इंदिराजी को भारत रत्न दे दिया था। अंबेडकर जी, संत पेरियार, महात्मा फुले, नारायण स्वामी जैसे दलित महापुरुष संघ के प्रतिदिन होने प्रातः स्मरण मंत्र में सम्मिलित हैं। संघ के स्वयंसेवक जो भाजपा के कार्यकर्ता बनते हैं वे प्रतिदिन सुबह के अपने प्रातः स्मरण के मंत्र में अंबेडकर जी का नाम श्रद्धा से लेते हैं। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व के सबसे बड़े मजदूर नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी तो बाबासाहेब के चुनाव में आधिकारिक एजेंट की भूमिका में रहे हैं। इस तथ्य से आप उस कालखंड में संघ व अंबेडकर जी की म्यूचुअल अंडरस्टेंडिंग या केमिस्ट्री को समझ सकते हैं। संघ के मूल चिंतन में दलित चिंता सदैव से रही है, इसका परिणाम है कि, मुंबई में जिस स्थान पर भाजपा का जन्म हुआ, उस स्थान का नाम संघ के प्रचारकों ने ÷समता नगर÷ रखा था। यह नाम एक बड़ा प्रतीक था भाजपा के दलित चिंतन वाले डीएनए का। बड़े दलित नेता व दलित पेंथर मूवमेंट के नेता दत्ताराव सिंदे यह सब देखकर ही भाजपा के कार्यकर्ता बने थे। संविधान पर चर्चा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा उसके पहले 11 सेकंड के अंश को भ्रामक रूप से देश भर में फैलाया जा रहा है। इससे कांग्रेस, अंबेडकर जी को फैशन का विषय मानने के, अपने चिर पुराने चरित्र को ही दोहरा रही है। गृहमंत्री जी के इस व्यक्तव्य को यदि पूरा सुनेंगे तो अंबेडकर जी के अपमान के सारे वहम दूर हो जाते हैं। अमित शाह ने कहा - हमे तो आनंद है कि अंबेडकर का नाम लेते हैं। अंबेडकर का नाम आप 100 बार ज्यादा लो, लेकिन साथ-साथ अंबेडकर जी के प्रति आपका भाव क्या है, ये भी बताता हूं। अंबेडकर को देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों देना पड़ा। अंबेडकर जी ने कई बार कहा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के प्रति हो रहे व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति

आज जो कांग्रेस और कुछ अन्य दल अंबेडकर जी का नाम फैशन में या सत्तामोह में ले रहें हैं उन्हें इस बात को स्पष्ट तौर पर समझ लेना चाहिए कि अंबेडकर जी केवल और केवल सम्मान का विषय हैं फैशन का नहीं!

से मैं असहमत हूं और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं। शाह ने आगे कहा, अंबेडकर जी को आश्वासन दिया गया, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया, बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कई बार कहा कि वह अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ होने वाले व्यवहार से असंतुष्ट हैं। अंबेडकर को आश्वासन दिया गया था, जो पूरा नहीं हुआ, इसलिए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।÷ बार बार संविधान और फैशन में अंबेडकर जी का नाम रटने वाली कांग्रेस ने तो बाबा साहेब को संविधान सभा के 296 सदस्यों में अंबेडकर जी को प्रवेश तक भी न मिलने देनें हेतु षड्यंत्र रचे थे। बाद में दलित नेता जोगेंद्रनाथ मंडल के सहयोग से वे येन केन प्रकारेण संविधान सभा में प्रवेश कर पाये थे। अंबेडकर जी बंगाल की जिस खुलना जैसोर सीट से संविधान सभा में पहुँचे थे वह इकहत्तर प्रतिशत हिंदू बहुल थी। देश विभाजन में ईक्कावन प्रतिशत हिंदू बहुल वाले क्षेत्रों को भारत में रहने देना तय हुआ था। केवल बाबासाहेब को संविधान सभा में घुसने से रोकने के लिए कांग्रेस ने बंगाल का यह इकहत्तर प्रतिशत वाला जिला पाकिस्तान को दे दिया था ताकि अंबेडकर जी की संविधान सभा की सदस्यता रद्द हो जाए। आज अंबेडकर जी का नाम फैशन में लेने वाली कांग्रेस ने तो अंबेडकर जी का चित्र तक लोकसभा में नहीं लगने दिया था। संसद में, गैरकांग्रेसी सरकार बनने पर ही अंबेडकर जी का चित्र लग पाया था। भाजपा ने अंबेडकर जी से जुड़े पाँच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। बाबासाहेब लंदन में जिस घर में रहे, भाजपा सरकार ने उसका भी अधिग्रहण किया व उनके स्मारक के रूप में उसे लंदन तक में विकसित किया। भाजपा ने ही चैत्य भूमि को विकसित किया और प्रधानमंत्री मोदी वहाँ स्वयं प्रार्थना करने हेतु गए। भाजपा ने दिल्ली के 26, अलीपुर रोड को भी विकसित किया जहां बाबासाहेब ने अपना अंतिम समय व्यतीत किया था। देश विभाजन की जनक कांग्रेस के सामने बाबासाहेब प्रारंभ से ही अखंड भारत के पक्ष में थे। यह नेहरू जी को बहुत भयभीत करता था। नेहरू जी वे अंबेडकर जी की प्रतिभा को जानते थे अतः वे उन्हें सत्ता की दहलीज़ तक भी नहीं आने देना चाहते थे। अंबेडकर जी मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किए जा रहे गांधी जी, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना के पुरजोर विरोध में थे। अंबेडकर जी की पुस्तक थॉट्स ऑन पाकिस्तान में इसका पूरा विवरण है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के चलते कांग्रेस ने देश का विभाजन कर डाला। बाबासाहेब का यह स्पष्ट मानना था कि चूँकि धर्म आधारित विभाजन हुआ है अतः संपूर्णतः तुम उधर-हम इधर की नीति अपनाई जानी चाहिए। बाबासाहेब ने अपनी पुस्तक थॉट्स ऑन पाकिस्तान में भारत के धार्मिक आधार पर पूर्ण विभाजन के आशय से पृष्ठ 103 पर लिखा यह बात स्वीकार कर लेनी चाहिए कि पाकिस्तान बनने से हिंदुस्तान सांप्रदायिक समस्या से मुक्त नहीं हो जाएगा। अंबेडकर जी के इन्ही मुस्लिम विरोधी विचारों के कारण से 'मुस्लिम तुष्टिकरण में लगे नेहरू जी व गांधी जी' अंबेडकर जी को आगे नहीं आने देना चाहते थे। इसी क्रम में मुंबई से दो बार अंबेडकर जी को चुनाव में षड्यंत्रपूर्वक हरवाया गया। इन दोनों बार के चुनावों में अंबेडकर जी की पराजय को सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री नेहरू जी ने स्वयं मुंबई जाकर चुनाव प्रचार किया था व अपने विरोधी दलों से भी अंबेडकर जी को पराजित कराने हेतु मित्रतापूर्ण संबंध बनाए थे।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	सप्तमी 14:34 तक
नक्षत्रः	उत्तर फाल्गुनी 33:03
पक्षः	कृष्ण
वारः	रविवार
योगः	आयुष्मान, 19:00
सूर्योदयः	07:09
सूर्यास्तः	17:28
चंद्रमाः	सिंह राशि में
राहुकालः	16:06-17:23
विक्रमी संवत्:	2081
शक सम्वतः	1946
मासः	पौष
शुभ मुहूर्तः	11:55-12:36

जन एक्सप्रेस

है आया आदेश !

है आया आदेश ।
अब रहना तैयार ।।
अपने इस प्रदर्शन को ।
देना नई धार ।।
तत्परता से सबको ।
करना इस पर काम ।।
बचा यही बस रास्ता ।
पाने को मुकाम ।।
दमखम है दिखाना ।
ना सहन अपमान ।।
मुद्दे को भुनाने पर ।
कम होता नुकसान ।।
फेंकना है पासा ।
ऐसी घड़ी आन ।।
इस डगर पे शायद ।
जीत हो आसान ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

हां सचमुच यह सच है, कि वह इमानदार है यह भी सच है वह गरीब और फटे हाल है, आपदाओं से घिरा हुआ, आफतों का साथी, परेशानियां उसे छोड़ती नहीं, पर वह परेशान नहीं, मायूस भी नहीं, थका हुआ है, पर हारा हुआ कतई नहीं, हां यह सच है वह ईमानदार है, आज के मायनों में नहीं सत्य के मायनों में, यह भी सच है कि उसके तीन बच्चे हैं एक बेरोजगार, एक अविवाहित एक पालिका स्कूल का विद्यार्थी सब ईमानदारी के सताए हुए हैं, पत्नी इलाज के अभाव में संसार से चल बसी, लौट कर ना आने के लिए, यह सच है कि वह इमानदार है, परेशान भी है फटे हाल भी है, थका है हारा हुआ नहीं, ईमानदारी का मारा हुआ है, अकेला नहीं है वह, बरगद की तरह अपने में सभी को समेटे हुए।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

टिमटिमाते हुए तारे अंधेरी रातों को चमका देते हैं वैसे व्यक्ति भी जीवन को चमका सकता है

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

सर्दियों में ओट्स खाने से सेहत को मिलते हैं कई फायदे, डाइट में जरूर करें शामिल

सुबह के नाश्ते के लिए ओट्स एक हेल्दी ऑप्शन है। ब्रेकफास्ट में ओटमील लेने के बाद कई घंटों तक भूख नहीं लगती है। इसलिए डाइट एक्सपर्ट्स डाइट प्लान में ओट्स जरूर शामिल करते हैं। ओट्स में प्रोटीन और फाइबर होता है। इसलिए इसके सेवन से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। सर्दियों में रोज ओट्स खाने से अपच, पेट दर्द और कब्ज जैसी समस्याएं भी कम होती हैं। ओट्स खाने से वेट मेंटेन रखने में भी मदद मिलती है। अगर आप केले और पीनट बटर को ओट्स में डालकर खाते हैं, तो इससे वजन बढ़ता है। लेकिन ओट्स को सीड्स और सेब के साथ खाने से वेट लॉस में मदद मिलती है। गर्मियों की तरह सर्दियों में भी ओट्स खाना फायदेमंद होता है।

पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है: सर्दियों में ओट्स खाने से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। इसमें मौजूद सॉल्युबल फाइबर डाइजेशन को बेहतर बनाता है। इसके सेवन से कब्ज और अपच जैसी समस्याएं कम होती हैं। इसे खाने से गुड़ बैक्टीरिया बढ़ते हैं और पाचन संबंधित समस्याएं कम होती हैं।

हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद: रोज ओट्स खाने से हार्ट हेल्थ भी ठीक रहती है। ओट्स में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं, जो हार्ट को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट बॉडी में इंफ्लेमेशन कम करते हैं और धमनियों को शांत करते हैं। इनसे हार्ट हेल्थ बूस्ट होती है।

ब्लड शुगर कंट्रोल रहती है: ओट्स में मौजूद सॉल्युबल फाइबर खाने के बाद ब्लड शुगर बढ़ने से रोकता है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम होता है। इसलिए शुगर के पेशेंट के लिए यह बेस्ट ऑप्शन है। लेकिन डायबिटीज में इंस्टेंट ओट्स अवॉइड करने चाहिए।

वेट लॉस में मदद मिलती है: अगर आप सर्दियों में वेट लॉस करना चाहते हैं, तो ओट्स डाइट में जरूर शामिल करें। ओट्स में फाइबर कंटेंट ज्यादा होता है। इसके सेवन से काफी देर तक भूख नहीं लगती है। यह कैलोरी इंटेक कम करने में भी मदद करता है। क्योंकि ओट्स खाने से काफी देर तक भूख नहीं लगती है। इससे आप अपने अगले मील में कम कैलोरी इंटेक करते हैं।

इम्यूनिटी बूस्ट होती है: सर्दियों में इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए भी ओट्स हेल्दी ऑप्शन है। इसमें कई विटामिन्स और मिनरल्स मौजूद होते हैं। इसमें मौजूद फाइबर और कार्बोहाइड्रेट्स डाइजेशन को हेल्दी रखने में मददगार हैं। ओट्स खाने से कई स्वास्थ्य समस्याएं ठीक होती है और इम्यूनिटी बनी रहती है। लेख में हमने जाना सर्दियों में ओट्स खाना सेहत के लिए कैसे फायदेमंद है। लेकिन ध्यान रखें कि आप कम मात्रा में ही इसका सेवन करें। क्योंकि ज्यादा ओट्स खाने से वजन बढ़ने और पाचन खराब होने का खतरा हो सकता है। लेख में दी गई जानकारी पसंद आई हो, तो शेयर करना न भूलें।

एक्सप्रेस विशेष

राजस्थान में पीकेसीईआरसीपी परियोजना का साकार होता सपना

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल और केन्द्र व मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से यह परियोजना धरातल पर उतरने की स्थिति में आ गई है। यदि निर्धारित सात साल में यह परियोजना धरातल पर आ जाती है।

गोदावरी पर 350 के आसपास बांध है। इन बांधों पर पानी को सहेजते हुए नदियों के पानी को अनुपयोगी व बर्बादी का कारण बनने से बचाने के स्थान पर क्षेत्रों में पानी की समस्या का समाधान किया जाता है। मोटे रूप से देखा जाए तो नदियों को जोड़ने से पानी की बर्बादी यानी बाढ़ के कारण तबाही व समुद्र में समाहित होने से बचा कर पानी की समस्या के समाधान के लिए तो किया ही जा सकता है।

राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच पार्वती, कालीसिंध, चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट यानी पीकेसीईआरसीपी के एमओयू के एक साल से भी कम समय में एमओए (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट) में तब्दील होना राजनीतिक इच्छाशक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। देश में नदी जोड़ो परियोजना का सपना देखा गया था जो अब धरातल पर उतर रहा है। राजस्थान जैसे पानी की किल्लत से जूझते प्रदेश में पीकेसीईआरसीपी खासतौर पर पूर्वी राजस्थान के लिए गंगा अवतरण से कम नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भजनलाल शर्मा सरकार के एक साल पूरे होने के अवसर पर इस परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत कालीसिंध नदी पर 1069 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नवनेरा बैराज का लोकार्पण किया। परियोजना के प्रथम चरण में पेयजल के लिए कूल नदी पर रामगढ़ बैराज, पार्वती नदी पर महलपुर बैराज और नवनेरा बांध में संग्रहित जल के उपयोग हेतु नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा (एनजीबीआई) लिंक परियोजना के तीन पैकेज के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन पैकेज में 9416.70 करोड़ रुपए की लागत से नवनेरा बैराज से गलवा बांध होते हुए बीसलपुर व ईसरदा बांध तक जरूरत के अनुसार जल प्रत्यावर्तन के लिए नहर तंत्र, पम्पिंग स्टेशन एवं पाइपलाइन का निर्माण कार्य किया जाएगा। संशोधित पार्वती-कालीसिंध चंबल (एकीकृत ईआरसीपी) परियोजना पूरी होने पर राजस्थान के 21 जिलों में रहने वाले लगभग सवा तीन करोड़ लोगों को सुलभ पेयजल की उपलब्धता के साथ साथ लगभग ढाई लाख हेक्टेयर नये क्षेत्र में सिंचाई तथा लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हेतु अतिरिक्त पानी की व्यवस्था हो सकेगी। लाभान्वित जिलों में झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, टोंक, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, दौसा, करौली, धौलपुर, भरतपुर, डीग, अलवर, खैरतल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, अजमेर, ब्यावर और केकड़ी शामिल है। राजनीतिक आलोचना-प्रत्यालोचना को अलग कर दिया जाए तो पीकेसीईआरसीपी परियोजना के क्रियान्वयन की शुरुआत राजस्थान जैसे प्रदेश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। पीकेसीईआरसीपी से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के नागरिकों और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे प्रदेश में पेयजल, सिंचाई के लिए पानी, औद्योगिक विकास, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और इसी तरह के अनेक फायदे होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारन्टी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा कार्यभार संभालने के एक माह से भी कम समय में राजस्थान के लिए जीवनदायी इस परियोजना पर सहमति बनवाना और एमओयू कर क्रियान्वयन के स्तर पर लाना अपने आप में बड़ी बात थी और आज उससे भी बड़ी बात एमओयू को एमओए में बदलना है। करीब 21 साल पुराना सपना पार्वती-कालीसिंध-चंबल इस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना को लेकर केन्द्र सरकार, राजस्थान व मध्यप्रदेश के बीच संपन्न करार के साथ ही साकार होने लगा है। राजस्थान नहर के बाद यह अपने आप में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा जिससे 13 जिलों के रहवासियों की सभी तरह की पानी की जरुरत पूरी हो सकेगी। इसके साथ यह भी महत्वपूर्ण होगा कि हर साल बरसात सीजन में बाढ़ के कारण जन-धन और फसलों की बर्बादी का कारण बनने वाला यह पानी पानी की समस्या से जूझ रहे प्रदेशवासियों वासियों के काम आ सकेगा। बेकार बह जाने वाला पानी संग्रहित होगा, धरती, यहां के निवासियों और मवेशियों की प्यास बुझाने के काम आ सकेगा। इस परियोजना में राजस्थान को 4103 एमसीएम पानी मिलेगा वहीं, मध्यप्रदेश को 3000 एमसीएम पानी मिलेगा। सात साल बाद इस परियोजना के पूरे होने के बाद जहा प्रदेश की 3.25 करोड़ आबादी की पानी की जरूरत पूरी होगी वहीं करीब ढाई लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। सही मायने में कहा जाए तो प्रकृति की अनमोल धरोहर पानी के आने से भविष्य में ना तो बाढ़ से जूझना पड़ेगा और ना ही सूखे के लिए ऊपर वाले को दोष देना पड़ेगा। दरअसल, नदियों के बर्बाद होते पानी का सही उपयोग तय करने के लिए 1999 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना आरंभ की थी। यह योजना सिरे से चढ़ती उससे पहले ही 2004 में नई सरकार आते ही इस परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इसके बाद 2012 में सर्वोच्च न्यायालय ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को जारी रखने के केन्द्र सरकार को निर्देश दिए। राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण द्वारा 44605 करोड़ की लागत से केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम किया जा रहा है।

सपा का प्रदर्शन: गृहमंत्री का पुतला फूंका, गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग

जलते पुतले को पैरों और डंडों से बुझाती रही पुलिस विलोबी मैदान में सपा प्रदर्शन के दौरान अमित शाह का पुतला फूंका गय। प्रदर्शन को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल तो तैनात किया गया, लेकिन उसके पास आग बुझाने के कोई संसाधन भी नहीं थे। फायर बिग्रेड भी मौजूद नहीं थी। कार्यकर्ताओं ने जब पुतले को आग लगाई और उसकी पिटाई की। तब पुलिस हरकत में आई।पुलिस बूटों और डंडों से पुतले को बुझाती नजर आई

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई विवादास्पद टिप्पणी के विरोध में विलोबी मैदान परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान पुलिस से भी हल्की झड़पें हुईं।

- पुलिस के सामने पुतले को लगाई आग असहाय खड़ी रही पुलिस महिला सभा की अध्यक्ष झुलसीं

सपा कार्यकर्ता और पुलिस से हुई नोकझोंक

सपा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया था। पुतला फूंकने के प्रयास के दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पुलिस के बीच नोंक-झोंक हुई। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने प्रदर्शन स्थल पर आकर सपा जिलाध्यक्ष रामपाल यादव से ज्ञापन लिया, जिसमें राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

प्रदर्शन में सपा के प्रमुख नेता शामिल

इस विरोध प्रदर्शन में सपा जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, अनुराग पटेल, महिला सभा जिलाध्यक्ष तृप्ति खरे, पूर्व विधायक सुनील कुमार, लाल विनय तिवारी और सैकड़ों सपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी इस प्रदर्शन में समर्थन दिया और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की।

संविधान निर्माता का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान

सपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी से दलितों, वंचितों, पिछड़ों और दबे-कुचले लोगों का अपमान हुआ है। उनका कहना था कि भाजपा ने बाबा साहब अंबेडकर के योगदान और संविधान को कमजोर करने की कोशिश की है। सपा नेताओं ने यह भी कहा कि यह टिप्पणी भाजपा की संविधान विरोधी मानसिकता को उजागर करती है।सपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि गृहमंत्री अमित शाह को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए और उनका इस्तीफा लिया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान सपा की लोहिया वाहिनी और महिला सभा के कार्यकर्ताओं ने भी गृहमंत्री का पुतला फूंका।

श्रीनिवास रामानुजन जयंती पर गणित मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई में श्रीनिवास रामानुजन जी की जयंती के उपलक्ष में गणित मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ ज्योति तिवारी, प्राचार्य आर्य कन्या इंटर कॉलेज, प्रबंधक रवि भूषण साहनी, कोशाध्यक्ष विमल अग्रवाल व प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान ने माँ सरस्वती और श्रीनिवास रामानुजन जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान द्वारा कराया गया। आचार्य संजय द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम का परिचय दिया गया। इस अवसर पर छात्रा अंशिका बाजपेई द्वारा गणित कविता और छात्र आयुष तिवारी द्वारा रामानुजन जी के जीवन पर आधारित भाषण प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा पिरामिड प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ ज्योति तिवारी ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को एक गीत के द्वारा मोटिवेट किया और उनसे गणित के प्रति अपनी रुचि बढ़ाने के लिए आग्रह किया। इसके पश्चात सभी अतिथियों ने मेले का भ्रमण किया और छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इसके साथ ही सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।

इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में गणित प्रदर्शनी, गणित प्रदर्श, गणित चार्ट, उलटी गिनती, पहाड़े, मापन, मापन अनुमान, भाषण, निबंध, चित्रकला, रंगोली, भोजन स्टाल, गणित कविता, वैदिक गणित और प्रश्नमंच शामिल थे।मंचासीन अतिथियों द्वारा उपरोक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रत्येक कक्षा के छात्र छात्राओं द्वारा हस्तलिखित गणित पत्रिका का विमोचन भी किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में गणित के प्रति रुचि और जिज्ञासा को बढ़ावा देना था। समस्त कार्यक्रम वरिष्ठ आचार्य संजय द्विवेदी के निर्देशन में संपन्न हुए।

कार्यक्रम के अंत में उप प्रधानाचार्य आलोक अवस्थी ने उपस्थित अभिभावकों, छात्र-छात्राओं और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया और सभी को श्रीनिवास रामानुजन जयंती की शुभकामनाएं दीं।

जनपद न्यायाधीश ने डीएम व एसपी के साथ किया कारागार का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, सीजेएम प्रतिभा चौधरी व अन्य अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार के निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने पाकशाला सहित विभिन्न बैरकों का भी निरीक्षण किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई तथा भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव व अनीता सक्सेना सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

एक्सप्रेस खबरें...

किशोरी को बहला फुसलाकर ले गए दो युवक, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी। बेलरायां, पड़ोसी गांव वीसी पर रुपये निकालने गई थाना थाना सिंगाही क्षेत्र की एक किशोरी को पलिया के गांव बसंतापुर के दो युवक बहला फुसलाकर भगा ले गए। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना सिंगाही क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 16 साल की पुत्री पड़ोसी गांव निबौरिया में स्थित इंडियन बैंक की बीसी पर रुपये निकालने गई थी। शाम करीब तीन बजे रास्ते से कोतवाली पलिया के गांव बसंतापुर निवासी अनुज कुमार और बलराम अगवा कर भगा ले गए। पुत्री जब तक शाम तक वापस घर नहीं आई तो उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। तलाश के दौरान जानकारी मिली कि उसकी पुत्री को दोनों युवक रास्ते से अगवा कर ले गए हैं। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है,जिस पर पुलिस ने आरोपी अनुज कुमार और बलराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

देश में तीसरी बार रुपईडीहा एसएसबी बीओपी को मिला द्वितीय स्थान

जन एक्सप्रेस । बहराइच। रुपईडीहा। भारत नेपाल सीमा पर तैनात 42वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की रुपईडीहा पोस्ट को लगातार तीसरी बार देश में सर्वश्रेष्ठ सम्मान मिला है। एसएसबी के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर रुपईडीहा बीओपी को इसकी प्रचालन व अहम विभिन्न गतिविधियों के आंकलन के आधार पर रुपईडीहा को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। शुक्रवार को सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में एक समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत के गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने निरीक्षक सामान्य कुमार ऋतुराज को उनके साहसिक एवं कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए यह पुरस्कार दिया गया। उन्होंने बगहा मुठभेड़ में 04 नक्सलियों को मार गिराया था। इस हेतु उन्हें गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। जम्मू कश्मीर में 42वी वाहिनी के तैनाती के दौरान आरक्षी/सामान्य विजय कुमार ड्यूटी हेतु जम्मू कश्मीर में तैनात थे। गत 21 अक्टूबर 2018 को पुलवामा मे आतंकियों की गोली सर में लगने के कारण शहीद हो गए थे। उनकी धर्मपत्नी को भी गैलेंट्री अवार्ड दिया गया। उक्त जानकारी देते हुए दिलीप कुमार डिप्टी कमांडेंट ऑपरेशन ने बताया कि सीमा पर एसएसबी अपने कर्तव्यों का सुचारू रूप से पालन कर रही है।

मानव तस्करी करते दो धरे गए

जन एक्सप्रेस । बहराइच। रुपईडीहा। बीती शुक्रवार की रात लगभग 7 बजे नेपालगंज से रुपईडीहा आते समय एक नेपाली युवक व युवती को रोककर पूछा गया तो इन लोगो ने अलग अलग बयान दिए। ये लोग नेपाली भाषा मे बातचीत कर रहे थे। मौके पर मौजूद मानव सेवा संस्थान के कार्यकर्ता देहराज वर्मा को नेपाली आती थी। युवक ने अंत में बताया कि नौकरी का प्रलोभन देकर उसे अपने साथ फंसा कर लाया है व भारत ले जा रहा है। युवक की पहचान 24 वर्षीय खेमराज विक निवासी मंगलसेन नगर पालिका वार्ड नं 3 जिला अछाम राष्ट्र नेपाल व 15 वर्षीया सरिता विक पुत्री तूल बहादुर विक निवासिनी पंच देवल नगर पालिका वार्ड नं 6 जिला अछाम राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई है। दोनो को स्थानीय रुपईडीहा थाने को सौप दिया गया। रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक ददन सिंह ने बताया कि युवती को नेपाली एनजीओ को व युवक को जमुनहा पुलिस को सौप दिया गया।

सड़क हादसे में तीन नवयुवकों की मौत एक घायल

जन एक्सप्रेस । बहराइच। एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे एक बाइक पर सवार चार लोगों में से तीन की दुर्घटना में मौत हो गई। चोथा बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल है जिसे इलाज के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस ने मतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद के थाना विशेश्वरगंज अन्तर्गत ग्राम अहिरनपुरवा निवासी दीपक कुमार (20), सरोज वर्मा (21) और बंटी उर्फ वैदिक चौहान (19) निवासी अमकोलवा अपने एक अन्य साथी के साथ बीती रात बाइक से एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र मान नगर तिराहा के पास मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा भिडी। इस दुर्घटना में घायल चारों लोगों को निकट के स्वास्थ्य केंद्र इकौना पहुंचाया गया । यहां पर इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायलों को बहराइच जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया। बहराइच जिला जिला चिकित्सालय में एक और युवक की मौत हो गई। चौथे घायल युवक को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इस घटना के सम्बंध में थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि एक बाइक पर चार लोग सवार थे। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक युवक घायल है। घटना के बाद से ग्राम अहिरनपुरवा में शोक कई लहर हैं मृतकों के घर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीण मृतकों के परिवार को सान्त्वना व दिलासा देकर शान्त करने का प्रयास करते रहे।

नेपाल के सरहदी इलाकों में आबकारी विभाग एवं ड्रग इंस्पेक्टर ने की छापेमारी

जन एक्सप्रेस । बहराइच। रूपईडीहा। नेपाल के सारे दिलकों में नशीली दावों की बिक्री जोरों पर है कुछ मेडिकल स्टोर तो कई किरण की दुकानों पर नशीली दवाइयां भेजी जा रही है वहीं नेपाली शराब भी लाकर सीमावर्ती इलाके के गांव में बिक्री की जा रही है। जिस पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग और ड्रग इंस्पेक्टर की टीम ने छापेमारी की। आबकारी विभाग की टीम एवं ड्रग इंस्पेक्टर की मौजूदगी में नेपाल के सरहदी इलाकों में छापेमारी की गई। नेपाल के सरहद इलाकों में नशीली दवा की बिक्री की सूचना मिलने पर आबकारी विभाग एवं ड्रग इंस्पेक्टर विनय कृष्णा यादव की संयुक्त टीम ने कई जगहों पर छापेमारी की। कई मेडिकल स्टोर से सैंपल लिए गए और कई मेडिकल स्टोर वाले अपनी दुकान बंद करके भाग गए। आबकारी अधिकारी ऑर्डर इंस्पेक्टर ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिले में नशीली दवाओं की बिक्री की रोकथाम के लिए कड़ाई से अनुपालन के संबंध में पूरे जिले में छापेमारी की जा रही है।अगर कोई भी मेडिकल स्टोर वाला व्यक्ति नशीली दवा बेचने के सिलसिले में पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

बीडीसी को कमरे में बंद कर बाइक स्टैंड के कर्मचारियों ने पीटा, रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

- तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एससीएसटी एक्ट भी लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह

तहसील सदर में स्टैंड पर बाइक खड़ी करने को लेकर बीडीसी सदस्य और स्टैंड के कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इससे गुस्साए स्टैंड मालिक ने अपने साथी के साथ उसे पकड़ लिया और पड़ोस में बने कमरे में ले जाकर जमकर पिटाई कर दी। सदर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों को नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना फूलबेहड़ के गांव जगन्नाथपुरवा मजरा पिपरागूम निवासी रंजीत कुमार भार्गव ने बताया कि वह वर्तमान में क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) है। वह दोपहर करीब 02.20 बजे स्टांप लेने अपने पड़ोसी गांव के इमरान के साथ तहसील सदर गया था। उन्होंने बाइक अंदर ले जाकर स्टैंड में खड़ी करना चाहा तो स्टैंड का कार्य देख रहे श्यामजी,राजजी और एक अन्य व्यक्ति गाली-गलौज करने लगे और स्टैंड की जगह दूसरी जगह गाड़ी खड़ी करने का दबाव बनाने लगे। जब उन्होंने गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने जाति सूचक गाली देते हुए गिरेबान पकड़ लिया और घसीटते हुए टंकी की तरफ बने कमरे में ले गए, जहां पर रखे डंडों से उसकी पिटाई की। साथी इमरान व अन्य लोगों के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे कमरे से बाहर निकाला।

निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बहराइच

कैसरगंज। जीबी अस्पताल कैसरगंज की ओर से निशुल्क नेत्र चिकित्सा से भी का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया। इसके बाद उनका इलाज की सलाह दी गई। नर सेवा नारायण सेवा को सबसे बड़ी सेवा मानते हुए विगत कई वर्षों से डॉ.अरविन्द सिंह जी बी हॉस्पिटल के नेतृत्व में आज कैसरगंज तहसील के हैदराबाद चौराहा पर एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 350 मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, ऑपरेशन और अन्य बीमारियो का परीक्षण कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान हैदराबाद जसवंत सिंह, प्रधान देवीदासपुर रानू सिंह, प्रधान चिरौली, डॉ अनिल वर्मा, डॉ डब्लू यादव शिवानी, डॉ रुखसार ख़ान, चंदन सिंह, शिवम वर्मा, शिव गोबिंद यादव सहित अनेक लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ।

ज्यामितीय कला प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शनिवार को सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इण्टर कॉलेज, मिश्राना, लखीमपुर-खीरी में विश्व में प्रख्यात भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जयंती 22 दिसम्बर - राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में निबन्ध प्रतियोगिता, गणित चार्ट प्रतियोगिता, ज्यामितीय कला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन एवं हस्तलिखित गणित पत्रिका का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम शुभारम्भ मुख्य अतिथि कर्नल सी.पी. मिश्रा जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वन्दना तथा श्रीनिवास रामानुजन जी के चित्र पर पुष्पार्चन से हुआ। गणित प्रमुख आचार्य श्री अखिलेश मिश्र ने रामानुजन जी के जीवन चरित्र एवं कृतित्व का परिचय प्रदान किया।

निबन्ध प्रतियोगिता में विद्यालय आचार्या जया मिश्रा एवं आचार्या अनुभा श्रीवास्तव, गणित रंगोली प्रतियोगिता में आचार्या डाली शुक्ला, गणित चार्ट प्रतियोगिता में आचार्या सौम्या शुक्ला एवं ज्यामिति गणित प्रतियोगिता में आचार्या राखी मिश्रा निर्णायक के रूप में रहीं। गणित हस्तलिखित पत्रिका के संकलन में विद्यालय की छात्राओं तथा आचार्या रजनी अमित बाजपेई एवं आचार्य श्री करूणेश बिहारी लाल श्रीवास्तव का योगदान रहा। प्रतियोगिताओं का परिणाम इस प्रकार है।

निबन्ध प्रतियोगिता

छात्रा का नाम	कक्षा	प्राप्त स्थान
आर्ना शुक्ला	7	प्रथम
अवंतिका वर्मा	7	द्वितीय
कृष्णा देवी	7	तृतीय

गणित रंगोली प्रतियोगिता

अक्षरा पटेल	11	प्रथम
यशु वर्मा	9	द्वितीय
तरुना श्री	9	तृतीय

गणित चार्ट प्रतियोगिता

मानवी राठौर	11	प्रथम
शिखा मिश्रा	11	द्वितीय
अंशिका वर्मा	11	तृतीय

ज्यामितीय कला प्रतियोगिता

आकर्षी वर्मा	9	प्रथम
माही मिश्रा	9	द्वितीय
शाम्भवी गुप्ता	10	तृतीय

बहराइच के खेतों में दिखने लगी यूरोप की सब्जियां

- डीएम ने प्रक्षेत्र भ्रमण कर किया स्ट्राबेरी, ब्रोकली व फ्रेंच बीन्स की फसलों का अवलोकन किया

जन एक्सप्रेस । बहराइच

खेती का निरीक्षण करती जिलाधिकारी मोनिका रानी।

जिले के खेतों में अब यूरोप की सब्जियां दिखने लगी। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोहली में कृषक श्रवण कुमार पुत्र छत्रपाल सिंह के प्रक्षेत्र का भ्रमण कर नवाचार के रूप में कृषक द्वारा की जा रही स्ट्राबेरी, ब्रोकली, फ्रेंच बीन्स व शिमला मिर्च की फसल का अवलोकन करते हुए कृषक द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। डीएम ने कृषक को सुझाव दिया कि जिले के दूसरे कृषकों को भी नवाचार के लिए प्रेरित कर अपने अनुभव उनके साथ साझा करें। डीएम ने कृषक को यह भी सुझाव दिया कि इन फसलों के साथ-साथ जरबेरा की खेती को भी अपनायें तथा समूह का गठन कर महिलाओं को बुके तैयार करने का प्रशिक्षण दिलाये ताकि ग्रामीण परिवेश की महिलाएं भी स्वावलम्बी बनकर परिवार को आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने में सहयोग कर सकें।

स्ट्राबेरी, ब्रोकली व फ्रेंच बीन्स के पौध, बीज व नर्सरी इत्यादि के बारे में पूछने पर कृषक श्री सिंह ने डीएम को बताया कि स्ट्राबेरी के पौध पुणे महाराष्ट्र से मंगाये जाते हैं। स्ट्राबेरी पौध की रोपाई का उपयुक्त समय सितम्बर से अक्टूबर तक होता है। कृषक ने बताया कि वर्तमान में 01 एकड़ क्षेत्रफल में स्ट्राबेरी की फसल लगी हुई है जो 45 दिन में तैयार हो जाती है। फसल पर लगभग 04 लाख की लागत आई है। गुणवत्तायुक्त तैयार फसल की बिक्री से उसे लगभग 15 लाख रूपये प्राप्त होने का अनुमान है। कृषक श्री सिंह ने बताया कि चारों फसलो की खेती स्वायल बेड पर मल्चिंग बनाकर की जा रही है। कृषक ने बताया कि उत्पादित फसल का बड़ा भाग वह लखनऊ मण्डी में बिक्री करता है।

कृषक ने बताया कि वर्तमान में उसके द्वारा 0.5 एकड़ भू-भाग पर ब्रोकली व फ्रेंच बीन्स की फसल लगा रखी है। ब्रोकली के लिए उसके द्वारा नर्सरी तैयार की जाती है जबकि फ्रेंच बीन्स के बीजों की बुआई की गई है। श्री सिंह ने बताया कि 65 से 70 दिवस में तैयार होने वाली फसले भी काफी लाभकारी हैं। ब्रोकली पर लगभग रू. 25 हज़ार तथा फ्रेंच बीन्स पर रू. 20 हज़ार प्रति एकड़ लागत आती है। जबकि इनकी बिक्री से क्रमशः रू. 1.5 लाख व रू. 2.00 लाख प्राप्त होते हैं। कृषक ने बताया कि उसके परिवार में लगभग 04 हेक्टेयर भूमि है। उसके द्वारा 2020 से नवाचार अपना कर स्ट्राबेरी, ब्रोकली व फ्रेंच बीन्स की खेती की जा रही है। डीएम ने कृषक को सुझाव दिया कि ई-शक्ति ऐप पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराकर उपज की आनलाइन बिक्री भी कर सकें। निरीक्षण के समय मौके पर मौजूद उद्यान विभाग के योजना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया कि स्ट्राबेरी की खेती पर राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत रू. 50 हज़ार प्रति हेक्टेयर का अनुदान दिया जाता है। जनपद में स्ट्राबेरी की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विगत वर्ष से राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत स्ट्राबेरी का लक्ष्य प्राप्त होना प्रारम्भ हुआ है। डीएम ने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक कृषकों को स्ट्राबेरी की खेती के लिए प्रेरित करें।

तेजवापुर के युवा महिला मंडलों के बीच क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

जन एक्सप्रेस । बहराइच

नेहरू युवा केन्द्र की स्थानीय इकाई की ओर से दो दिवसीय खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 20 दिसम्बर को शुरू हुई और 21 दिसम्बर समाप्त हुई। प्रतियोगिता का आयोजन विकास खण्ड तेजवापुर के राम लली इण्टर कॉलेज सिसई हैदर में किया गया।

खेल प्रतियोगिता के विकास खण्ड तेजवापुर के युवा महिला मंडलों के युवक युवतियों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में वालीबॉल 400 मीटर दौड़ कुश्ती बालिका वर्ग मे कबड्डी साइकिल दौड़ बैडमिंटन प्रतियोगिता कराया गया वालीबॉल में यादवपुर ग्राम प्रथम सिलौटा द्वितीय 400 मीटर दौड़ मे प्रिंस प्रथम रिंकू भारती द्वितीय कुश्ती प्रथम प्रशांत मिश्रा द्वितीय सुमित मौर्य बालिका वर्ग मे महिला मंडल सिलौटा प्रथम द्वितीय महिला मंडल सिलौटा दौड़ मे प्रथम प्रिंस द्वितीय रिंकू भारती व सूरज यादव तृतीय स्थान पर बैडमिंटन में प्रथम प्रियंका यादव द्वितीय संतोषी यादव को मिला। मुख्य अतिथि नरोत्तम लाल पांडेय प्रधानाचार्य राम लली इण्टर कॉलेज सिसई हैदर बहराइच मे प्रतियोगिता मे मे सभी को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता मे सहयोगी शिक्षक निर्णायक मंडल के सदस्य व अतिथियों को मोमेंटो देकर केंद्र के लेखाकार एवं कार्यक्रम प्रवेशक इंद्रसेन चौधरी ने सम्मानित किया। खेल प्रतियोगिता मे सहयोगी देवेंद्र प्रकाश मिश्रा वेद प्रकाश मिश्रा जय प्रकाश त्रिपाठी अरविन्द पाठक योगदान रहा।

अवैध खनन करते पकड़े गए चार वाहन एक मशीन जब्त

जन एक्सप्रेस । बहराइच

कैसरगंज। तहसील कैसरगंज अंतर्गत थाना फखरपुर के बसंता गांव के निकट अवैध खनन की सूचना पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद आईएएस कैसरगंज ने तहसील की टीम के साथ औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अवैध खनन करने वाले अपना वाहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने चार वाहन को जब्त कर लिया। क्षेत्र के कुछ लोग अवैध खनन कर मुनाफा कमाने में लगे हैं। इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। एसडीएम ने बताया कि अवैध खनन करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कुछ लोग अवैध खनन कर रहे हैं इस पर नायब तहसीलदार बृजेश कुमार के साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे। मौके पर मिट्टी खोदने की एक मशीन और चार ट्रैक्टर ट्राली अवैध रूप से खनन करते पकड़े गए। वाहनों के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

इस पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद ने कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों और मशीनों को जब्त कर लिया।

वाहनों को थाना अध्यक्ष फखरपुर के सुपुर्द कर दिया गया है।

इस अभियान का उद्देश्य खनन गतिविधियों को वैधानिक और पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप बनाना है। इस मौके पर थाना अध्यक्ष फखरपुर भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

तीन हत्याभियुक्तों को आजीवन कारावास, कोर्ट ने 10- 10 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया

जन एक्सप्रेस । बहराइच

10 वर्ष पूर्व हुए हत्याकांड के मामले में सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय सुनील प्रसाद ने तीन हत्याभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है कोर्ट ने आरोपियों पर 10000 का अर्थ दंड भी लगाया है। अर्थ दंड अदा न करने पर दो दो माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। पुलिस विभाग का दावा है कि कोर्ट का यह फैसला पुलिस विभाग की ओर से चलाए जा रहे हैं ऑपरेशन कनविक्शन का परिणाम है। अभियोजन कथानक के अनुसार वादी अमल कुमार यादव पुत्र स्व. लक्ष्मन यादव निवासी फत्तेपुरवा पो0 मोहम्मद नगर थाना रामगांव, बहराइच की लिखित तहरीर के आधार पर 13 मार्च 2014 की रात को जब वह अपने घर मौजूद था तथा उसके पिता पल्लेदारी करने बहराइच गये थे कि तभी मलखान, रामगोपाल, शेखू व बड़कऊ ये चारों लोग लाठी-डण्डे से लैस रात करीब 22.30 बजे वादी के दरवाजे पर आये तथा बहन की गाली देने लगे, विरोध करने पर उग्र हो गये जिस पर वादी चुप हो गया तो वो चारों घर चले गये । वादी के पिता जब घर लौटे तो वादी ने यह बात अपने पिता को बतायी जिसपर वादी के पिता वादी की माता के साथ मलखान के घर शिकायत करने चले गये। इस पर विपक्षी मलखान, रामगोपाल, शेखू, बड़कऊ चारों ने फावड़ा व बेल्चा से मेरे पिता को जान से मारने की नीयत से सिर व चेहरे पर गम्भीर चोटें पहुँचायी जिससे वह वहीं पर गिर गये, वादी की माँ रोते चीखते हुए आयी तो वादी व गाँव के अन्य लोग मौके पर पहुँचे तो चारों विपक्षीगण मौके से भाग गये थे। गम्भीर रूप से घायल पिता को किसी तरह अस्पताल लेकर गये जहाँ पिता को मृत घोषित कर दिया गया । जिस सम्बन्ध में थाना रामगांव बहराइच में 14 मार्च 2014 को मु.अ.सं. 298/2014 धारा 302 भा.द.वि. बनाम मलखान पुत्र रामगोपाल, रामगोपाल पुत्र सुखलाल, शेखू पुत्र कैलाश व बड़कऊ पुत्र अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना तत्कालीन विवेचक एस आई अवध नरायन यादव द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त मलखान पुत्र रामगोपाल आदि कुल 04 के विरुद्ध आरोप पत्र 07 जून 2014 को अन्तर्गत धारा 302/34 भा.द.वि. दाखिल किया गया जिसे कोर्ट द्वारा 2 जुलाई 2015 को विरचित किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर चहक उठे स्कूली बच्चे

- सर्किट हाउस से सटे आंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए स्कूली बच्चों से मिले मुख्यमंत्री
- सीएम ने बच्चों से मिलाया हाथ, दुलार के साथ दिया आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

10 प्रेरणा वाहनों को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह परिसर से 10 प्रेरणा वाहनों (ई रिक्शा) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन प्रेरणा वाहनों का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही सीएम योगी ने श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था के मिल्क वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जहां अनुशासित शासन व्यवस्था के लिए देश-दुनिया में सुप्रसिद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व का एक खास पहलू है, बाल प्रेम। देश के भविष्य के बीच सीएम योगी, वर्तमान के अपने निजी व्यस्तता में भी समय निकाल ही लेते हैं। प्रोटोकॉल से इतर मुलाकात, प्यार-दुलार, आशीर्वाद के बीच बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी बातें करना उन्हें आत्मीय संतोष देता है। तभी तो कानून व्यवस्था को लेकर सख्त छवि वाले मुख्यमंत्री से मिलकर बच्चे चहक उठते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाल प्रेम और बच्चों के साथ परस्पर जुड़ाव की अनुभूति का एक दृश्य शनिवार दोपहर बाद गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर में जीवंत हुआ। सीएम योगी आजीविका मिशन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोरखपुर आए। इसे लेकर शनिवार को गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर के हेलिपैड पर प्रोटोकॉल और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी। इसी बीच जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर यहां लैंड हुआ, परिसर से सटे और एक बंद गेट से उस पार पड़ने वाले आंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए स्कूली बच्चों का उत्साह और उल्लास आसमान छूने लगा। हवा में लहराते सैकडों बच्चों के हाथ देख और बालकंठ से समवेत गुंजित अभिवादन की आवाज सुन सीएम योगी पहले से तय कार्यक्रम स्थल (योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह) जाने की बजाय मुस्कुराते हुए बच्चों के पास पहुंच गए। फिर शुरू हुआ वही सिलसिला जो मुख्यमंत्री को अलहदा बनाती है। बाल प्रेम, बच्चों के लिए प्रोटोकॉल से बेपरवाह। आंबेडकर पार्क के बंद गेट के पास बच्चों को प्यार-दुलार, खूब पढ़ने का आशीष तो जमकर हंसी ठिठोली भी।

नमो ड्रोन दीदी के कार्य को देख खुश हुए सीएम

कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री ने कृषि कार्य हेतु ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं (नमो ड्रोन दीदी) के व्यावहारिक कार्यों का भी अवलोकन किया। उनके समक्ष महिलाओं ने ड्रोन उड़ाकर दिखाया। महिलाओं के कौशल और उनके आत्मविश्वास को देख मुख्यमंत्री काफी खुश हुए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

प्रभारी डीपीआरओ देवरिया पर पद दुरुपयोग का लगा आरोप

जन एक्सप्रेस | देवरिया

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने जनपद के प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी श्रवण कुमार चौरसिया पर पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए माननीय कैबिनेट मंत्री पंचायती राज उत्तर प्रदेश सरकार ओमप्रकाश राजभर को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रभारी डीपीआरओ श्रवण कुमार चौरसिया द्वारा प्रशासनिक कार्यकाल जांच नहीं किए जाने, अन्त्येष्टि स्थलों के चयन में लापरवाही तथा एक मुश्त सफाई कर्मचारियों का स्थानांतरण किए जाने के कार्यों में उनकी मनमानी, कार्य दायित्व में लापरवाही एवं अपने पद का दुरुपयोग किए जाने जैसे गंभीर कृत्य अपनाया गया है सरकार की छवि को धूमिल करने के साथ- ही इनके अनियमिततापूर्ण कार्यों से वित्तीय दुरुपयोग की भी स्थिति झलक रही है ऐसी स्थिति में उनके कार्यकाल के सभी कार्यों का जांच कराया जाना जनहित व शासकीय हित में अत्यंत ही आवश्यक है।

आपको बताते चले कि श्री चौरसिया लगभग चार-पांच माह से डीपीआरओ पद का चार्ज लेने के बाद भी प्रशासनिक कार्यकाल जांच पूरा नहीं कर पाए इनके द्वारा जानबूझकर लेट लतीफी की गयी है। जबकि प्रशासनिक कार्यकाल जांच का मामला माननीय मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में है। पत्र में यह भी कहा गया है कि उनके द्वारा अंत्येष्टि स्थल चयन में मनमानी किया जा रहा है जिसका नतीजा यह है कि जिले में अंत्येष्टि स्थल चयन ठंडे बस्ते में है।

शासन द्वारा 14 दिसंबर 2024 को ही देवरिया में डीपीआरओ पद पर रतन कुमार का ट्रांसफर कर दिया गया है इसके बाद प्रभारी डीपीआरओ श्रवण कुमार चौरसिया द्वारा 16, 17 व 18 दिसंबर को लगभग दर्जन भर से अधिक सफाई कर्मचारियों का स्थानांतरण कर दिया गया जो जो जांच का विषय बना हुआ है।

आलीशान महल बनाने का आरोप

राजस्व विभाग के जिम्मेदारों की मेहरबानी से भू-माफिया द्वारा सरकारी पोखरी पाटकर

जन एक्सप्रेस | चौरीचौरा गोरखपुर

उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया एक तरफ जहां प्रदेश में अपराधियों, अत्याचारियों, भ्रष्टाचारियों और भूमाफियाओं पर नकेल कसने में कामयाब हो रहे हैं तो वहीं उनके गृह जनपद में ही भूमाफियाओं द्वारा सरकारी भूमि पर बेखौफ कब्जा किया जा रहा है।ऐसा ही एक मामला जनपद के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खखाइजखोर हाल मुकाम चौरीचौरा निवासी उमाशंकर शुक्ला पुत्र स्व0 प्रभुनाथ शुक्ल द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही भूमाफिया कृष्ण कुमार शुक्ला व सन्तोष कुमार शुक्ला पुत्रगण स्वर्गीय सत्यनारायण शुक्ला पर गांव की सरकारी पोखरी पाटकर आलीशान मकान बनवाने का आरोप लगाया है।

बोले ग्रामीण- लेखपाल और ग्राम प्रधान की मिली भगत से भू-माफिया ने पोखरी पर किया कब्जा

वहीं स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हल्का लेखपाल और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से उक्त भूमाफियाओं ने सरकारी पोखरी की भूमि पर कब्जा किया है। जबकि प्रदेश सरकार भूमाफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने पर तुली हुई है। सरकारी भूमि की रक्षा करना प्रशासन का कार्य है। फिर भी प्रशासन के रहते भूमाफिया द्वारा अवैध तरीके से पोखरी पाटकर मकान बनवाना अपने आप में प्रश्न चिन्ह है। शिकायतकर्ता ने उक्त गाटा संख्या 958 जो पोखरी के रुप में दर्ज है,को भूमाफिया के चंगुल से मुक्त कराने की मांग प्रशासन से किया है।

हिंदी दैनिक निष्पक्ष प्रतिदिन संवाददाता से बातचीत करते हुए शिकायतकर्ता उमाशंकर ने बताया कि गांव सभा खखाइजखोर में गाटा संख्या 958/ खतौनी में सरकारी पोखरी के नाम से दर्ज है। जिसमें हमेशा पानी भरा रहता था। जिसे गांव के ही भूमाफिया कृष्ण कुमार शुक्ला व सन्तोष कुमार शुक्ला ने मिट्टी डालकर उक्त पोखरी को पाटकर पोखरी का अस्तित्व ही मिटा दिया गया और उस भूमि पर आलीशान मकान बनवा लिया गया है।

टोबैको गुल मंजन से बढ़ रहे हैं हार्ट अटैक के मामले

नसों को 50प्रतिशत तक कर रहा कमजोर, गोरखपुर एम्स ने दी वार्निंग

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गोरखपुर और आसपास के इलाकों में टोबैको और गुलमंजन का कंजम्पशन लोगों के हार्ट हेल्थ के लिए बड़ा खतरा बन गया है। गोरखपुर एम्स और मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए पहुंचे पेशेंट्स के केस में यह सामने आया है कि इन प्रोडक्ट्स का उपयोग न केवल ओरल कैंसर बल्कि हार्ट की नसों और मसल्स को भी डैमेज कर रहा है।

सावधानी ही बचाव

एम्स और अन्य स्पेशलिस्ट्स ने लोगों से टोबैको और गुलमंजन को पूरी तरह अवॉइड करने और हार्ट हेल्थ को प्रायोरिटी देने की अपील की है। हेल्दी लाइफस्टाइल ही हार्ट डिजीज से बचने का बेस्ट सॉल्यूशन है।

यंगस्टर्स में बढ़ रहे हार्ट अटैक के केस

एम्स के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आतिफ ने बताया कि यंग एज में हार्ट अटैक के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है गुलमंजन और टोबैको का बढ़ता यूज। उन्होंने बताया कि लोग गुल को टूथ पाउडर समझकर यूज करते हैं, जबकि यह एक तरह का क्रश्ड टोबैको है। इसका डायरेक्ट इम्पैक्ट हार्ट की कोरोनरी सेल्स पर पड़ता है, जिससे ब्लड फ्लो बाधित हो रहा है और हार्ट कमजोर हो रहा है। डॉ. आतिफ ने जिम जाने वाले यंगस्टर्स को सलाह दी कि जिम शुरू करने से पहले इसीजी, ईको, डीएमटी और अन्य जरूरी टेस्ट्स कराएं। टोबैको के अलावा, सिगरेट्स और अल्कोहल भी हार्ट डिजीज के मेजर रीजन हैं। हार्ट अटैक के 4-5प्रतिशत केस में इनका रोल पाया गया है।

हार्ट पर टोबैको और गुलमंजन का असर

एम्स के कार्डियोलॉजिस्ट्स ने अपनी स्टडी में पाया कि टोबैको और गुलमंजन का लगातार यूज हार्ट के स्ट्रक्चर को एबनॉर्मल बना रहा है। इससे हार्ट का साइज बढ़ रहा है, मसल्स की वॉल्स मोटी हो रही हैं, और पंपिंग पावर कम हो रही है। इसे मेडिकल लैंग्वेज में डाइलेटेड कार्डियोमायोपैथी कहा जाता है। डॉक्टर्स के मुताबिक, ऐसे पेशेंट्स में से 20-25त्न को पेसमेकर लगाने की जरूरत पड़ी, जबकि 5-8त्न पेशेंट्स को एंजियोप्लास्टी जैसी क्रिटिकल प्रोसीजर्स से गुजरना पड़ा।

एम्स की एडवाइजरी

एम्स ने लोगों को टोबैको और गुलमंजन से पूरी तरह बचने की सख्त सलाह दी है। रिपोर्ट के अनुसार, एम्स की ओपीडी में आने वाले 35-40त्न पेशेंट्स इन्हीं प्रोडक्ट्स का रेगुलर यूज करते हैं। इनकी हार्ट की नर्वस सामान्य पेशेंट्स की तुलना में 45-50त्न कमजोर पाई गई हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल में भारतीय पहलवानों ने प्रतिद्वंद्वी के छुड़ाए छक्के

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

श्रीलंका के कोलंबो में वर्ल्ड कॉम्बैट फेडरेशन एवं एशियन कॉम्बैट फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 17 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित एशियन कॉम्बैट चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्तर प्रदेश के पहलवान विकास यादव ने 82 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। वहीं उत्तर प्रदेश के तरफ से 70 किलोग्राम भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रशांत पटेल ने अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए देश के लिए सिल्वर मेडल जीता।

पहलवानों की इस सफलता पर उत्तर प्रदेश कॉम्बैट एसोसिएशन के महासचिव विनय कुमार विश्वकर्मा, संजय राय पहलवान महासचिव कॉम्बैट फेडरेशन ऑफ इंडिया, प्रेसिडेंट प्रवीन सिंह कोषाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, चीफ़ पैटर्न हेमंत डोंगावकर, सुशील कुमार सिंह संपादक सजग सर्वजन पत्रिका, अमरेंद्र राय एम डी एंथम हेल्थ केयर,अजय राय पार्षद,पवन कुमार गुप्ता राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी कॉम्बैट फेडरेशन ऑफ इंडिया, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान प्रतीक पांडेय, डॉ प्रमोद राय, इंजीनियर आरके श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रवक्ता व समाज सेवी डॉ बृजलाल तिवारी, अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्लेयर चंद्र प्रकाश मणि, वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत पांडे **राजू,** साहेब राम साहनी, कॉम्बैट फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोच मार्कंडेय तिवारी, हितेंद्र यादव पोस्ट मास्टर बशारतपुर, वरिष्ठ समाजसेवी अनिल कुमार राय, धन्नजय राय चंदन सहित सैकड़ों लोगों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए पहलवानों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

बाइक की टक्कर में बुजुर्ग की मौके पर मौत

जन एक्सप्रेस/बृजमनगंज/महाराजगं। थानाक्षेत्र के बृजमनगंज फरेंदा मार्ग पर इनायत नगर के समीप राजीव गांधी पी जी कॉलेज के पास शनिवार सायं रॉयल एनफील्ड बाइक वाहन संख्या यूपी56एवी3115 से आ रहे तीस वर्षीय अरुण पुत्र शंकर निवासी ग्राम नयनसर टोला खुर्रमपुर थाना बृजमनगंज की मोटरसाइकिल से मौके पर भैंस चरा रहे गब्बूलाल यादव पुत्र परशुराम उम्र लगभग 70 वर्ष निवासी ग्राम लेहड़ा टोला धनरैया थाना बृजमनगंज को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को इलाज हेतु सीएच सी बृजमनगंज एम्बुलेंस द्वारा लाया गया जहां पर डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों मृतक के शवों को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जूनियर हाईस्कूल के बच्चे परिजनों को करेंगे साक्षर

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा देश को साक्षर बनाने में योगदान देते हुए हर हाथ कलम अभियान चलाकर पढ़े लिखे लोगों के सहयोग से अनपढ़ों को साक्षर बनाने का प्रयास किया जा रहा। इसी क्रम में शनिवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर स्थित जूनियर हाईस्कूल भलूही मदारीपट्टी में वार्ड निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेश तिवारी के जन्मदिन पर उनके सहयोग से विद्यालय के पूर्व चिन्हित 30 बच्चों को स्लेट, चॉक, पुस्तक भेंट किया गया। इन बच्चों ने अपने परिजनों को साक्षर करने की सहर्ष स्वीकृति दी थी।

बच्चों को संबोधित करते बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के हिंदी विभाग के आचार्य डॉ0 गौरव तिवारी ने कहा कि अगूंठा छाप कहलाना एक कलंक है। हमारे माता पिता हमें पढ़ा लिखाकर योग्य नागरिक बनाने के लिए दिन रात लगे रहते हैं। हमारा भी उनके प्रति कुछ दायित्व बनता है। कम उम्र में आप बहुत कुछ नही कर सकते लेकिन यदि अनपढ़ परिजनों को साक्षर कर लें तो ये भी उपलब्धी होगी।

सभासद प्रतिनिधि सोनू तिवारी ने नयी दिशा के हर हाथ कलम अभियान की सराहना की और बच्चों को प्रोत्साहित किया। संचालन संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। प्रधानाध्यापिका डॉ0 प्रतिभा तिवारी ने स्वागत व आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सुदर्शन, रमावती देवी, सुमित्रा देवी आदि उपस्थित रहे।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बरगलाकर भेज रहे प्राइवेट अस्पताल

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गोरखपुर में एक बार फिर मेडिकल कॉलेज से मरीजों को बरगलाकर अवैध नर्सिंग होम्स में भेजने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन प्राइवेट वाहनों और एक एंबुलेंस को सीज किया है। पूछताछ के दौरान एक चालक ने कई बिना पंजीकरण वाले अस्पतालों और नर्सिंग होम के नाम का खुलासा किया है। इस पर पुलिस ने जांच तेज कर दी है और जल्द ही बड़ी कार्रवाई की योजना बनाई जा रही है। करीब डेढ़ साल पहले गुलरिहा पुलिस ने इस तरह के एक मामले में कार्रवाई की थी, जब सत्यम नर्सिंग होम में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई थी। जांच में पता चला कि यह नर्सिंग होम बिना पंजीकरण के चल रहा था और वहां इलाज करने वाला व्यक्ति सिर्फ दसवीं पास था। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर पुलिस ने ऐसे कई अवैध नर्सिंग होम माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की थी और गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपियों को जेल भेजा था। हाल ही में पुलिस ने फिर से जांच की और तीन ऐसे वाहन पकड़े, जो मेडिकल कॉलेज से मरीजों को अवैध नर्सिंग होम में ले जा रहे थे। एक चालक ने पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं, जिनके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि पूछताछ में कुछ अस्पतालों के नाम सामने आए हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

ललित कला महोत्सव में श्रेया ने बढ़ाया गोरखपुर का मान

जन एक्सप्रेस/गोरखपुर। ललित कला महोत्सव 2024 में श्रेया सिंह ने गोरखपुर का मान बढ़ाया है। श्रेया ने प्रकाश नरायन श्रीवास्तव स्मृति प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग के अंग्रेजी भाषा के निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और पूरे गोरखपुर मंडल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अश्वनी कुमार मिश्रा ने उन्हें मेडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यह सम्मान महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज गोरखपुर में दिया गया। श्रेया सिंह पीपीगंज थाना क्षेत्र के थवईपार की निवासी हैं और वर्तमान में ग्रीन सिटी स्थित आरपीएम अकादमी से क्लास ग्यारह में शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उनके पिता अजय प्रताप सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं और माता प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर फूलचंद सिंह, रवि प्रताप सिंह, कमलावती, मंजू सिंह, दिव्या सिंह, संजू और काव्या सिंह, प्रियंका ने शुभकामनाएं दी हैं।

सदर तहसील में ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में फरियादियों की सुनी गई फरियाद

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

सदर तहसील सभागार में तहसील समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस आयोजित की गई ज्वाईंट मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिया कि अधिकारी गण जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर समस्याओं का जमीनी स्तर पर निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है और जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथकिता है। आए हुए मामलों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता नही होनी चाहिए अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जाएगा। उक्त निर्देश ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मृणाली अविनाश जोशी ने सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए दिया।

इस अवसर पर सदर तहसील में आयें मामलों को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट ने विगत सम्पूर्ण समाधान दिवस के प्रार्थना पत्र के निस्तारित मामलों के सत्यापन कराकर शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच भी कराया अधिकारीगण स्वयं मौक पर जाकर शिकायतो का निस्तारण कराकर सदर तहसील को रिर्पोट प्रस्तुत करे। ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि जन शिकायतो का निस्तारण गुणवत्तापरक किया जाये।

शिकायतों के गुणवक्तापरक निस्तारण न होन पर कठोर कार्यवाही किया जायेगा। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी नियमित भ्रमण करते रहे। जनता के शिकायतो का निस्तारण स्वयं करे अधीनस्थ पर ना छोड़े।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी गण ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ वीडीओ पिपरौली शिशिर सिंह, तहसीलदार सदर ध्रुवेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडे, नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव, नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह, नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह, नायब तहसीलदार जाकिर हुसैन व कानूनगो लेखपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

भूमि पूजन एवं शिलान्यास के साथ महाकुम्भ 2025 में हरिगढ़ साधना शिविर का आगाज

- सनातन प्रचार एवं जन सेवा के लिए हर क्षण प्रयासरत रहेगा हरिगढ़ साधना शिविर : स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़/प्रयागराज



विश्व कल्याण सेवा संस्थान/ वैदिक ज्योतिष संस्थान के तत्वावधान में लगने वाले अलीगढ़ मण्डल के प्रथम हरिगढ़ साधना शिविर का औपचारिक शुभारम्भ शुक्रवार को महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भूमि पूजन के साथ हो गया। सेक्टर 16 स्थित लोवर संगम मार्ग पर लगने वाले भव्य शिविर का शुभारम्भ वैदिक ज्योतिष संस्थान के अचार्यों द्वारा वेदमन्त्रों की ध्वनियों के साथ बड़े धूम धाम से किया। प्रातःकालीन बेला में संस्थान के अध्यक्ष पूज्य स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में शिविर संचालक आचार्य गौरव शास्त्री,रवि शास्त्री,माधव शास्त्री,शिवम शास्त्री ऋषभ शास्त्री, ओम वेदपाठी आदि आचार्यों ने मुख्य यजमान CRPF आई.जी. एन. के. सिंह एवं लखनऊ जोन के DIG के करकमलों द्वारा प्रथम पूज्य भगवान गणेश, भूमि, गंगा एवं क्षेत्रपाल पूजन के साथ किया गया। हरिगढ़ साधना शिविर के संस्थापक स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने इस दौरान आध्यात्मिक भक्तों की भीड़ के समक्ष हरिगढ़ शिविर के उद्देश्य एवं उपलक्ष्य बताये। उन्होंने कहा कि अलीगढ मंडल की ओर से लगने वाले प्रथम शिविर के माध्यम से कुम्भ में आने वाले भक्तों की सेवा और वैश्विक पटल पर धर्म प्रचार करने का जो पुण्य लाभ हमारी संस्था को मिल रहा है उसका आदर्श एवं कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ निरंतर करने का प्रयास करेंगे साथ ही शिविर के माध्यम से सनातन प्रचार प्रसार हेतु दैनिक गतिविधियों के साथ धार्मिक अनुष्ठान किये जाएंगे। गाय एवं वन तथा वन्य जीव संरक्षण और पारिस्थितिकी और पर्यावरण का संरक्षण, माता पिता, शिक्षकों तथा अपनों से बड़ों के प्रति सम्मान, बालिकाओं और मातृत्व का सम्मान तथा राष्ट्र एवं राष्ट्रीय वीर योद्धाओं के प्रति सम्मान के भाव जागरण हेतु भी हमारा शिविर निरंतर कार्यरत रहेगा। भूमि पूजन की शुभ वेला में रजनीश वार्ष्णेय, तेजवीर सिंह, राहुल सिंह, सौरभ रावत, नवीन चौधरी, जितेंद्र गोविल, पवन तिवारी, शिव प्रकाश अग्रवाल, संदीप दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेल की भूमिका अहम विवेक मौर्य

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के ताईक्वाण्डो एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि नारायण फाउडेशंन के संरक्षक विवेक मौर्य ने किया। ताईक्वाण्डो एसोसिएश के जिला सचिव मंगेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश ताईक्वाण्डो एसोसिएशन के निर्देशन में अंबेडकर नगर ताईक्वाण्डो द्वारा सातवीं जिला स्तरीय ताईक्वाण्डो प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य स्पोर्ट स्टेडियम अकबरपुर में 21- 22 दिसंबर मे आयोजित होने वाली दो दिवसीय ताईक्वाण्डो प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि नारायण फाउडेशंन के संरक्षक ने करने के बाद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि तायक्वोंडो खेल अति लोकप्रिय है और आज इस खेल को 200 से अधिक देशों में लगभग आठ करोड़ लोग यह खेल खेलते हैं। खेल एक ऐसी विद्या है जिससे बालक का सर्वांगीण विकास तो होता ही साथ आर्थिक, सामाजिक स्थिति में भी सुधार होता है। मौजूदा केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार खेल के विकास के लिए समर्पित और कटिबद्ध है। पिछले 10 वर्षों में भारत के खिलाड़ियों ने लगभग सभी बड़े खेल प्रतिस्पर्धाओं में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त कर अपनी मेडल टैली को कई गुना तक बढ़ाया है। नशे से दूर रखने व पद, प्रतिष्ठा और पुरस्कार का खेल सशक्त माध्यम है। खेलों के लिए जरूरी है कि हमारे युवाओं में खेलों को लेकर विश्वास पैदा हो, खेल को अपना प्रोफ़ेशन बनाए प्रतियोगिता में जनपद के सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल जलालपुर, सेंटजेवियर स्कूल तमसा मार्ग, सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल अहरिया लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल रामनगर, न्यू इरा पब्लिक स्कूल पटेल नगर, मन मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स क्लब आदि के 100 से अधिक ताईक्वाण्डो खिलाड़ी प्रतिभा कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता बालक और बालिका की किड्स, पी वी, सब जूनियर, कैडेट, जूनियर तथा सीनियर वर्ग के अलग-अलग भार वर्ग में आयोजित की जा रही है। प्रथम दिन के गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी साक्षी सिंह,समृद्धि मेहरोत्रा श्रेयांशी सिंह वैष्णवी शुक्ला, अंश पटेल, अभिनव सिंह, अंश मिश्रा, हर्ष मिश्रा, सिल्वर मेडल में खुशनूद फातिमा प्राची काव्य पटेल आयुषी मिश्रा आरिफ अहमद खान दिव्यांश राव, आकर्ष रैना, विवेक साहित्य, ने तों वहीं कांस्य पदक विजेता हिमांशी पाठक आइशा बनो, लक्ष्मी प्रजापति रितिका राव श्वेता अन्या रस्तोगी, नव्या चौरसिया ,प्रभव सिंह, सर्वेश, आदित्य चौहान, अद्वय पांडे बने। इस प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि राम प्रसाद मौर्य थे। निर्णायक मंडल गाजीपुर के रविकान्त कुमार, आन्चल, जनपद के रजत मौर्य, अभिषेक मौर्य, हेमन्त कुमार गुप्ता, मन्न चौहान ने अपना दायित्व बखूबी से निभाया।

सराय मियां में मिले शिव मंदिर-धर्मशाला का होगा जीर्णोद्धार

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। 19 दिसंबर को सराय मियां में मंदिर मिला। 20 दिसंबर को माहौर समाज के पार्षद पूर्व महापौर शकुंतला भारती के नेतृत्व में महापौर प्रशांत सिंघल से मिले। लोगों ने करीब 100 साल पुराने मंदिर और धर्मशाला के जीर्णोद्धार की मांग की। अलीगढ़ के सराय मियां की घनी मुस्लिम आबादी में मिले प्राचीन शिव मंदिर और धर्मशाला के जीर्णोद्धार के प्रयास शुरू हो गए हैं। इस संबंध में माहौर समाज के पार्षद तथा वरिष्ठ नागरिकों ने महापौर से मुलाकात की। महापौर ने सहयोग करने का आश्वासन दिया है। सराय मियां में जहां शिव मंदिर मिला है वहां माहौर समाज की घनी आबादी थी। धीरे-धीरे माहौर समाज के लोग अपने मकान मुस्लिम समाज के लोगों को बेचकर अन्य स्थानों पर चले गए। अब वहां घनी मुस्लिम आबादी है। वहां माहौर समाज का मंदिर और धर्मशाला है, जो देखरेख के अभाव में बदहाल हो गए। 19 दिसंबर को पुलिस की मौजूदगी में हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने सराय मियां में पहुंचकर मंदिर में साफ-सफाई की थी।

सदर विधायक ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जिला मुख्यालय स्थित बाबू हरीकांत स्मारक बाल भारती इंटर कॉलेज बलरामपुर के प्रांगण मे मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटूराम ने विधायक निधि से निर्मित मुख्य मार्ग से कालेज तक के मार्ग का शनिवार को लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कॉलेज प्रबंधन के अध्यक्ष डा0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, प्रबंधक डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव, रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर के अध्यक्ष डा0 सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, भाजापा जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी की उपस्थित मे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुभारंभ किया गया। जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर को बाबू हरिकांत स्मारक बाल भारती इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम मे कालेज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप सचिव दिलीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा आकर्षक ढ़ंग से किया गया। कार्यक्रम मे कालेज की 58 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर द्वारा संचालित निशुल्क महिला सिलाई कढ़ाई केन्द्र से 6 माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 20 महिलाओ को भविष्य मे रोजगार हेतु मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम मे रोटरी ग्रेटर द्वारा कालेज को 2 सिलाई मशीन, सिलाई सेंटर के लिए मुख्य अतिथि द्वारा प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र त्रिपाठी को प्रदान की गई। वर्तमान मे कालेज के पास सिलाई सेंटर के संचालक के लिए 9 सिलाई मशीन है। अपने संबोधन मे डा0 सौरभ सिंह ने कहा कि रोटरी ग्रेटर का उद्देश्य महिलाओ को प्रशिक्षण देकर अपने पैरो पर खड़ा कर के रोजगार दिला कर आत्म निर्भर बनाना है। विशिष्ट अतिथि डा0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने कालेज की उत्तरोत्तर प्रगति पर चर्चा करते हुए कालेज को आरओ प्लान्ट देने एव मार्ग निर्माण कराने पर मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम का आभार व्यक्त किया। अपने सम्बोधन मे मुख्य अतिथि पलटू राम ने कहा कि आज कालेज अपनी उच्च स्तर की शिक्षा छात्र छात्राओं को प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास भविष्य के लिए कर रहा है।

उन्होने रोटरी ग्रेटर द्वारा महिलाओ के स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे निशुल्क सिलाई कढ़ाई केन्द्र की प्रशंसा की । मेधावी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कालेज की प्रगति मे सहयोग देने का आश्वासन दिया। अनिल कुमार सिंह ने सभी सम्मानित छात्र छात्राओं एवं प्रशिक्षित महिलाओ को उनके उज्जवल भविष्य के बधाई दी। प्रबंधक डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास के लिए सहयोग की अपेक्षा की । समारोह मे संजय शर्मा, डा0 राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, डा0 विमल चन्द्र त्रिपाठी,डा0 विकास अग्रवाल, डा0 अफजाल अहमद, रघुनाथ अग्रवाल, आदित्य प्रसाद, राजन जायसवाल, डा0 प्रतिमा सिंह, डा0सतीश सिंह, अंकित अग्रवाल, अनीता चौहान, मोनिका श्रीवास्तव, वंदना सिंह, मनीष कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, बृजेश त्रिपाठी एवं पत्रकार बंधु व बड़ी संख्या मे अभिभावक, अतिथिगण उपस्थित हुए। सभी अतिथियों का आभार अध्यक्ष डा0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव द्वारा वक्त किया गया।

सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में डीएम ने लोगों की समस्याएं सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

सदर तहसील में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने लोगों की समस्याएं सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने को निर्देशित किया गया। भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कड़ी चेतावनी दी कि शिकायतें के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव, क्षेत्राधिकार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिवस उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

जन एक्सप्रेस/बलरामपुर। जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में शनिवार को जिला प्रशासन के निर्देशन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस समारोह के उपलक्ष्य में जनपद स्तरीय भाषण, एकल काव्य पाठ व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के कई प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर को जिलाधिकारी बलरामपुर पवन अग्रवाल के निर्देशन में नोडल अधिकारी सीडीओ हिमांशु गुप्ता व जिला विद्यालय निरीक्षक की अगुवाई में प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय व नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा प्राचार्य राजकीय डिग्री कॉलेज पचपेड़वा डॉ भानु प्रताप सिंह, डॉ चंदन पाण्डेय व कार्यक्रम संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि अटलजी एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, निःस्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, कवि, साहित्यकार, पत्रकार और बहुआयामी व्यक्तित्व वाले व्यक्ति के धनी थे। भाजपा में एक उदार चेहरे के रूप में उनकी पहचान थी। डॉ भानु प्रताप सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी। कार्यक्रम संयोजक व संचालक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रतियोगिता के नियम से प्रतिभागियों को परिचित कराया। डॉ आशीष कुमार लाल व डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता की निर्णायक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, डॉ राम रहीस व डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय ने विषय वस्तु, प्रस्तुतिकरण के आधार पर साध्वी द्विवेदी को प्रथम, अतुल मिश्र को द्वितीय व पार्थेश्वर दुबे को तृतीय स्थान के लिए चुना।

हिंदी-अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को हिंदी तथा अंग्रेजी विषय में कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 21 दिसम्बर, 2024 को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में कक्षा-नर्सरी से कक्षा- 3 के छात्र-छात्राओं द्वारा हिन्दी अंग्रेंजी कविता प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी तथा उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय के नेतृत्व में कक्षा अध्यापिका पूनम चौहान, नीलम श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, उमा तिवारी एवं लता श्रीवास्तव की संरक्षता में हुआ। प्रतियोगिता के आयोजन में सुभाश हाउस, गांधी हाउस, आजाद हाउस और टैगोर हाउस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता मे प्रतिभागियों ने अंग्रेंजी एवं हिन्दी विषयों पर कविताएं प्रस्तुत की, जिनमें देशभक्ति, प्रकृति और शिक्षा जैसे विशय शामिल थे। बच्चों के उत्साह और मेहनत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों की प्रस्तुति उच्चारण और रचनात्मकता के आधार पर अंक प्रदान किये, जिसमें आजाद हाउस एवं सुभाश हाउस ने प्रथम स्थान, टैगोर हाउस ने द्वितीय तथा गांधी हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्रों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा देना है, तथा इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में भाषा और साहित्य के प्रति रूचि को बढ़ावा देना है। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं के कौशल को देखकर उत्साहवर्धन करते हुए प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय सहित अध्यापक अध्यापिका लता श्रीवास्तव, उमा तिवारी, रेशू तिवारी, नाजिया अंसारी, मोहनी जायसवाल, रीतू श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

टांडा विकास खंड परिसर में आर्ट ऑफ लिविंग का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर

जनपद के टांडा विकास खंड परिसर में आर्ट ऑफ लिविंग का आयोजन हुआ, जहां ध्यान और आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से जीवन को नई ऊर्जा देने का संदेश दिया गया। शिक्षक बालकृष्ण और रेखा सिंह ने इस सत्र को अपने मार्गदर्शन से और भी खास बना दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक बालकृष्ण ने कहा, ध्यान न केवल हमारे मन को शांत करता है, बल्कि हमारे भीतर छिपी अनंत ऊर्जा को जाग्रत करता है। यह जीवन की हर समस्या का हल है। आज हमने यहां जो सीखा, वह हमारे जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने का जरिया बनेगा। रेखा सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा, ध्यान हमारे जीवन को संपूर्ण बनाता है। यह न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि हमारे व्यक्तित्व में एक नई चमक लाता है। मैं सभी से आग्रह करती हूं कि वे ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और इसके चमत्कारिक प्रभावों का अनुभव करें। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रथम विश्व ध्यान दिवस के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। सभी को परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के साथ 21 दिसंबर को ध्यान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बीडीओ राघवेंद्र सिंह ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, ÷ध्यान एक ऐसी कला है, जो न केवल हमें सशक्त बनाती है, बल्कि समाज में भी शांति और सद्भावना का संचार करती है। इस तरह के कार्यक्रम हमारे क्षेत्र के लिए गर्व की बात हैं।

मोबाइल से बच्चे रहें दूर, मोबाइल पर हर बात सही नहीं होती

जन एक्सप्रेस । मथुरा/फरह

हिंदुस्तान इंजीनियर कॉलेज में चार दिवसीय कार्यक्रम में भौतिकी की खोज, प्रख्यात भौतिक विज्ञानी और **कंसेप्ट्स ऑफ फिजिक्स** के लेखक पद्म श्री प्रो. एस.सी वर्मा ने अपने उन्होंने बताया कि भौतिक विज्ञान की शुरूआत हमारे जन्म से हो जाती है। उन्होंने न्यूटन के गुरूत्वाकर्षण के नियम को समझाया जिसमें उन्होंने बताया कि हर वस्तु तब तक स्थिर रहती है जब तक उस पर कोई बाहरी बल न लगाया जाय। दूसरा अगर हम किसी वस्तु पर बल लगायेंगे तो त्वरण उत्पन्न होगा। और तीसरा जिसमें यह बताया कि हर वस्तु दूसरी वस्तु को आकर्षित करती है और यह आकर्षण बल उनके द्रव्यमान और दूरी पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि कक्षाओं में प्रयोगात्मक भौतिकी की परिवर्तनकारी शक्ति पर प्रकाश डाला, जिसमें बताया गया कि कैसे व्यावहारिक प्रयोग छात्रों के लिए सीखने को अधिक आकर्षक और सार्थक बना सकते हैं। कार्यशाला के पहले दिन आगरा और मथुरा क्षेत्रों के 42 स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 48 शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। शिक्षकों के इस विविध समूह ने भौतिकी में छात्रों की सहभागिता को बेहतर बनाने के लिए नवीन शिक्षण विधियों को अपनाने का एक साझा लक्ष्य साझा किया। प्रतिभागियों ने कम लागत, आसानी से कार्यान्वयन योग्य से लेकर जटिल अवधारणाओं के उन्नत प्रदर्शनों तक प्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला का पता लगाया। इन सत्रों ने शिक्षकों को भौतिकी पाठों को अधिक इंटरैक्टिव और प्रभावशाली बनाने के लिए कार्रवाई योग्य सुझाव प्रदान किए। सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण ने विचारों के पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया, जिससे कार्यशाला का समग्र मूल्य बढ़ गया। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में बच्चे मोबाइल ज्यादा देखते हैं जबकि मोबाइल पर हर बात ठीक नहीं होती है। इस कार्यशाला का उद्देश्य न केवल छात्रों को भौतिकी में उनकी रुचि को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि उनके भविष्य के करियर के लिए एक मजबूत नींव तैयार करने में भी मदद करेगा। हिन्दुस्तान कॉलेज में इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र के छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का अवसर मिलेगा एवं प्रतिदिन होने वाली गविविधियों से विज्ञान को सीखने की क्षमता उत्पन्न होगी। यह सत्र छात्रों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बनकर उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यशाला संयोजक डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, संचालन प्रोफेसर श्रीमती रूपाली महाजन ने किया। कार्यशाला के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के समन्वयक श्री मनीष गुप्ता ने किया।

वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, बिजली कर्मचारी की मौत, परिवार में मातम

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

बिजली कर्मचारी की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं, ऑटो के डिवाइडर पर चढ़ने से भी एक युवक की मौत हो गई। अतरौली के गांव उस्मानपुर निवासी 35 वर्षीय राजकुमार पुत्र चंद्रपाल शर्मा गाजीपुर फीडर में संविदा पर नौकरी करते थे। 20 दिसंबर की शाम वह बाइक द्वारा गाजीपुर बिजलीघर से अपने गांव लौट रहे थे। गांव हैवतपुर के निकट अज्ञात वाहन बाइक में टक्कर मारकर भाग गया। इससे उनके काफी खून बहने लगा। कुछ देर बाद गांव के लोगों ने उन्हें पड़ा देखा तो बिजली घर पर सूचना दी। कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल ले गए। अस्पताल में राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

विद्यालयों में करियर काउंसलिंग टीम ने छात्र-छात्राओं का किया काउंसलिंग

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में बनाई गई कैरियर काउंसलिंग टीम प्रथम ने अपना पहला दौरा शुक्रवार को प्रारंभ किया। जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर को एमएलके पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रो. जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार गठित कैरियर काउन्सिल टीम प्रथम के समन्वयक अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व मे गठित टीम प्रथम के द्वारा विभिन्न इंटर कॉलेजों का भ्रमण किया गया । टीम प्रथम मे भ्रमण करने वाले सदस्यो मे डॉ दिनेश कुमार, डॉ आर बी त्रिपाठी, डॉ हरि प्रताप सिंह शामिल हैं। टीम द्वारा ऋतुराज सिंह बालिका इंटर कॉलेज मुड़िला, तुलसीपुर, स्टारवर्ड पब्लिक इंटर कॉलेज तुलसीपुर, सी एम एस इंटर कॉलेज तुलसीपुर, आदिशक्ति मां पाटेश्वरी इंटर कॉलेज तुलसीपुर, बसंतलाल इंटर कॉलेज तुलसीपुर, श्रीराम इंटर कॉलेज तुलसीपुर का भ्रमण किया गया। टीम समन्वयक डॉ रमेश शुक्ल के नेतृत्व मे टीम के सदस्यों ने इंटर कालेज के छात्र छात्राओं से स्नातक के विभिन्न संकायों मे नामांकन सहित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु टिप्स दिए। डॉ शुक्ल ने वर्तमान वैश्विक परिपेक्ष्य अंग्रेजी तथा कम्प्यूटर के बढते हुए महत्व पर संक्षेप मे अपनी जानकारी छात्र छात्राओं को दी। साथ ही डॉ शुक्ल ने प्रशासनिक सेवाओं की प्रारंभिक तथा मुख्य परीक्षा की तैयारी हेतु भी छात्र छात्राओं को टिप्स दिए। डॉ शुक्ल ने कौशल विकास के महत्व की जानकारी भी छात्र छात्राओं को दी तथा एम एल के मे उपलब्ध विभिन्न प्रकार के कौशल विकास से संबधित कोर्स तथा रोजगारपरक कार्यक्रम के विषय मे भी छात्र छात्राओं को संक्षेप मे बतया।

गंदगी से अटा गांव का तालाब, ग्रामीण परेशान

जन एक्सप्रेस । मथुरा/फरह

फरह विकास खण्ड के गांव दौलत पुर के नगला फुसिया का तालाब कई सालों से गंदगी से अटा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर तालाब की सफाई कराने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब 15 साल पहले तालाब की सफाई कराई गई थी। उसके बाद केवल अधिकारी मजदूर लगा कर फोटो कर कागजो में सफाई दिखा देते, तालाब में पूरे गांव का दूषित पानी जाता है, जिस कारण तालाब ओवरफ्लो हो चुका है। उन्होंने बताया कि तालाब की सफाई नहीं होने के कारण भूजल भी दूषित हो रहा है और गांव में बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। उधर, संक्रामक बीमारी से भी कई लोग ग्रस्त हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब की सफाई के लिए कई बार अधिकारियों से भी शिकायत की गई, लेकिन सफाई नहीं हुई। उन्होंने अधिकारियों से तालाब की सफाई कराने की मांग की। मांग करने वालों में रामचन्द्र कर्दम, सतीश, बीरी, श्याम सिंह शामिल रहे।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

एडमिन यूनिट/जोन	Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway
नीलामी सूची सं.	PFM-Food-Van3
कार्य का विवरण	Creation, operation and maintenance of Food Van (Serving Customers 24X7) at Phaphamau railway station over Lucknow Division for a period of 5 year, as per site plan attached.
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	10.12.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	26.12.2024 at 10:00 Hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	26.12.2024 at 10:30 Hrs.
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

विशेष नोट : In the above work license is responsible for arrangement of van (or similar) that to be converted into food van. Entire cost of procurement, conversion creation, operation and maintenance lie with the licensee to whom work is allotted.

3908/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रदेश सरकार युवाओं के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है- संजय गंगवार

- राजकीय पॉलिटेक्निक छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण कार्यक्रम में राज्यमंत्री का सम्बोधन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने शानिवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज के विधाथियों को टेबलेट का वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होनें कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के विकास के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। युवाओं को तकनीक से जोडने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ छात्रों की टेबलेट वितरण का अभियान शुरू किया है ताकि छात्र तकनीकि रूप से सशक्त बन सकें। कालेज प्रांगण में आयोजित टेबलेट वितरण कार्यक्रम में छात्रों एंव शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा कि प्रदेश सरकार में वर्ष 2017 के बाद शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन किया है जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें है। उन्होनें पूर्ववर्ती सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार में नौकरियॉ या तो पैसे के बल पर मिलती थी या चाचा भतीजे के करीबीयों को मिलती थी लेंकिन वर्तमान भाजपा सरकार में युवाओं को बिना भेद-भाव योग्यता के आधार पर नौकरियॉ मिल रही है और अपने कार्यकाल में 6 लाख से अधिक युवाओं को नौकरियॉ इस सरकार ने दी है। उन्होनें छात्रों से कहा कि पॉलिटेक्निक की शिक्षा पूरी करने के बाद जब यहॉ से पासआउट होगें तब तक जनपद में एशिया की लग रही सबसे बडी खमीर फैक्ट्री में उनको रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। उन्होनें प्रदेश सरकार की विकास सम्बन्धी उपलब्धियॉ बताते हुए यह भी कहा कि मेडिकल के क्षेत्र में जनपद में नये आयाम स्थापित किए है जहॉ मेडिकल कालेज की स्थापना से गम्भीर किस्म के रोगियों को अब बाहर जाने की आवश्यकता नही पडेगी। इसके अलावा नर्सिंग कालेज की स्थापना भी की जा रही है।

राज्यमंत्री श्री गंगवार ने इस राजकीय पॉलिटेक्निक की स्थापना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानाचार्य के सहयोग से कालेज में कई टेउ्ड की मंजूरी मिली और भवन आदि के निर्माण में काफी प्रयास किया गया। उन्होनें प्रधानाचार्य से आग्रह किया कि भविष्य में अन्य टेउ्डों की मंजूरी के लिए भी प्रयास करे उसमे पूरा सहयोग दिया जायेगा। कालेज के प्रधानाचार्य यज्ञ प्रकाश आर्या ने कालेज की स्थापना एंव उसके विकास के बारे में विस्तार से चर्चा की और माननीय राज्यमंत्री श्री गंगवार के विशेष सहयोग की बात की। उन्होनें कालेज के विकास में भविष्य में भी सहयोग की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में 491 छात्र छात्राओं को टेबलेट का वितरण राज्यमंत्री श्री गंगवार द्वारा किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जविलत एंव पुष्प अर्पित करके किया कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी संतोष कुमार, रोहित वोरा एंव नजीमुददीन ने किया। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि श्री गंगवार को स्मृति चिन्ह भेट किया। कार्यक्रम में कालेज के शिक्षक कुलदीप आनन्द, विवेक कुमार, दिव्या शाक्ति, सहित स्टाफ के अन्य लोग मौजूद रहें।

जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन गुलेश्वर नाथ मंदिर का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने शासन की बंधन योजना के तहत स्वीकृत 2 करोड रुपए की धनराशि से बनाए जा रहे हैं प्राचीन बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध कराने हेतु दुकानों का निर्माण कराये जाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिए। पालिका अध्यक्ष शशि अमन जायसवाल के आग्रह पर प्रदेश के गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह कर नगर के प्राचीन बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर का नए सिरे से निर्माण कराये जाने के लिए बंधन योजना के तहत चयन कराया था। निर्माण कार्य के लिए दो करोड रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है।

इस धनराशि से पालिका प्रशासन द्वारा 2000 स्क्वायर फिट में मंदिर के गर्भ ग्रह का निर्माण कराया जा रहा है। कावड़ियों के ठहरने के लिए दो हाल बनवाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने उप जिला अधिकारी नागेंद्र पांडे व तहसीलदार करम सिंह के साथ मंदिर पहुंचकर नर्माण कार्य का बारीकी से जायज़ा लिया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह व हाल में प्रयुक्त हो रही सरिया, सीमेंट व निर्माण सामग्री की गुणवत्ता दखी। मौके पर निर्माणकार्य संतोषजनक पाया। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की ने जिलाधिकारी को जानकारी दी कि शासन द्वारा निर्धारित किए गए मानक के अनुरूप निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

मंदिर के बाहर पार्क व राधा कृष्ण तथा संतोषी माता के मंदिर का निर्माण अपने निजी कोष से करवा रहे हैं। श्रद्धालुओं को प्रसाद के लिए एक दुकान का निर्माण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने प्रसाद उपलब्ध कराने हेतु और दुकानों का निर्माण कराए जाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिए।

38 वीं पीलीभीत जिला सामूहिक विजेता बना चौंपियन

- मौजूदा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई अहम फैसले लेकर स्कूलों की पिछली सरकारों की जर्जर दशा को सुधार किया है- संजय गंगवार

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

पीलीभीत। तीन दिवसीय 38वीं मंडल स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हो गया। पीलीभीत जिला सामूहिक चौंपियनशिप विजेता बना। पीलीभीत जिले को सामूहिक चैंपियनशिप राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उ0 प्र0 शासन, संजय सिंह गंगवार ने सौंपी। सामूहिक चैंपियनशिप विजेता की घोषणा होते ही पीलीभीत जिले के शिक्षकों और बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। उपविजेता की चैंपियनशिप ट्रॉफी बरेली जिले के जिला व्यायाम शिक्षक मुकेश कुमार और उनकी टीम को गन्ना राज्यमंत्री ने सौंपी। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की व्यक्तिगत चैंपियनशिप शाहजहांपुर के अनिकेत के नाम हुई। बालिका वर्ग में भी शाहजहांपुर की मीनाक्षी चैंपियनशिप बनी। जूनियर स्तर बालक वर्ग की व्यक्तिगत चौंपियनशिप बरेली के नितेश विजेता घोषित किए गए। बालिका वर्ग में शाहजहांपुर की वर्षा को राज्यमंत्री ने व्यक्तिगत चौंपियनशिप की शील्ड सौंपी। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत के स्कूली बच्चों खिलाड़ियों शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई अहम फैसले लेकर स्कूलों की पिछली सरकारों की जर्जर दशा को सुधार किया है। स्कूलों में कायाकल्प के सभी पैरामीटर पूरे करके बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का काम मौजूदा सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि जो पीलीभीत जिला सामूहिक चैंपियनशिप विजेता बना है इसके पीछे शिक्षकों की मेहनत साथ-साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह की अहम भूमिका है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने यह जो सफल रैली कराई है इसके लिए भी बधाई के पात्र हैं। समापन समारोह के अवसर पर स्कूली बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूली बच्चों की प्रस्तुति की सभी ने जमकर सराहना की। सभी विजेता छात्राओं को राज्यमंत्री, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने फील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की इसी तरह से निष्पक्ष तरीके से राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने जा रही सभी विजेता टीमों को मैं अग्रिम बधाई देता हूं। निर्णायक मंडल में नरेंद्र मौर्य, आदित्य गंगवार, अनुदेशक कल्याण समिति के प्रदेश संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा, सर्वेश गंगवार, सुरेंद्र गंगवार,जयप्रकाश, के के सिंह,विभा मिश्रा, फैजान अली आदि रहे । इस अवसर बरेली मंडल के सभी खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक संगठनों के जिला अध्यक्ष जिला मंत्री जिला पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष लालकरन, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दयाशंकर गंगवार, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष भद्रपाल गंगवार, मंत्री डी पी गंगवार, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष मुकेश अवस्थी, यूटा के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा मंत्री मो अकरम, निरंजना शर्मा, रजनी जौहरी, आदि लोग मौजूद रहे। तीन दिन तक खेल गतिविधियों की व्यवस्था संभालने में जिला समन्वयक राकेश पटेल जिला व्यायाम शिक्षक राजीव मिश्रा का विशेष योगदान रहा। संचालन वैभव जैसवार, दुर्गेश आर्य, डॉ अंजु सिंह ने किया।

सड़क दुर्घटना का मुकदमा हुआ दर्ज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम इगरा निवासी नरेंद्र पुत्र सालिकराम ने कोर्ट के आदेश पर थाना न्यूरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमे कहा गया कि 27 मार्च 2021 को शाम साढ़े सात बजे वह पुष्प इंस्टीटयूट के समीप मैदान से होता हुआ पूरनपुर की ओर जाने वाले बाईपास पर पहुंचा। यहां सड़क किनारे बाइक खड़ी करके वह लघुशंका करने लगा। इस दौरान आ रही

एक बाइक के चालक ने तेजी और लापरवाही से चलाते हुए उसको टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका काफी उपचार चला। कोर्ट के आदेश पर थाना न्यूरिया पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

ट्रांस शारदा क्षेत्र में आज पहुंच रहे हैं सांसद जितिन प्रसाद

- कार्यक्रम स्थल को कार्यकर्ताओं ने दिया अंतिम रुप,जन सभा को करेंगें संबोधित

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

हजारा। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के सांसद जितिन प्रसाद का पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र में आज रविवार को एक दिवसीय कार्यक्रम में आज रविवार को पहुंचकर क्षेत्र की जनता से रुबरु होगें तो वहीं कार्यक्रम स्थल की तैयारियों को भी अंतिम रुप दे दिया गया है।

रामनगर मंडल के भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज रविवार को सांसद जितिन प्रसाद का ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम कुठिया गुदिया, कबीरगंज, मुरैना गांधीनगर, आजाद नगर, राम नगर और टिल्ला नंबर चार आदि जगहों पर उनका एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सांसद जितिन प्रसाद भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता व पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान भाजपा सांसद है।

जितिन प्रसाद चुनाव जीतने के बाद ट्रांस शारदा क्षेत्र में उनका यह प्रथम आगमन है। उनके आगमन पर लोगों मे काफी खुशी व उत्साह देखा जा रहा है।

ट्रांस शारदा क्षेत्र की जनता को सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के आगमन से क्षेत्र के विकास को लेकर काफी आशा और उम्मीदें भी लगी हुई हैं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों ने 86 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें मौके पर 11 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्र सम्बंधित विभाग को सौंप जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच कर मामले का निस्तारण करें।

इस दौरान तहसीलदार आशीष कुमार सिंह,

नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय, सीओ अजीत सिंह चौहान, नपा अधिशासी

अधिकारी प्रदीप गिरि, मंडी सचिव गुलाब सिंह, एस डी ओ धमेंद्र कुमार गुप्ता, समेत सर्किल के थानाध्यक्ष व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

गृहमंत्री के बयान को लेकर सपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर संपूर्ण प्रदेश में विरोध दिवस का आह्वाहन किया गया था।

बिगत दिनों भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत के प्रथम विधि मंत्री भारत रत्न व संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर के विरुद्ध की गई टिप्पणी से दलित शोषित वंचित व पिछले समाज का घोर अपमान हुआ है समाजवादी पार्टी प्रदेश व्यापी आंदोलन में विरोध व्यक्त करते हुए आज सड़कों पर उतरी पीलीभीत के जिला मुख्यालय पर पार्टी के जिला कार्यालय से आंदोलन व विरोध प्रदर्शन करते हुए समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी गण कार्यकर्ता गण जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में सड़क पर उतरे परंतु प्रदेश सरकार की दमनकारी नीति के तहत पुलिस प्रशासन ने पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को तत्काल गिरफ्तार कर लिया तथा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से धक्का मुक्की हुआ बल प्रयोग किया गया तथा पार्टी के समस्त नेताओं को पुलिस लाइन ले जाया गया जहां शाम 3.30 बजे तक पुलिस हिरासत में रखा गया परंतु समाजवादी पार्टी के नेताओं का कार्यकर्ताओं का जोश थमने का नाम नहीं ले रहा था पुलिस लाइन में भी कार्यकर्ता सड़क से लेकर पुलिस लाइन तक नारेबाजी करते हुए बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

अखिलेश यादव जिंदाबाद समाजवादी पार्टी जिंदाबाद दलित शोषित पीड़ितों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाते हुए कार्यकर्ता का पुलिस लाइन पहुंचे एवं पुलिस लाइन में भी लगातार नारेबाजी करते रहे सभी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पुलिस प्रशासन द्वारा लेकर उन्हें अपनी अपेक्षा में रखा गया नगर मजिस्ट्रेट पुलिस लाइन पहुंचकर समाजवादी पार्टी के नेताओं से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्राप्त किया।

ज्ञापन में भारत के राष्ट्रपति महामहिम से याचना की गई के भारत रत्न भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वाला व्यक्ति देश के संविधान का विरोधी है और उसे गृह मंत्री के पद पर रहने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है ऐसे गृहमंत्री अमित शाह को तत्काल गृह मंत्री पद से बर्खास्त किया जाए एवं वह सार्वजनिक रूप से अपने कृत्य के प्रति जनता से माफी मांगे।

इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी गण

कार्यकर्ता का व समस्त विधानसभाओं के नेता का मौजूद रहे।जिसमें प्रमुख रूप से सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, दिव्या गंगवार सहित तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

एक्सप्रेस खबरें...

कार सवार लोगों ने घेरकर युवक और उसके परिजनों के साथ की मारपीट, हुए फरार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र में कर सवारी लोगों को से हुई कहानी को लेकर की गई मारपीट जिससे हाहाकार मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस। पूरा ममला थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भूरे खां निवासी एक व्यक्ति अपने परिवार के साथ कार से जा रहा था। शुक्रवार रात 11 बजे कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खकरा में एक अन्य कार पर सवार युवकों से उसकी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कार सवार लोगों ने घेरकर युवक और उसके परिजनों के साथ मारपीट करना शुरू कर दी। इससे मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। चूंकि कार सवार और मारपीट करने वाले युवक अलग अलग समुदाय के थे। इसलिए बात बढ़ गई। इसकी सूचना किसी ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजीव कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पूर्व मारपीट करने वाले युवक भाग निकले। पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने बताया कि तहरीर मिली है। मारपीट करने वाले युवकों की तलाश की जा रही है।

मथुरा टनकपुर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर युवक की हुई मौत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। जनपद के थाना मझोला क्षेत्र में जनपद की तहसील कलीनगर के रहने वाले आकाश का ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। बताते चले कि वह राइस मिल की चौकीदार करते थें। हादसास्थल उत्तराखंड की सीमा में निकला। इस पर उत्तराखंड पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रुप से कलीनगर कस्बे के रहने वाले आकाश (21) पुत्र सेवाराम पिछले काफी समय से मझोला कस्बे में रह रहा था। वह एक राइस मिल में चौकीदारी करते थे। इसके अलावा दिन में फेरी लगाकर मसाले बेचते थे। शनिवार रात वह मझोला-पोलीगंज के बीच उत्तराखंड सीमा में मथुरा-टनकपुर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर उत्तराखंड की सत्रहमील चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते हैं कि मृतक काफी समय से मानसिक रुप से परेशान चल रहा था। बताते हैं कि नशा भी अधिक करने लगा था। बहनों की शादी हो चुकी है।

सीएमओ ने स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये सीएमओ ने अस्पताल पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी, महिला वार्ड,

एक्सरे रुम सहित कई वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टाफ में अफरा तफरी मची रही। बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आज शनिवार को दोपहर 3 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक कुमार शर्मा ने बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इमरजेंसी वार्ड, महिला वार्ड में भर्ती महिलाओं से वार्ता की। इसके बाद सीएमओ निरीक्षण के बाद जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गए। वहीं इस मौके पर अधीक्षक डॉक्टर लेखराज गंगवार, डॉक्टर चंदन कुमार, चीफ फार्मासिस्ट शशि भूषण सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

पति-ससुर ने फर्जी आईडी बनाकर फेसबुक पर अश्लील फोटो पोस्ट कर बदनाम करने का किया प्रयास

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद के थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक मोहल्ले की निवासी युवती ने थाना सुनगढ़ी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह नौ फरवरी 2023 को कासगंज जिले के नदरई थाना क्षेत्र के पीएलजीसी कॉलोनी निवासी रंजीत पुत्र ज्ञानचंद्र से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग दहेज में दस लाख रुपये की मांग करते थे। दहेज न देने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। शादी के दौरान दिए गए दहेज को ससुर ने कमरे में बंद करके ताला लगाकर चाबी अपने पास रख ली। उसके ससुर पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। इसीलिए उसको आए दिन धमकाया जाता है। उसको दिल्ली में स्थित एक मकान में ले जाकर मारा। आठ सितंबर 2024 को उसको मारपीट कर घर से निकालकर मायके में छोड़ गए। उसका मंगलसूत्र समेत अन्य जेवरात भी आरोपियों ने इस दौरान छीन लिए। उसके पति और ससुर ने उसकी फर्जी आईडी बनाकर फेसबुक पर अश्लील फोटो पोस्ट कर उसको बदनाम करने का प्रयास किया।

पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर थाना सुनगढ़ी में पति रंजीत, ससुर ज्ञानचंद्र, जेठ अतुल, जिठानी रचना, देवर शनि और राहुल, नंद गायत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी पवन कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

आर्टिगा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मुंगरा बादशाहपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के जौनपुर रायबरेली हाईवे पर बीते देर शाम करीब साढ़े आठ बजे इटहरा गांव के पास आर्टिका और बाइक की हुई भिड़ंत में दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई।

मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के नारायणडीह गांव निवासी 25 वर्षीय कौशलेन्द्र उर्फ गोलू सिंह पुत्र सभाजीत सिंह के साथ पड़ोसी 58 वर्षीय राजेंद्र विश्वकर्मा पुत्र श्याम लाल विश्वकर्मा देर शाम अपने बाइक पर पीछे बैठा कर उक्त मार्ग से प्रतापगढ़ की ओर जा रहे थे कि पीछे से तेज रफ्तार आ रही एक आर्टिका की चपेट में आने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से भी चिकित्सक ने बेहतर इलाज हेतु वाराणसी रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात कौशलेंद्र उर्फ गोलू सिंह की जहां मौत हो गई वही राजेंद्र विश्वकर्मा का इलाज चल रहा है। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि दोनो गाड़ियां पुलिस के कब्जे में है। इलाज के दौरान गोलू सिंह की मौत हो गई है। इस मामले में उचित कार्यवाही की जा रही है।

दुर्घटना में मृत दरोगा के परिजनों को 94 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर के न्यायाधीश मनोज कुमार अग्रवाल ने दुर्घटना में मृत उप निरीक्षक के परिजनों को 94 लाख रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। मालूम हो कि बलिया जनपद के दोकटी थाना क्षेत्र के चिरंजी गांव निवासी साहब जान पवाँरा थाने पर उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे। दिनांक 2 नवंबर 2019 को मोपेड द्वारा जाते समय दिन में 11.30 बजे दारापुर गांव के पास पीछे से तेज गति व लापरवाही पूर्वक आ रही ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे सदर अस्पताल जौनपुर में उनकी मृत्यु हो गई।

मृतक के पुत्र कलामुद्दीन, शहाबुद्दीन, निजामुद्दीन व एतशाम अली ने अधिकरण में क्षतिपूर्ति हेतु याचिका प्रस्तुत की। याची के अधिवक्ता सूर्यमणि पाण्डेय व हिमांशु श्रीवास्तव ने याची कलामुद्दीन, प्रत्यक्षदर्शी साक्षी सुभाष चंद्र व सन्तोष सिंह उप निरीक्षक लेखा विभाग को साक्षी के रूप में परीक्षित करवाया, जिससे दुर्घटना में ट्रक ड्राइवर की उपेक्षा व लापरवाही साबित हुई। न्यायालय ने दुर्घटना कारित करने वाले ट्रक के बीमाकर्ता द न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को आदेश दिया कि याचीगण को ब्याज सहित कुल 94 लाख रुपए क्षतिपूर्ति दो माह के अंदर प्रदान करे।

मुख्यमंत्री को भी नहीं डरते अफसर 84 कोसी मुआवजा के लिए किसान लगा रहे हैं ऑफिस के चक्कर

■ मुख्यमंत्री ने जुलाई माह में बस्ती मंडल में समीक्षा बैठक के दौरान, मुआवजा कम वितरित होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया था।

जन एक्सप्रेस । दिलीप उपाध्याय/सोनू पाठक





बस्ती। प्रदेश सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के मुआवजे में अधिकारियों के उदासीनता के चलते मुआवजे में काफी देरी हो रही है। साल भर से तमाम बुजर्ग किसान ऑफिस का चक्कर लगा रहे है। जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जुलाई माह में बस्ती मंडल में समीक्षा बैठक में पैसा होने के बावजूद भी किसानों को वितरित न किए जाने से काफी नाराज हुए थे। मुख्यमंत्री ने कड़े निर्देश दिए थे, कि किसानों को मुआवजा अतिशीघ्र दिए जाएं। लेकिन 6 माह बीतने को है अधिकांश किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका है। बुजुर्ग किसान अपने मुआवजे के लिए ऑफिस का चक्कर लगा रहे हैं।

80 वर्षीय बुजुर्ग किसान परमात्मा प्रसाद पाठक निवासी मजगवा बताते हैं, कि उनका 84 कोसी परिक्रमा मार्ग में लगभग एक बीघा जमीन जा रहा है। इसके लिए वह साल भर से 70 किलो दूरी तय करके एसएलओ ऑफिस का चक्कर लगा रहे हैं। बार-बार उनसे ऑफिस में यही कहा जा रहा है कि उनके फाइल पर काम चल रहा है। लेकिन साल भर हो गया उनको मुआवजा अभी भी नहीं मिल सका जिससे वह काफी निराश है।

चंद्रावती पत्नी अयोध्या प्रसाद निवासी मजगवा के बेटे अर्जुन बताते हैं, कि अपने मुवावाजे के लिए 6 महीने से ऑफिस का चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन अभी तक उनका मुआवजा नहीं मिला। अधिकांश बार जब मैं ऑफिस में पता करने जाता हूं तो कर्मचारी सौरभ बाबू ऑफिस में मौजूद नहीं रहते हैं। जिससे बिना किसी जानकारी निराश होकर वापस लौटना पड़ता है।

किसान राजेश पाठक का कहना कि किसानों के साथ एसएलओ ऑफिस के कर्मचारी सौरभ बाबू उपेक्षित व्यवहार करते हैं। 70 किलोमीटर दूरी तय करके कार्यालय जाता हूं, लेकिन अधिकांश बार सौरभ बाबू नही मिलते, अगर मिलते भी है तो बताते है आपका काम हो रहा है लेकिन साल भर फाइल जमा किए हो गया अभी तक मुआवजा नहीं मिल सका। राजेश पाठक ने बताया अगर मुआवजा जल्दी नहीं मिला हम लोग जिलाधिकारी से इसकी शिकायत करेंगे।

भव्य अयोध्या-नव्य अयोध्या की कड़ी में 84 कोसी परिक्रमा मार्ग भी शामिल है। इसकी शुरुआत बस्ती जिले के मखौड़ा धाम से हो रही है। जिले में यह सड़क 40.14 किमी लंबाई में बननी है। इसके निर्माण की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी के राष्ट्रीय राजमार्ग खंड को सौंपी गई है। चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग का नाम 227 नेशनल हाईवे होगा। यह 45 मीटर चौड़ा व 275 किलोमीटर लंबा होगा। ये मार्ग पांच जिलों बस्ती, गोंडा, अयोध्या, बाराबंकी और अंबेडकरनगर से होकर जायेगा।

कप्तान के आदेश पर भारी सिपाही राकेश यादव, होमगार्ड को पीटने का आरोप

■ 8 अक्टूबर को ट्रांसफर होने के बाद भी सिपाही राकेश यादव नही छोड़ रहे है थाना

जन एक्सप्रेस । बस्ती



बस्ती जिले के थाना वाल्टरगंज में एक मनबड़ हेड कांस्टेबल राकेश यादव ने अपने ही थाने के होमगार्ड को जमकर पीटने का आरोप लगा है। होमगार्ड सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि वह माघ मेला ड्यूटी के लिए प्रयागराज गया हुआ था, लेकिन उसकी ड्यूटी के दौरान तबीयत खराब हो जाने की वजह से वहां के अधिकारियों ने उसको वापस थाना भेजने की सलाह दिया।

वापस आए होमगार्ड ने अपने वापसी के लिए मुंशी से बात ही कर रहा था कि इतने में मनबढ़ दबंग किस्म का हेड कांस्टेबल राकेश यादव किसी बात को लेकर नाराज हो गया। जिससे होमगार्ड और सिपाही में कहा-सुनी होने लगी। कहा-सुनी दौरान दबंग सिपाही ने होमगार्ड को जमकर पीट दिया। जिससे होमगार्ड सुनील कुमार मिश्रा को हाथ, पैर, सर में गंभीर चोट आई है।

पीड़ित घायल होमगार्ड का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित होमगार्ड ने पुलिस अधीक्षक बस्ती को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग किया है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

ट्रांसफर होने के बाद भी सिपाही राकेश यादव नही छोड़ रहे है थाना??

- स्थानांतरण के बाद भी हेड कांस्टेबल राकेश यादव का वाल्टरगंज थाना से मोह नहीं छूट रहा है। राकेश यादव सिपाही अपनी ठसक दिखाते हुए बस्ती पुलिस अधीक्षक गोपाल चौधरी के आदेश पर भारी पड़ रहे हैं। वहीं थाना वाल्टरगज थाना की बात करें तो अभी भी अधिकारियों सहित नेताओं से जुगाड़ लगाकर राकेश यादव थाना में जमे है। आखिरकार स्थानांतरण सूची जारी होने के बाद भी हेड कांस्टेबल राकेश यादव को थाने से रिलीव क्यों नहीं किया जा रहा है यह लोगों के समझ से परे है।
- थानों में व्याप्त भ्रष्टाचार, अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने और कामकाज में पारदर्शिता और कसावट लाने के मकसद से तबादला नीति बनाई गई। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक बस्ती ने थानों में लंबे समय से जमे कर्मचारियों का स्थानांतरण किया था। जबकि कई ऐसे पुलिसकर्मी हैं जो लंबे समय से थाना में पदस्थ है और इनकी शिकायत भी पुलिस अफसरों तक पहुंच चुकी है। इस तरह यह पुलिसकर्मी पुलिस विभाग की तबादला नीति को मुंह चिढ़ा रहा है।अब सवाल यह उठता है कि क्या मनबढ़ सिपाही पर कोई कार्यवाही होगी?? या फिर अपने पहुंच के बल पर सिपाही अधिकारियों पर भारी पड़ेगा।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । बस्ती

उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय कानपुर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान रिद्धि सिद्धि हाल बस्ती में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र बस्ती द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में बस्ती के 250 संत कबीर नगर के 50 एवं सिद्धार्थनगर के 50 लाभर्थियों द्वारा प्रतिभा किया गया। उपायुक्त उद्योग हरेंद्र प्रताप यादव की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। वही उपायुक्त ने प्रतिभागियों योजना के संबंध जानकारी एवं योजना लाभ प्राप्त करने व स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए आहवान किया। वही संतकबीरनगर के उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उद्यमी विकास योजना की जानकारी दी एवं योजना के प्रारंभ करने का उद्देश्य भी बताया, प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य अधिक अधिक निवेश एवं रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है। बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 3500 सदस्यों को लाभान्वित किया जाना है। अभियान से जुड़े लखनऊ टीम मेंबर डॉक्टर अमित एवं प्रखर मिश्रा द्वारा कार्यशाला में 300 बिजनेस मॉडल के बारे में जानकारी दिया उन्होंने दोना, पत्तल मशीन, जूस पैकिंग,सूगर कैंडी मशीनों के लाइव डेमो को दिखाया, एवं योजना की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा विशेष रुचि दिखी। कार्यक्रम में आर के मौर्य मुख्य प्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक, बडौदा यूपी ग्रामीण बैंक,इंडियन बैंक, भारतीय स्टेट बैंक सहित तमाम जनपद के औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे।

अधिवक्ता एसोसिएशन के चुनाव में ठाकुर विशंभर सिंह पुंडीर गुट की ऐतिहासिक जीत

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

अधिवक्ता एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में ठाकुर विशंभर सिंह पुंडीर गुट ने एक बार फिर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, अध्यक्ष पद के लिए ठाकुर विशंभर सिंह गुट के अभय सिंह सैनी ने 859 मत लेकर 218 वोटो से जीत दर्ज कराई है साथ ही सभी 11 पदों पर भी ठाकुर विशंभर सिंह पुंडीर के उम्मीदवारो ने जीत का परचम फहराया है। इस जीत के बाद बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं ने ढोल ताशों पर जमकर डांस किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया, ठाकुर विशंभर सिंह पुंडीर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपो का जवाब ही हमारी ऐतिहासिक जीत है, वह समय समय पर अधिवक्ताओं के हितों में कार्य करते आये हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे।

साहब पांच माह से नहीं मिला वेतन, दिलवा दीजिए

■ तहसील दिवस में पहुंचे अटल आवासीय विद्यालय के कर्मचारी

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अटल आवासीय विद्यालय में संविदा पर तैनात कर्मचारियों ने शनिवार को तहसील दिवस में पहुंचकर एडीएम राजेश कुमार को पांच माह से वेतन न मिलने की जानकारी देते हुए वेतन दिलाने की मांग की शनिवार को बिल्हौर ब्लॉक सभागार में एडीएम राजेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम रश्मि लांबा और तहसीलदार तिमिराज सिंह व खंड विकास अधिकारी दिनेश वर्मा ने फरियादियों की शिकायतों को सुना क्षेत्र के रामपुर नरुआ गांव स्थित अटल आवासीय विद्यालय में संविदा पर कार्यरत सुधीर विश्वकर्मा, भगत सिंह, कमलेश कुमार, जय कुमार, विनय बाबू, कुलदीप, रवि, गौतम सहित दो दर्जन कर्मचारियों ने एडीएम से फरियाद करते हुए बताया कि वह लोग लगभग 15 माह से वहां नौकरी कर रहे हैं. जिसमें पिछले 5 माह से उन लोगों को वेतन नहीं मिला है. इस कारण उन्हें अपने अपने परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो रहा है. कर्मचारियों ने जल्द से जल्द वेतन दिलवाए जाने की मांग की।

हाइवे बन गया, वाहन दौड़ने लगे लेकिन मुआवजा नहीं मिला

सरैया दस्तमखा गांव निवासी संजय त्रिपाठी व सुमन शुक्ला ने शिकायत करते हुए बताया कि उनका घर नेशनल हाईवे के निर्माण अधिग्रहित किया गया था. घर तोड़कर सड़क बन गई, वाहन दौड़ने लगे, गांव के अन्य लोगों को मुआवजा भी मिल गया लेकिन लेखपाल से लेकर अधिकारियों तक बार-बार चक्कर लगा रहे उन लोगों को मुआवजा अभी तक नहीं मिला. मुआवजा दिलाने की आवाज में लेखपाल के द्वारा पैसों की मांग की जा रही है. इसी तरह 81 शिकायतों में केवल एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका. शेष शिकायतों को संबंधित विभाग के कर्मचारियों को हस्तांतरित कर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए।

बिल्हौर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ने शौचायलयों का भ्रमण कर कमियां दूर कराई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर नगर पालिका की शौचालय व्यवस्था चौक चौबंद करने के लिए बिल्हौर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजलि मिश्रा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कर जिन शौचालय में केयर टेकर और साफ सफाई की व्यवस्था नहीं मिली उनको फटकार लगाते हुए वहां पर कमियों को दूर कराया उन्होंने वहां पर मौजूद कर्मचारियों को बताया कि जो अच्छा काम करेगा उसको पुरस्कृत भी किया जाएगा और जो हीलाहवाली करेंगे और कमियां ज्यादा मिलेगी उनको हटा भी दिया जाएगा उन्होंने बताया कि कर्मचारियों से पूछने पर सब व्यवस्थाएं अच्छी बताते रहे लेकिन जब जमीन पर हकीकत देखी तो कुछ जगहों पर कमियां मिली जिनको हिदायत देकर कमियां दुरुस्त कराई गई हैं उन्होंने बताया कि शौचालय से ही गंदगी और बीमारियां फैलती हैं जिससे हमें उनका दूर करना है।

औरौताहरपुर रजबहे में खांदी कटने से सैकड़ों बीघा फसल हुई जलमग्न

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में औरोंताहारपुर गांव से गुजरे रजबहे में सफाई न होने के कारण पानी ओवर फ्लो होने से शुक्रवार रात खांदी कट गई. जिससे रजबहे के आसपास की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई. फसल खराब होने के भय से चिंतित किसानों खांदी बांधने के प्रयास शुरू किए ककवन क्षेत्र में निचली गंग नहर से मनावा, औरोंताहारपुर, अनेई आदि गांवों से होकर गुजरने वाले रजबहे में उगी झाड़ियों आदि की विभागीय कर्मचारियों द्वारा सफाई नहीं कराई गई. क्षेत्र में सफल की सिंचाई के लिए बिना सफाई के ही रजबहे में पानी छोड़ा गया था. गंदगी के कारण पानी रजबहे के दोनों तरफ मौजूद पट्टी के ऊपर से गुजरने लगा। ओवर फ्लो रजबहे में शुक्रवार रात औरोंताहारपुर गांव के पास खांदी कटने से सैकड़ों बीघा राई, गेहूं और आलू की फसल जलमग्न हो गई. सुबह जानकारी होने पर फ़सल खराब होने और गांव की तरफ बढ़ रहे पानी को घरों में भरने से चिंतित किसानों ने खांदी बांधने का काम शुरू किया और पानी का फ्लो कम करने के लिए विभागीय कर्मचारियों को फोन कॉल कर पानी बंद करने के लिए कहा वहीं किसानों की मानें तो विभागीय लापरवाही के चलते गेंहू और राई की फ़सल में कुछ नुकसान होगा वहीं आलू की फसल ल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी।

शिवदत्तापुर गांव में आरआरसी सेंटर के निर्माण में घटिया सामग्री का हो रहा उपयोग

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवदत्तापुर गांव में हो रहे आर आर सी के निर्माण में भ्रष्टाचार का खेल जमकर खेला जा रहा है। लाखों रुपए की कीमत से बन रहे आर आर सी में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। निर्माण में ठेकेदार की मनमर्जी से ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। ग्राम पंचायत शिवदत्तापुर में लगभग तीन लाख रुपए की अनुमानित लागत से बनाए जा रहे आर आर सी सेंटर के निर्माण कार्य किया जा रहा है । निर्माण में मानक के विपरीत पीली ईंट से घटिया निर्माण सामग्री लगाकर निर्माण किया जा रहा है। भ्रष्टाचार उजागर न हो इसके लिए ईंटों पर दिनभर पानी का छिड़काव किया जाता है. जितना आर आर सी सेंटर का निर्माण अभी तक हुआ है उसमें घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है. जिम्मेदारों से मिलीभगत के चलते ठेकेदार पूरी तरह से मनमर्जी पर उतारू है।

राम ने परिवार और समाज को आदर्श दिया

■ वनखण्डेश्वर मंदिर महामहोत्सव श्रीरामकथा का तीसरा दिन

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कस्बे की इंटर कॉलेज में आयोजित राम कथा में भागवत आचार्य श्रीराम दिनेशाचार्य जी ने बताया राम ने बताया कि कैसे परिवार को मजबूत बनाते हैं और कैसे समझ को एकजुट करते हैं। आज समाज के सामने सबसे बड़ा संकट यह है कि हम राम के नाम पर ही बंट रहे हैं, लड़ रहे है, और राम के बारे रस्ते पर नहीं चल रहे हैं।यह कहना है जगतगुरू स्वामी राम दिनेशाचार्य जी का।वे श्रीरामकथा के दूसरे दिन श्रद्धालु श्रोताओं से खचाखच भरे पांडाल में राम का गुणगान कर रहे थे। उन्होंने कहा भगवान राम ने जो आदर्श समाज के सामने जिया उसको हमको अपनाने की जरूरत है।राम ने सिंहासन को त्याग पिता की आज्ञा पर हंसते हंसते वनवास चुन लिया था। उन्होंने समाज को जोड़ना सिखाया था।रावण जैसे महाप्रतापी राजा से लड़ने के लिए वे समाज के निचले तबके को जोड़ कर खड़ा करते हैं।आज भी यदि हमको सनातन की रक्षा करनी है तो सबसे पहले अपनी कुरीतियों, को रूढ़िवादिता ,और अंधविश्वास को छोड़ना होगा।हमारा देश और समाज जिन कमियों और बुराइयों के चलते टूटा और कमजोर हुआ उसमें सबसे पहले छुआछूत है।सबको ईश्वर की संतान मान मानवता को सबसे बड़ा धर्म मानना होगा।

कथा मंच से धारा प्रवाह आनंद की ऐसी सरिता बही कि लोग मंत्रमुग्ध से सुनते रहे।

कथा समाप्ति पर अध्यक्ष सुरेश गुप्त ने सभी से समय से पंडाल में आने का आवाहन किया।

अनुराग अवस्थी उर्फ मार्शल, सुजीत सिंह, विशाल, गोविंद अवस्थी, आलोक कटियार, केशव सिंह आदि का विशेष सहयोग प्रतिदिन रहता है।

फतेहपुर में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की हड़ताल समाप्त

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं की विगत एक महीने से चल रही हडताल शनिवार को आमसभा की बैठक के पश्चात् समाप्त करने की घोषणा की गई। वही हडताल के समाप्त होने के पश्चात् अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो हो कि रजिस्ट्री कार्यालय बाईपास रोड पर चंद्र हॉस्पिटल के निकट प्रशासन द्वारा प्रस्तावित किया गया था। जिसको लेकर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कलम बंद हड़ताल कर अपनी मांग प्रशासन से मंनवाने पर मजबूर कर दिया। मांग के अनुसार बिजली दफ्तर के पास नया प्रस्ताव रजिस्ट्री कार्यालय के निर्माण के लिए स्थानीय तहसील प्रशासन के द्वारा डीएम के माध्यम से शासन को भेजा गया है। जिसको शासन द्वारा सहमति मिल गई है। मांग पूरी होने पर अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस दौरान दि बार एसोसिएशन सभागार में एक आपात बैठक शनिवार को आहूत की गयी जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि रजिस्ट्री कार्यालय से संबंधित हड़ताल को समाप्त करने की बार अध्यक्ष प्रदीप निगम ने घोषणा की। वही हड़ताल के समापन की घोषणा सुनते हुए तहसील से संबंधित वादकारियों और अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड गयी है।

इस मौके पर अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मण्डल ने डीएम व पुलिस अधीक्षक से शिष्टाचार भेंट कर उन्हे बधाई देते हुए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रदीप कुमार निगम, संजय सिंह नम्बरदार, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

लेखपालों ने एंटी करप्शन, टीम और शिकायतकर्ता पर बोला हमला

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

कोतवाली नगर अन्तर्गत गत् दिनों एंटी करप्शन टीम द्वारा तहसील नवाबगंज के सामने एक लेखपाल और उसके सहयोगी को 20 हजार रुपये घूस लेते समय रंगे हाथ पकड़ा था। उसी मामले की विवेचना करने शनिवार को एंटी करप्शन टीम अपने साथ षिकायतकर्ता को लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय के निकट पहुंची तो वहां पर मौजूद कुछ लेखपालों ने षिकायतकर्ता पर हमला बोल दिया। जिसके बाद वहां पर अफरा तफरी का माहौल फैल गया। षिकायतकर्ता की तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरु कर दी। वहीं दूसरी तरफ एक महिला लेखपाल ने षिकायतकर्ता के ऊपर छेड़खानी का आरोप लगा करके कोतवाली में तहरीर दी है। इस मामले में घण्टो तक सैकड़ो की संख्या में लेखपाल कोतवाली परिसर में जमे रहे और हंगामा काटते रहे। जानकारी के अनुसार, चार दिन पूर्व तहसील नवाबगंज के गेट के बाहर एण्टी करष्पन टीम के सदस्यों ने यहीं पर कार्यरत एक लेखपाल और उसके साथी को 20 हजार रुपये घूस लेते समय रंगे हाथ धर दबोचा था। एण्टी करष्पन टीम ने थाना सफदरगंज में मुकदमा दर्ज कराया था। इस घटना को लेकर लेखपालों ने कोतवाली परिसर में धरना प्रदर्षन भी किया था। शनिवार की दोपहर एंटी करष्पन टीम इसी मामले को लेकर षिकायतकर्ता को साथ में लेकर जांच पड़ताल करने के लिए उपजिलाधिकारी नवाबगंज कार्यालय के पास पहुंची थी षिकायतकर्ता का आरोप है कि वहां पर मौजूद लेखपालों ने उन पर जानलेवा हमला बोल दिया। बीच बचाव करने आये एंटी करष्पन टीम के सदस्यों से भी लेखपालों ने हाथापाई की। हमले में षिकायतकर्ता गम्भीर रुप से घायल हो गया। कोतवाली नगर पुलिस को उक्त घटना की जानकारी हुई तो आनन फानन में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और गम्भीर रुप से घायल षिकायतकर्ता को लेकर कोतवाली चली आयी। पुलिस ने षिकायतकर्ता की तहरीर पर अज्ञात लेखपालों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर घायल षिकायतकर्ता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं दूसरी तरफ सैकड़ो की संख्या में लेखपालों ने प्रदर्षन करते हुए कोतवाली नगर पहुंचे और षिकायतकर्ता के ऊपर महिला लेखपालों से छेड़खानी का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी।

जिला चिकित्सालय में नहीं हार्ट के चिकित्सक

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। जिला अस्पताल उन गरीब लोगों की उम्मीदें है, जिनके पास इलाज कराने को पैसे नहीं। सरकार ने भी यही सोचकर जनपद में जिला अस्पताल की स्थापना की होगी, यहाँ वर्तमान की स्थिति बद से बद्दतर हो गई है। पुरूष चिकित्सालय की ओपीडी की हालत तो राम भरोसे चल रहा है। वैसे भी जिले को अयोध्या राम नगरी का द्वार कहा जाता है जिला अस्पताल की हालत किसी से छिपी नहीं है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक कई बार यहाँ आकर निरीक्षण भी कर चुके हैं लेकिन आज तक व्यवस्थाएं जस की तस हैं। डॉक्टर बाहर से दवा लिखने से बाज नही आ रहे! मरीज दिल का इलाज कराने के लिए लखनऊ दौड़ने को मजबूर हैं। बताते चलें कि समाचार पत्र हो या सोशल मीडिया या फिर टीवी चैनलो पर यहां व्याप्त अनियमितताओं की खबरें अक्सर सार्वजनिक होती रहती हैं। यहाँ हार्ट के डॉक्टर ढूंढे नही मिलते।

डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। तहसील सभागार में डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 74 शिकायतें अधिकारियों के समक्ष पेश हुई जिसमें से मात्र सात मामलों का मौके पर निस्तारण किया जा सका। डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतो के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। ज्ञात हो शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान राजस्व विभाग से सम्बन्धित 23, पुलिस के 14, विकास के 12, विधुत के 14, खाद्य एवं रसद विभाग के 8 व अन्य विभाग से सम्बन्धित 74 मामलें आयें जिसमें से राजस्व विभाग से सम्बन्धित सात प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर एसपी दिनेश कुमार सिंह, एसडीएम राजेश कुमार विष्वकर्मा, तहसील वैशाली अहलावत, सीओ जगतराम कनौजिया समेत समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

24 केन्द्रों में प्राप्त हो चुकी है कुर्सी-मेज

तहसील परिसर में डीएम ने बहरौली आंगनबाडी कार्यकत्री बृजरानी और बड्डूपुर आंगनबाडी कार्यकत्री सावित्री देवी को बच्चों के बैठने के लिए कुर्सी व मेज प्रदान किया। बाल विकास परियोजना निन्दूरा के 204 आगंनबाडी केन्द्रों में लगभग 24 केन्द्रों में कुर्सी व मेज प्राप्त हो चुकी है। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि जिन आंगनबाडी केन्द्रों पर बच्चों के लिए कुर्सी व मेज की व्यवस्था हो गयी है वहां अन्य केन्द्रों के सापेक्ष बच्चों की संख्या अधिक है। शेष केन्द्रों पर बैठने की समुचित व्यवस्था जल्द करायी जायेगी।

भेंट की सिलाई मशीन

विकासखण्ड फतेहपुर के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए डीएम द्वारा समूह के सदस्य मुन्नी बेगम, गीता, शैलेन्द्री, अनीता देवी, शिव देवी, पूनम, अनीता कुमारी, लक्ष्मी देवी, मीरा देवी, सुनीता देवी को सिलाई मशीन भेंट की है इस दौरान डीएम ने समूह के अच्छा कार्य कर महिलाओं को जागरूक करने की बात कही।

भारतीय पीएम को कुवैत आने में 4 दशक लगे

पीएम मोदी ने प्रवासी भारतीयों से कहा, मैं आपसे मिलने ही नहीं, आपकी उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने आया हूं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर कुवैत पहुंचे। 43 साल बाद ये किसी भारतीय पीएम का पहला कुवैत दौरा है। पीएम मोदी से पहले 1981 में प्रधानमंत्री रहते इंदिरा गांधी ने कुवैत का दौरा किया था। मोदी का एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट वेलकम हुआ। प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 43 साल के बाद भारत का कोई क्क्रू कुवैत आया है। आपको भारत से आना है तो 4 घंटे लगते हैं, प्रधानमंत्री को 4 दशक लग गए। मोदी ने कहा कि कुवैत में लोगों को हर त्योहार मनाने की सुविधा है। लेकिन मैं आपको सेलिब्रेट करने आया हूं। इससे पहले भारतीय मूल के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए कथकली डांस परफॉर्म किया था। इसके बाद पीएम कुवैत सिटी पहुंचे। जहां अरबी भाषा में लिखी और प्रकाशित रामायण और महाभारत पुस्तक के प्रकाशक अब्दुल लतीफ अलनेसेफ और अनुवादक अब्दुल्ला बैरन से मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी को अरबी भाषा में लिखी महाभारत और रामायण उपहार में भेंट की। इसके बाद मोदी ने कुवैत के स्पिक लेबर कैंप का दौरा किया और भारतीय मजदूरों से मुलाकात की। दरअसल, इसी साल 12 जून को कुवैत में मजदूरों के एक कैंप में आग लग गई थी, जिसमें 50 लोगों की जलकर मौत हो गई थी। इनमें 45 भारतीय थे। मोदी ने कहा कि आपमें से कितने ही लोग पीढ़ियों से कुवैत में रह रहे हैं। बहुत सारे लोगों का जन्म ही यही हुआ है। हर साल यहां रहने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ती जा रही है। आपने कुवैत के समाज में भारतीयता का तड़का लगाया है। आपने कुवैत के कैनवास पर भारतीय हुनर का रंग भरा है, यहां भारत के टैलेंट, टेक्नोलॉजी और ट्रेडिशन का मसाला मिक्स किया है। मैं यहां सिर्फ आपसे मिलने नहीं आया हूं बल्कि आप सभी की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने के लिए यहां आया हूं।

कल्चर और कॉमर्स से बना रिश्ता नई बुलंदी पर जा रहा

पीएम मोदी ने कहा कि कुवैत के बहुत सारे व्यापारियों ने आयात-निर्यात के लिए भारत के कई जगहों पर ऑफिस खोले हैं। 60-65 साल पहले कुवैत में भारतीय रुपए वैसे ही चलते थे जैसे भारत में चलते हैं। यानी यहां किसी दुकान से खरीदने पर भारतीय रुपए भी स्वीकार किए जाते थे। तब भारतीय करेंसी जैसे कि रुपया, पैसा, आना को कुवैती लोग जानते थे। जिस देश से जिस समाज से इतनी सारी यादें जुड़ी हैं, जिससे हमारा वर्तमान जुड़ा है, वहां आना मेरे बहुत यादगार है। मैं कुवैत के लोगों का यहां की सरकार का आभारी हूं। कुवैत के अमीर का उनके आमंत्रण के लिए धन्यवाद देता हूं।अतीत में कल्चर और कॉमर्स ने जो रिश्ता बनाया था वो आज नई सदी में नई बुलंदी की तरफ आगे बढ़ रहा है।

न्यू कुवैत बनाने की तकनीक और मैन-पावर भारत के पास

पीएम मोदी ने कहा कि हर सुख में साथ रहने की परंपरा हमारी आपसी रिश्ते, आपसी भरोसे की बुनियाद है। हमारे मकसद बहुत अलग नहीं हैं। जैसे कुवैत के लोग न्यू कुवैत बनाने में लगे हैं वैसे भी भारत के लोग भारत 2047 बनाने में लगे हैं। भारत आज इनोवेशन पर बल दे रहा है। इकोनॉमी को मजबूत करने में लगा है। भारत का स्किल्ड यूथ कुवैत को नई ताकत दे सकता है। आने वाले कई दशकों तक भारत दुनिया का सबसे युवा देश रहने वाला है। ऐसे में भारत दुनिया की स्किल डिमांड को पूरा करने का सामर्थ्य रखता है। इसके लिए भारत अपने युवाओं का स्किल डेवलपमेंट कर रहा है। भारत इसके लिए दो दर्जन देशों के साथ समझौते किए।

भारतीय कहीं भी हों, देश की कामयाबी में खुश होते हैं

मोदी ने कहा कि आप सभी भारत से आए यहां रहे लेकिन भारतीयता को अपने दिल में संजो कर रखा है। कौन भारतीय होगा जिसे मंगलयान की सफलता पर गर्व नहीं होगा, जिसे चंद्रयान की चंद्रमा पर लैंडिंग की खुशी नहीं हुई होगी... आज का भारत, एक नए मिजाज के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी है। आज दुनिया का नंबर फिनटेक इकोसिस्टम भारत में है, तीसरा स्टार्टअप इकोसिट्म भारत में है। दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता है। बीते 10 साल में भारत ने जितना ऑप्टिकल फाइबर बिछाया है। उसकी लंबाई धरती और चंद्रमा की दूरी से भी 8 गुना ज्यादा है।

भारत जल्द दुनिया के विकास का हब होगा

पीएम ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे डिजिटल कनेक्टेड देशों में से एक है। छोटे-छोटे शहरों से लेकर गांवों तक हर भारतीय डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। भारत में अब ये लग्जरी नहीं बल्कि आम आदमी की रोजमर्रा की जरूरतों में शामिल हो चुका है। लोग चाय पीने, राशन मंगाने, फल खरीदने के लिए डिजिटल तरीके का इस्तेमाल करते हैं। बहुत कम समय में डिलीवरी होती है और पेमेंट भी हो जाता है। डॉक्यूमेंट के लिए डिजी लॉकर, एयरपोर्ट के लिए डिजी यात्रा, यात्रा में समय बचाने के लिए फास्टैग है। भारत लगातार डिजिटली स्मार्ट हो रहा है। ये तो अभी शुरुआत है। भारत ऐसे इनोवेशन की तरफ बढ़ने वाला है जो दुनिया को दिशा दिखाएगा। दुनिया के विकास का हब होगा। भारत दुनिया का ग्रीन एनर्जी हब होगा, फार्मा हब होगा, इलेक्ट्रॉनिक हब होगा।

भारत दुनिया को हेल्दी लाइफस्टाइल सिखा रहा

पीएम ने कहा कि हम पूरे दुनिया को एक परिवार मानते हैं। भारत एक विश्वबंधु के रूप में दुनिया के भले की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया भी भारत की इस भावना को मान दे रही है। आज दुनिया अपना पहला वर्ल्ड मेडिटेशन डे मना रही है। ये भारत की हजारों सालों की परंपरा को ही समर्पित है। 2015 से दुनिया 21 जून को योग दिवस मना रही है। ये भी भारत की योग परंपरा को समर्पित है। आज भारत का योग दुनिया के हर रीजन को जोड़ रहा है। आज भारत की पारंपरिक मेडिसिन आयुर्वेद ग्लोबल वेलनेस को समृद्ध कर रहे हैं। सुपरफुड मिलेट्स हेल्दी लाइफ स्टाइल का आधार बन रहे हैं। नालंदा से लेकर आईआईटी तक का नॉलेज सिस्टम ग्लोबल सिस्टम का आधार बन रहा है। पिछले साल जी20 समिट के दौरान भारत मिडिल ईस्ट कॉरिडोर की घोषणा हुई थी। ये दुनिया को नई दिशा देने वाला है।

महाकुंभ में शामिल होने आएं, दोस्तों को भी लाएं

पीएम ने प्रवासी भारतीयों को भारत आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि नए साल का पहला महीना इस बार अनेक राष्ट्रीय उत्सवों का महीना होने वाला है। इसी साल आज से 10 जनवरी तक भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन होगा। इसमें दुनिया भर से लोग आएंगे। इसके लिए आप सभी को आमंत्रित करता हूं। प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होने वाला है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। आप इसमें शामिल होने भारत आएं और अपने कुवैती दोस्तों को भी लाएं।

कुवैत की लीडरशिप भी भारतीयों की मेहनत की कायल

पीएम ने कहा कि मैंने यहां काम करने वाले भारतीय मजदूरों और कर्मचारियों से मुलाकात की। ये साथी यहां कंस्ट्रक्शन से जुड़े हैं। इसके अलावा बाकी लोग भी दूसरे सेक्टर में पसीना बहा रहे हैं। भारतीय समुदाय के डॉक्टर्स, नर्सें कुवैत के मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए बहुत बड़ी शक्ति हैं। भारतीय शिक्षक कुवैत की अगली पीढ़ी को मजबूत बनाने में सहयोग कर रहे हैं, इंजीनियर्स कुवैत के नेक्स्ट जेनेरेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं। जब भी मैं कुवैत की लीडरशिप से बात करता हूं तो वे आपकी खूब तारीफ करते हैं। कुवैत के नागरिक भी भारतीयों की मेहनत, ईमानदारी, स्किल की वजह से सम्मान करते हैं।

भारत और कुवैत को वर्तमान ही नहीं, अतीत ने भी जोड़ा

मोदी ने कहा कि आज भारत रेमिटेंस के मामले में सबसे आगे है, तो इसका बहुत बड़ा श्रेय आप सभी मेहनतकश साथियों को जाता है। देशवासी भी आपके इस योगदान का सम्मान करते हैं। भारत और कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं का, व्यापार-कारोबार का है। भारत-कुवैत अरब सागर के दो किनारे पर बसे हैं। हमें सिर्फ डिप्लोमेसी ने ही नहीं दिलों ने भी आपस में जोड़ा है। हमें वर्तमान ही नहीं, अतीत ने भी आपस में जोड़ा है।

हमारे बीच व्यापार 19वीं शताब्दी से जारी

पीएम ने कहा कि एक वक्त था जब कुवैत से मोती, अच्छी नस्ल के घोड़े भारत जाते थे। वहीं भारत से मसाले, कपड़े, लकड़ी कुवैत आती थीं। कुवैत का मोती, भारत के लिए किसी हीरे से कम नहीं हैं। आज भारत की ज्वैलरी की पूरी दुनिया में धूम है तो इसमें कुवैत को मोतियों का योगदान है। गुजरात में तो हम बड़े-बुजुर्गों से सुनते आए हैं कि किस तरह कुवैत से भारत व्यापारी आया करते थे। 19वीं शताब्दी में ही यहां से व्यापारी सूरत जाने लगे थे। तब सूरत कुवैत के मोतियों के लिए इंटरनेशनल मार्केट हुआ करता था। कुवैती व्यापारियों ने गुजराती भाषा में अनेक किताबें भी पब्लिश की हैं। गुजरात के बाद कुवैत के व्यापारियों ने मुबंई और बाकी जगहों पर पहचान बनाई।

मोहाली में पांच मंजिला इमारत गिरी

कई लोगों के दबे होने की आशंका, डीजीपी मौके पर पहुंचे, महिला का शव बाहर निकाला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मोहाली

मोहाली में शनिवार शाम बड़ा हादसा हुआ है। मोहाली के सोहाना में एक पांच मंजिला इमारत गिर गई है। इमारत के गिरते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि मलबे के नीचे कई लोगों के दबे होने की आशंका है। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। राहत व बचाव का काम चल रहा है। वहीं कड़ी मशक्कत के बाद एनडीआरएफ की टीम ने एक महिला का शव मलबे के नीचे से निकाला है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार इमारत के साथ दूसरी इमारत की बेसमेंट का काम चल रहा था। बेसमेंट के लिए खुदाई की गई है। खुदाई किए जाने की वजह से इमारत की नींव हिल गई, जिससे बिल्डिंग भरभराकर गिर गई। इमारत में जिम खोले गए थे। बताया जा रहा है कि मलबे के नीचे 10 से 15 लोगों के दबे होने की सूचना है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव भी घटना स्थल पर पहुंचे हैं। वह स्थिति का जायजा ले रहे हैं। एनडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। मौके पर लोगों की खासी भीड़ लग गई है। पुलिस की तरफ से लोगों को आगे जाने से रोका गया है। घटना की सूचना मिलते ही मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे हैं। कुलवंत सिंह का कहना है कि अभी राहत व बचाव का कार्य चल रहा है। एनडीआरएफ की टीमों को बुलाया गया है। वहीं पुलिस प्रशासन की तरफ से भी बचाव कार्य चलाया जा रहा है। घटना स्थल पर जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाया जा रहा है।

दोषियों पर करेंगे कार्रवाई: सीएम

साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) के सोहाना के पास एक बहुमंजिला इमारत के हादसे का दुखद समाचार मिला है। पूरा प्रशासन और अन्य बचाव कार्यों वाली टीमें मौके पर तैनात हैं। मैं प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूं। प्रार्थना करते हैं कि कोई जान-माल का नुकसान ना हुआ हो, दोषियों पर कार्रवाई भी करेंगे। लोगों से अपील है कि प्रशासन का सहयोग करें।

क्रिसमस मार्केट हमले में बढ़ी मृतकों की संख्या

जर्मनी में अब तक पांच लोगों की मौत, 200 लोग घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जर्मनी

जर्मनी में एक सऊदी डॉक्टर की तरफ से क्रिसमस मार्केट में गाड़ी से रौंदने के हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है और 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। शुक्रवार की शाम को हुए इस हमले के बाद हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में जर्मनी के राज्यपाल रेनर हेजलॉफ ने बताया कि मृतकों की संख्या दो से बढ़कर पांच हो गई है और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि इनमें से लगभग 40 लोग गंभीर रूप से घायल हैं और उनकी स्थिति चिंताजनक है।

लोगों ने मोमबत्ती जलाकर फूल चढ़ाकर दी श्रद्धांजलि

वहीं इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चर्च के बाहर मोमबत्तियां जलाकर और फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। कई लोग वहां रोते हुए देखे गए। 2016 में एक क्रिसमस मार्केट पर हुए हमले के गवाह बने बर्लिन के एक चर्च कोयर ने %अमेजिंग ग्रेस% भजन गाकर अपनी प्रार्थना की। आठ साल पहले बर्लिन में एक इस्लामी चरमपंथी ने ट्रक से क्रिसमस मार्केट पर हमला किया था, जिसमें 13 लोगों की मौत हुई थी।

हमले के पीछे की वजह हो रही जांच

जर्मन मीडिया ने आरोपी का नाम तालिब ए. बताया है, वह मनोचिकित्सा और मनोचिकित्सकीय उपचार का विशेषज्ञ है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आरोपी ने यह हमला क्यों किया। खुद को पूर्व मुस्लिम बताने वाले इस व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर इस्लाम-विरोधी पोस्ट शेयर किए थे और इस्लाम छोड़ने वालों का समर्थन किया था। उसने जर्मन अधिकारियों पर यूरोप में इस्लामीकरण के खिलाफ पर्याप्त कदम न उठाने का भी आरोप लगाया। वहीं वियतनाम से आईं एक महिला ने बताया कि हमले के दौरान उन्होंने तेज आवाज सुनी और एक कार को तेजी से क्रिसमस मार्केट में घुसते हुए देखा। बता दें कि, क्रिसमस मार्केट जर्मनी की सदियों पुरानी परंपरा है, जो दुनियाभर में प्रसिद्ध है। मागदेबर्ग शहर की आबादी लगभग 2.4 लाख है और यह सैक्सनी-अन्हाल्ट की राजधानी है।

डिप्टी रजिस्ट्रार गाजियाबाद के फैसलों से नागरिक नाखुश

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

डिप्टी रजिस्ट्रार का फैसला सोसायटी ओर एओए में। विवाद का कारण बन रहा है। कई विवादित मामलों में न्यायालय ने भी डिप्टी रजिस्ट्रार के फसलों को रद्द किया है और कुछ मामलों में स्थगन आदेश तक जारी किया है। ऐसा आरोप गाजियाबाद के वसुंधरा क्षेत्र की आवास विकास परिषद द्वारा निर्मित शिखर एनक्लेव के निवासियों ने लगाया है। सोसायटी संचालकों की माने तो सोसायटी के बड़े बकाएदार जिसको आवास विकास परिषद तक से मेंटिनेंस जमा कराए जाने की नोटिस जारी है , उसके शिकायत पर शिखर एनक्लेव सोसायटी को कालातीत करके सोसायटी के सभी खर्चों पर रोक लगा दिया है। जिससे सोसायटी की व्यवस्था प्रभावित हुई है। सोसायटी कालातीत होने के बाद सोसायटी पुनर्गठन के लिए गणना जिला गन्ना अधिकारी के नेतृत्व में 3 दिसंबर 2024 तक अंतिम आदेश दे दिया । जबकि इसके संबंध जिला गन्ना अधिकारी पेराई सत्र की बात दोहराते हुए अपनी असमर्थता व्यक्त करते हुए किसी अन्य अधिकारी को नामित करने की बात कहते हुए जिलाधिकारी गाजियाबाद तक को सूचित कर दिया। इसके बाद भी डिप्टी रजिस्ट्रार गाजियाबाद द्वारा गन्ना अधिकारी गाजियाबाद को 19 दिसम्बर तक चुनाव कराने का रिमांइडर जारी कर दिया। डिप्टी रजिस्ट्रार के इस कदम से नागरिकों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय में किया है। अब देखना है कि कालातीत सोसायटी कबतक गठित हो पाती है।

उत्तर प्रदेश पुलिस: नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेकिन कर्मचारियों की सुध का इंतजार



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

जब कड़ाके की ठंड में ठंडी हवाएं हमारे घरों की खिड़कियों को थपथपाती हैं, तब ट्रैफ़िक पुलिस के साथ सुरक्षा और शांति व्यवस्था में लगे जवान खुले आसमान के नीचे जनता की चैन की नींद में। खलल ना पड़े ड्यूटी निभाते हैं। उनकी मजबूरी नहीं, बल्कि देश के प्रति उनका कर्तव्य उन्हें काम करने के लिए प्रेरित करता है। सर्दी में कड़कड़ाती ठंड या बर्फीली हवाएं या फिर ठिठुरता शरीर भी उनके हौसले को नहीं डिगा पाते। पारिवारिक विवशता कहे अथवा नौकरी की जिम्मेदारी कार्य तो करना पड़ता है। यहां हम अन्य वर्ग के नौकरी पेशा के कार्य की बात नहीं कर रहे हमें पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी और उनको मिलने वाली सरकारी व्यवस्था की बात कहना चाहते हैं। यातायात नियमों का पालन कराने की बात हो या कोई घटना दुर्घटना के बाद पुलिस की ड्यूटी को याद करने का वक्त उसे हम उनकी जिम्मेदारी तो मान लेते हैं लेकिन क्या कभी मानवीय दृष्टिकोण से किसी ने सोचा समझा। आपकी सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है तो क्या पुलिस कर्मचारियों की सुरक्षा शासन और पुलिस के उच्चाधिकारियों की प्राथमिकता नहीं होनी चाहिए। पुलिसकर्मी अथवा थानास्तर के अधिकारी चाहकर भी अनुशासन और शासन की व्यवस्था में अपनी मांग नहीं रख सकता। जिसके कारण आलाअधिकारी भी कम ही ध्यान अपने महत्वपूर्ण अंग के लिए कुछ सोच पाते हैं ,या कहे सोचने के बाद भी सरकारी आर्थिक बोझ के नाम पर कही किरकिरी ना हो पहल करने तक से बचते हैं। जिसका खामियाजा नीचे स्तर के कमर्चारियों को उठाना पड़ता है। सर्दियों का मौसम पुलिसकर्मियों के लिए चुनौतियों से भरा होता है। ड्यूटी के दौरान उन्हें लंबी अवधि तक खुले में खड़े रहना पड़ता है या ठंड के मौसम में मैदान में दौड़ना पड़ता है। ये परिस्थितियाँ उनके स्वास्थ्य और कार्यक्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। जिस पर गहराई से ध्यान देने की जरूरत है।

नागरिक संगठनों और सामाजिक जिम्मेदारी की पहल

पुलिसकर्मी समाज की सुरक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं। ठंड के मौसम में उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। जिसमें सामाजिक सहयोग और आरडब्ल्यूए को आगे बढ़कर उनके लिए भी कुछ करने जरूरत है । प्रशासन को जहां उनके गर्म कपड़ों, विश्राम स्थलों, और नियमित स्वास्थ्य देखभाल जैसे कदम उठाने की पहल करनी चाहिए । जिससे पहल और उचित संसाधनों की मदद से पुलिसकर्मियों को ठंड के दुष्प्रभावों से बचाया जा सकता है, जिससे वे समाज की बेहतर सेवा कर सकें। जगह जगह अलावा की व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन दिल्ली एनसीआर की प्रदूषण की मार से नगर निगम अथवा अन्य प्रशासनिक विभाग यह नहीं कर सकता । फिर प्रमुख चौराहों अथवा संदिग्ध स्थलों पर जहां पुलिस की तैनाती हो वहां अस्थाई पारदर्शी शीशे युक्त केबिन बनाए जाय। इसके साथ ही पेट्रोलिंग गाड़ियों के साथ प्राथमिक उपचार की दवाएं भी रखी जाए जिससे किसी जरूरतमंद को जरूरत हो तो ले सके ।

ठंड में खड़े रहने और दौड़ने से होने वाली समस्याएँ

शारीरिक समस्याएँ

हाइपोथर्मिया: ट्रैफिक पुलिस के साथ सुरक्षा अथवा शांति व्यवस्था , चेकिंग इत्यादि में लगे पुलिसकर्मी अत्यधिक ठंड में लंबे समय तक खड़े रहने से शरीर का तापमान कम हो सकता है, जिससे हाइपोथर्मिया होने का खतरा रहता है।

फॉस्टबाइट: भले जैकेट से शरीर को ढका जा सकता है उसके बाद भी चौकन्ने रहने के किए खुले अंग जैसे हाथ और पैर ठंड से सुन्न हो सकते हैं, जिससे फॉस्टबाइट का खतरा होता है।

मांसपेशियों और जोड़ों का दर्द: ठंड में स्थिर खड़े रहने से मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द और अकड़न हो सकती है। जिससे शारीरिक पीड़ा बढ़ सकती है ।

सांस संबंधी रोग: ठंडी हवा के संपर्क में आने से सर्दी, खांसी, जुकाम और अस्थमा जैसी सांस संबंधी समस्याएँ बढ़ सकती हैं। दिल्ली एनसीआर की हवा का प्रदूषण का बढ़ता स्तर इनके स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध होता है।

मानसिक समस्याएँ

- लंबे समय तक ठंड में खड़े रहने से मानसिक तनाव और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है। जिसका असर परिवार और कार्य दोनों पर पड़ता है।
- नींद की कमी और आराम न मिलने से मानसिक थकावट हो सकती है। लगातार अनियमित ड्यूटी ऐसे समस्याओं की जड़ बनती है।

कार्यक्षमता पर प्रभाव

- ठंड से शरीर की ऊर्जा कम हो जाती है, जिससे ध्यान केंद्रित करने और तुरंत प्रतिक्रिया देने की क्षमता प्रभावित होती है।
- ठंड में दौड़ने से हृदय और फेफड़ों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे कार्य करने की क्षमता घट सकती है।

स्वास्थ्य से जुड़ी प्रमुख समस्याएँ

- पुलिसकर्मी ठंड में निम्नलिखित स्वास्थ्य समस्याओं से प्रभावित होते हैं जिसमें
- **श्वसन तंत्र की समस्याएँ:** ठंडे वातावरण में लंबे समय तक रहने से निमोनिया, ब्रोंकाइटिस, और गले की खराश जैसी समस्याएँ हो सकती हैं।
- **हृदय संबंधी समस्याएँ:** ठंड में अचानक दौड़ने या शारीरिक परिश्रम करने से हृदय पर अधिक दबाव पड़ता है, जो हृदय रोगों का कारण बन सकता है।
- **त्वचा संबंधी रोग:** सूखी और ठंडी हवा के कारण त्वचा में जलन, खुजली और दरारें पड़ सकती हैं।

मांसपेशियों और हड्डियों की समस्याएँ: ठंडे मौसम में शरीर के जोड़ों में अकड़न बढ़ जाती है, जिससे गठिया और मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या हो सकती है।

पुलिसकर्मियों की ठंड से सुरक्षा के उपाय

ठंड के मौसम में पुलिसकर्मियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन को निम्नलिखित कदम उठाने चाहिए जिसमें

गर्म कपड़ों की व्यवस्था

- ठंड से बचाव के लिए बेहतर गुणवत्ता वाले गर्म जैकेट, दस्ताने, टोपी और थर्मल कपड़ों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। बंद लाइट मोटर वाहन अगर संभव हो तो पेट्रोलिंग में लगाए जाने चाहिए ।
- वॉटरप्रूफ और इंसुलेटेड जूते के साथ साथ हाथों के3 लिए दस्ताने और आंखो की सुरक्षा के लिए पारदर्शी फेसकवर उपलब्ध कराए जाएँ।

विश्राम स्थलों की व्यवस्था

- पुलिस चौकियों और बीत सहित अन्य ड्यूटी स्थानों पर पोर्टेबल अत्याधुनिक हीटर और गर्माहट प्रदान करने वाले उपकरण लगाए जाएँ।
- ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों को नियमित अंतराल पर गर्म पेय और आराम करने के लिए समय दिया जाए।

स्वास्थ्य परीक्षण और देखभाल

- नियमित स्वास्थ्य जांच और ठंड के प्रभाव को देखते हुए विशेष स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँ।
- ठंड से संबंधित बीमारियों का इलाज सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा शिविर थाने स्तर पर लगाए जाएँ । जिसमें जांच की व्यवस्था मौके पर ही हो सके । इसके बाद भी जांच रिपोर्ट के बाद कमियां होने पर उचित परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई जाए । कैंप केवल दिखावा नहीं साबित हो ।

दैनिक के रोस्टर ड्यूटी में बदलाव

- लंबे समय तक एक ही स्थान पर खड़े रहने से बचाने के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी को शिफ्ट में बांटा जाए।
- ठंड में शारीरिक परिश्रम से बचाने के लिए जरूरत के अनुसार फील्ड ड्यूटी में कटौती की जाए। रोस्टर में बराबर बदलाव करके भी शारीरिक आराम प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाय।

मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान

- पुलिसकर्मियों के लिए काउंसलिंग और मानसिक स्वास्थ्य सहायता सेवाएँ प्रदान की जाएँ। लगातार इसके लिए वेलफेयर के कार्यक्रम आयोजित किए जाए। जिसमें उनकी सहभागिता अनिवार्य किया जाय।
- ठंड में काम करने से उत्पन्न तनाव को कम करने के लिए प्रेरणात्मक सत्र आयोजित किए जाएँ। जो कि मानसिक तनाव की मुक्ति के लिए जो बेहद आवश्यक है।

सुरक्षा उपकरणों की आपूर्ति

- पुलिसकर्मियों को पोर्टेबल हीटर, इंसुलेटेड वाटर बॉटल्स, और प्राथमिक चिकित्सा किट दी जाए। जिससे कभी वक्त बेवक्त यह अपनी अथवा राजगीरों तक की मदद कर सके।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)